फाल्गुन शुक्ल पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 19 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -54, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



उत्तरी गोलार्ध में अब लंबे होने शुरू होंगे दिन 16
नौ महीने के लीप के साथ काव्या का नया रूप 15




## एक नजर

### प्रभा वर्मा को 2023 का सरस्वती सम्मान

**नई दिल्ली।** प्रख्यात साहित्यकार प्रभा वर्मा को उनकी मलयाली काव्यकृति 'रौद्र सात्विकम्' के लिए 2023 का प्रतिष्ठित सरस्वती सम्मान प्रदान किया जाएगा। सम्मान प्रदान करने वाली संस्था केके. बिड़ला फाउंडेशन ने सोमवार को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एके. सीकरी की अध्यक्षता वाली 13 सदस्यीय चयन परिषद ने 'रौद्र सात्विकम्' का चयन किया। यह सम्मान प्रतिवर्ष किसी भारतीय नागरिक की ऐसी उत्कृष्ट साहित्यिक कृति को दिया जाता है, जो भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लिखित किसी भी भारतीय भाषा में सम्मान वर्ष से ठीक पहले की 10 वर्ष की अवधि में प्रकाशित हुई हो। सम्मान के तहत 15 लाख रुपये की पुरस्कार राशि के साथ एक प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट किया जाता है।

### ईमेल खाता ब्लॉक करने पर गूगल को नोटिस भेजा

**अहमदाबाद।** गूगल ड्राइव पर बचपन की एक निर्वस्त्र तस्वीर अपलोड करना एक व्यक्ति को इतना भारी पड़ा कि वह एक साल से अपने ईमेल खाते को खोल नहीं सका है और उसे आखिरकार गुजरात उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। उच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से बाल शोषण के लिए याचिकाकर्ता के ईमेल खाते को ब्लॉक करने को लेकर गूगल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को एक नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता ने गूगल ड्राइव पर अपनी एक तस्वीर अपलोड की थी जिसमें उसकी दादी उसे नहलाते हुए दिख रही हैं। यह तस्वीर तब की है जब वह दो साल का था। न्यायमूर्ति वैभवी डी नानावती की अदालत ने 15 मार्च को गूगल, केंद्र तथा राज्य सरकारों को नोटिस जारी कर उनसे 26 मार्च तक जवाब देने को कहा है।

### अंतरराज्यीय एटीएम डकैत मुस्ताक गिरफ्तार

**अलवर।** राजस्थान सहित अनेक राज्यों में एटीएम लूट और डकैती आदि के करीब आधा दर्जन से अधिक मामलों में आरोपी मुस्ताक उर्फ कन्नड़ मेव को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा द्वारा चलाए जा रहे वांछित आरोपियों की धर पकड़ अभियान के अंतर्गत मुस्ताक उर्फ कन्नड़ (26) को उसके गांव करोली जागीर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी थाना चंदवाजी जिला जयपुर ग्रामीण के 21 लाख रुपये कि एटीएम डकैती के प्रकरण में वांछित है।

### तेलंगाना की राज्यपाल ने दिया इस्तीफा

**हैदराबाद/पुडुचेरी।** तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राजभवन ने सोमवार को यह जानकारी दी। सौंदरराजन पुडुचेरी के उपराज्यपाल का पद भी संभाल रही थीं। उन्होंने अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को भेज दिया है।



**आज बिरज में होरी रे...** बरसाना में सोमवार को लठमार होली का लाखों लोगों ने आनंद लिया। नंदगांव के हुरियार बरसाने की गोपियों के साथ होली खेलने पहुंचे तो उनका स्वागत ठंडाई, भांग आदि से किया गया। हुरियारों ने गोपियों पर रंग-गुलाल डाले और ठिठोली शुरू की तो गोपियों ने लाठियों से प्रतिकार किया। हंसी-ठिठोली के बीच घंटों चली इस होली में रसिया गायन पर दूर-दूर से आए लोग थिरक उठे।

# पीएसी के दो पूर्व आरक्षियों को उम्रकैद

**रामपुर तिराहा कांड**

- विशेष अदालत ने दोषियों पर 50-50 हजार का जुर्माना भी लगाया
- 15 मार्च को दोषी करार देने के बाद कोर्ट ने सुरक्षित रखा था निर्णय

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

मुजफ्फरनगर की एक विशेष अदालत ने करीब 30 वर्ष पहले उत्तराखंड को अलग राज्य बनाये जाने की मांग कर रही महिला आंदोलनकारियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म के जुर्म में सोमवार को पीएसी (प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी) के दो पूर्व सिपाहियों (आरक्षी) को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अभियोजन अधिकारी (सीबीआई) धारा सिंह ने बताया कि विशेष सीबीआई न्यायाधीश शक्ति सिंह ने दो पूर्व पीएसी कांस्टेबल मिलाप सिंह और वीरेंद्र प्रताप पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने दोनों को सामूहिक दुष्कर्म समेत भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत दोषी ठहराया था। रामपुर तिराहा पुलिस गोलीबारी मामले में विशेष सीबीआई अदालत ने दो पूर्व पीएसी कांस्टेबल को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी, जिन पर 1994 में पृथक उत्तराखंड की मांग करने वाली महिला कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक बलात्कार के मामले में सुनवाई चल रही थी। अदालत ने 15 मार्च को ही आरोपियों को दोषी करार दिया था और सजा के विषय पर 18 मार्च तक अपना आदेश सुरक्षित रखा था। सिंह के अनुसार इस मामले में सीबीआई ने 15 गवाहों को पेश किया है, जिनमें एक 75 वर्षीय पीड़ित महिला, एक पूर्व गृह सचिव दीप्ति विलास भी शामिल हैं। फैसला देते हुए अपर जिला न्यायाधीश शक्ति सिंह ने लिखा कि महिला आंदोलनकारी के साथ बर्बरता और अमानवीय व्यवहार किया गया है। यह अपराध पूरी मानवता को शर्मसार कर देने वाला है।

### दो अक्टूबर 1994 को हुई थी घटना

दो अक्टूबर 1994 को अलग उत्तराखंड राज्य की मांग के समर्थन में आंदोलनकारी बसों से ऋषिकेश से दिल्ली जा रहे थे। इस दौरान आंदोलनकारी रात को जब मुजफ्फरनगर जिले के रामपुर तिराहा पर पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। जब आंदोलनकारी नहीं माने तो पुलिसकर्मियों ने गोलीबारी की। उस दौरान उत्तराखंड के सात कार्यकर्ताओं की मौत हो गयी तथा महिला कार्यकर्ताओं के साथ बलात्कार किया गया। इस मामले में दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों पर गंभीर धाराओं के साथ ही सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था।

# उप्र समेत 6 राज्यों के गृह सचिव और बंगाल के डीजीपी हटाए गए

## आचार संहिता लागू होने के बाद निर्वाचन आयोग ने की पहली बड़ी कार्रवाई

- विवेक सहाय बनाए गए पश्चिम बंगाल के नए पुलिस महानिदेशक

नई दिल्ली, ब्यूरो

**अमृत विचार:** आचार संहिता लागू होने के बाद सोमवार को निर्वाचन आयोग ने 8 राज्यों पर कड़ी कार्रवाई की है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर आयोग ने सोमवार को एक बैठक बुलाई थी जिसके तत्काल बाद उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, हिमाचल, झारखंड एवं बिहार के गृह सचिवों को हटा दिया गया। पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक, महाराष्ट्र एवं मिजोरम के एक-एक आईएएस अधिकारी को भी हटाया गया है। निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को विवेक सहाय को राज्य का नया डीजीपी नियुक्त किया है।

1989 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कुमार उस समय चर्चा में आए थे जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके समर्थन में धरना दिया था। कुमार के विरुद्ध प्राप्त शिकायत में आयोग ने पाया है कि वह आईजी के पद पर रहते हुए डीजीपी के पद की जिम्मेदारी भी निभा रहे थे। उत्तर प्रदेश में 1995 बैच के आईएएस अधिकारी संजय प्रसाद के पास इस समय प्रमुख सचिव गृह के अलावा प्रमुख सचिव सूचना एवं कुछ अन्य जिम्मेदारियां भी थीं। उत्तराखंड में शैलेश बगौली के पास भी गृह सचिव के अलावा अन्य विभाग भी थे। गुजरात में पंकज जोशी मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव हैं। उनके पास गृह सचिव की भी जिम्मेदारी थी। उनकी जगह एके राकेश को गृह सचिव बनाया गया है। बिहार में एस.सिद्धार्थ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रधान सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव भी हैं। उन्हें भी गृह सचिव पद से हटा दिया गया है। झारखंड में अरवा राजकमल के पास गृह सचिव के अलावा मुख्यमंत्री के सचिव व तीन अतिरिक्त पदों की जिम्मेदारी थी। हिमाचल में अभिषेक जैन मुख्यमंत्री के भी सचिव थे। महाराष्ट्र में इकबाल सिंह चहल को मुंबई नगर निगम के आयुक्त पद से हटा दिया गया है।

### आम जनता भी कर सकती है शिकायत : राजीव कुमार



मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि यदि देश भर में कहीं भी आचार संहिता का उल्लंघन होता है तो आम जनता भी उसकी शिकायत चुनाव आयोग से कर सकती है। शिकायत मिलने के डेढ़ घंटे के अंदर कार्रवाई की जाएगी। कुमार के मुताबिक निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव कराने के लिए आयोग ने आम जनता को भी हिस्सेदार बनाया है और एक ऐप विकसित किया गया है। जिसकी जानकारी निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से ली जा सकती है। शिकायतों के निपटारे के लिए निर्वाचन आयोग एवं राज्यों में कंट्रोल रूम खोला गया है।

### प्रमुख सचिव गृह के बाद निशाने पर कई शीर्ष अधिकारी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री के सबसे करीबी शीर्ष अधिकारी प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद पर चुनाव आयोग की कार्रवाई से शीर्ष अधिकारी सतर्क हो गए हैं। प्रदेश के कई शीर्ष अधिकारियों की भूमिका पर विपक्ष ने चुनाव आयोग से शिकायत कर रखी है। सूत्रों के मुताबिक संजय प्रसाद को हटाए जाने के बाद अफरशाही में हलचल मची हुई है। उनकी जगह कौन लेगा, इसके लिए केंद्रीय चुनाव आयोग ने प्रदेश के मुख्य सचिव से तीन नाम मांगे हैं। पुलिस महानिदेशक को लेकर भी चर्चाएं चल रही हैं। जिलों के कुछ अधिकारियों की शिकायतों पर जांच हो रही है। प्रदेश के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा ने बताया कि प्रमुख सचिव गृह को लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग से उनके कार्यालय को कोई पत्र या सूचना नहीं आई है।

# डूंगरपुर मामले में आजम खां को 7 साल की सजा, 8 लाख जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



- रिटायर्ड सीओ, ठेकेदार और पूर्व पालिकाध्यक्ष को पांच-पांच साल की सजा

**अमृत विचार :** डूंगरपुर प्रकरण के एक मामले में कोर्ट ने सोमवार को सपा नेता आजम खां को सात साल की सजा सुनाई है। इनके अलावा तीन अन्य दोषियों को पांच-पांच की साल सजा हुई है। अदालत ने तीनों पर साढ़े तीन लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। शनिवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने मामले में आजम खां, रिटायर्ड सीओ आले हसन, ठेकेदार बरकत अली व पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां को दोषी करार दिया था। लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया के बीच आजम खां को सजा होने से समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है।

गंज थाना क्षेत्र में डूंगरपुर बस्ती को तीन फरवरी 2016 में खाली कराए जाने के आरोप में 2019 में 12 मामले दर्ज हुए थे। ये सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों ने दर्ज कराए थे। इनमें से 25 जुलाई 2019 को एहतेशाम ने भी एक मामला दर्ज कराया था जिसमें 25,000 रुपये लूटने और मकान पर बुलडोजर चलवाने का आरोप लगाया था। आजम खां को आपराधिक षड़यंत्र रचने का आरोपी बनाया था। अन्य के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, धमकाने व डकैती के गंभीर आरोप लगाए थे। कुल सात लोग आरोपी थे। इस मामले में सपा के प्रदेश सचिव ओमेंद्र सिंह चौहान, जिबरान नासिर, फरमान नासिर साक्ष्यों के अभाव में बरी हो गए थे। सजा के फैसले के दौरान आजम खां सीतापुर जेल से वीडियो कॉफ्रेंस के जरिये सुनवाई में शामिल हुए। अजहर खां, बरकत अली, आलेहसन खां की भी वीसी के जरिये कोर्ट में पेशी हुई। एडीजीसी कुमार सौरभ ने बताया कि आजम खां को सात साल की सजा, रिटायर्ड सीओ आलेसहन, बरकत अली और पूर्व पालिका चेयरमैन को पांच-पांच साल की सजा सुनाई गई है।

### इन धाराओं में हुई सजा

आजम खां को धारा 452 में सात साल की सजा, पांच लाख का जुर्माना, धारा 427 में दो साल की सजा, एक लाख का जुर्माना, 504 में दो साल की सजा एक लाख का जुर्माना, धारा 506 में दो साल की सजा, एक लाख का जुर्माना लगा है। आले हसन, बरकत अली और अजहर खां सहित प्रत्येक को धारा 452 में पांच साल की सजा, दो लाख का जुर्माना, धारा 427 में एक साल की सजा, 50 हजार का जुर्माना, धारा 504 में एक साल की सजा, 50 हजार का जुर्माना, धारा 506 एक साल की सजा, 50 हजार का जुर्माना लगा है।

### 11 गवाहों ने दर्ज कराए बयान

डूंगरपुर के मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 11 गवाहों ने बयान दर्ज कराए गए थे। जबकि इन 11 गवाहों में से सात गवाह सरकारी कर्मचारी थे। बाकी एक वादी और अन्य गवाह थे। मामले में आजम खां के खिलाफ 12 मार्च 2021 को चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गई थी, जबकि अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट 6 अक्टूबर 2021 को दी गई थी।

# सत्येंद्र जैन की बेल अर्जी खारिज तिहाड़ जेल लौटे

नई दिल्ली, एजेंसी



- 26 मई 2023 से मेडिकल आधार पर चल रहे थे जमानत पर

दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) नेता सत्येन्द्र जैन धनशोधन मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियमित जमानत याचिका खारिज किये जाने के कुछ ही घंटे बाद तिहाड़ जेल लौट आए। एक जेल अधिकारी ने कहा कि जैन शाम को तिहाड़ जेल पहुंचे। उन्हें जेल में रखने की औपचारिक प्रक्रिया जारी है। जैन जेल में आत्मसमर्पण करने के लिए शाम करीब छह बजे उत्तर पश्चिम दिल्ली के सरस्वती विहार स्थित अपने आवास से निकले। शीर्ष अदालत ने जैन के वकील के उस मौखिक अनुरोध को खारिज कर दिया, जिसमें उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए एक सप्ताह का समय देने का अनुरोध किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 17 जनवरी को जैन की नियमित जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शीर्ष अदालत ने 26 मई, 2023 को जैन को चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत दी थी और इसे कई बार बढ़ाया गया।

# एसबीआई 21 तक दे चुनावी बॉण्ड से संबंधित जानकारियां : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



- कोर्ट ने लगाई फटकार, मामले में चुनिंदा रवैया नहीं अपनाने को कहा

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तीसरी बार भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को फटकार लगाते हुए उसे चुनिंदा रवैया न अपनाने और 21 मार्च तक चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित सभी जानकारियों का पूरी तरह खुलासा करने को कहा। उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बॉण्ड से संबंधित सभी जानकारियों का खुलासा करने को कहा जिसमें विशिष्ट बॉण्ड संख्याएं भी शामिल हैं जिससे खरीददार और प्राप्तकर्ता राजनीतिक दल के बीच राजनीतिक संबंध का खुलासा होगा। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय पीठ ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि एसबीआई को बॉण्ड की सभी जानकारियों का पूरी तरह खुलासा करना होगा। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग एसबीआई से जानकारियां मिलने के बाद अपनी वेबसाइट पर तुरंत इन्हें अपलोड करे। पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए केंद्र की चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था और इसे असंवैधानिक करार देते हुए निर्वाचन आयोग को चंदा देने वालों, चंदे के रूप में दी गई राशि और प्राप्तकर्ताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था।

# ईडी के समक्ष पूछताछ को पेश नहीं हुए केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी



- जल बोर्ड मामले में दिए गए समन को बताया गैरकानूनी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर सोमवार को उसके सामने पेश नहीं हुए। वहीं आम आदमी पार्टी (आप) ने समन को गैरकानूनी बताया और केंद्र की भाजपा सरकार पर केजरीवाल को निशाना बनाने और उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए ईडी का इस्तेमाल करने आरोप लगाया। पार्टी ने आरोप लगाया कि समन अवैध है। भाजपा ईडी का इस्तेमाल करके लोकसभा चुनाव लड़ना चाहती है। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पलटवार करते हुए कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने ईडी के समन पर बार-बार पेश नहीं होकर अपना सम्मान गंवा दिया है और आरोप लगाया है कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में घोटाला हुआ है।

# कैंसर की नकली दवा मामला : दिल्ली एनसीआर में 10 स्थानों पर ईडी के छापे

**12 आरोपी गिरफ्तार, 65 लाख की नगदी बरामद**

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कैंसर की नकली दवाओं का उत्पादन और बिक्री करने वाले गिरोह से जुड़े धनशोधन मामले के तहत दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में 10 स्थानों पर सोमवार को छापेमारी की और 65 लाख रुपये नकद बरामद किए। अवैध दवा व्यापार के सिलसिले में पुलिस ने आईआईटी-बीएचयू से स्नातक एक व्यक्ति और एक प्रतिष्ठित निजी अस्पताल के पूर्व कर्मी समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने कैंसर और कीमोथेरेपी दवाओं के उत्पादन और उनकी दिल्ली-एनसीआर के कुछ अस्पतालों में बिक्री में शामिल एक संगठित आपराधिक गिरोह की जांच के लिए मामला दर्ज किया है।

ईडी ने इसी मामले का संज्ञान लेते हुए धनशोधन का मामला दर्ज किया। सोमवार को विफिल जैन, सूरज शत, नीरज चौहान, परवेज मलिक, कोमल तिवारी, अभिनय और तुषार चौहान समेत मुख्य संदिग्धों और उनके सहयोगियों के परिसरों पर छापे मारे गए।

### कैंसर विशेषज्ञ बोले-यह गंभीर चिंता का विषय



शीर्ष कैंसर विशेषज्ञों सहित चिकित्सा पेशेवरों ने इस घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त की है और इस कृत्य को अक्षम्य अपराध बताया है क्योंकि ये नकली दवाएं असाध्य बीमारी से जूझ रहे रोगियों को दी गई। आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की कई धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं, जिनमें दवाओं में मिलावट, नकली दवाओं की बिक्री, धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश से संबंधित अपराध शामिल हैं।

# ईडी ने अटैच कीं पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी की 12 संपत्तियां

**लखनऊ।** मनी लांड्रिंग के आरोपों में घिरे पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी 12 संपत्तियों को अटैच कर दिया जिसकी कुल कीमत पौने 31 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इनमें व्यावसायिक भूमि, रिहायशी मकान और खेत भी शामिल हैं। ईडी द्वारा एक्स पर शेयर की गई जानकारी में बताया गया कि लखनऊ, गोरखपुर और नोएडा में गंगोत्री इंटरप्राइजेज के प्रमोटर्स, डायरेक्टर्स की संपत्तियों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जब्त किया है। ईडी ने विनय शंकर तिवारी, उनकी पत्नी रीता तिवारी और अजीत पांडेय की संपत्तियों को मनी लांड्रिंग के आरोप में अटैच किया है।

**राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर दी जानकारी**

# लोस में 95 और विस में 40 लाख खर्च की सीमा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी अधिकतम 95 लाख व विधानसभा के प्रत्याशी अधिकतम 40 लाख रुपये खर्च कर सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सोमवार को राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर उन्हें यह जानकारी दी। इसके साथ ही, निर्वाचन आयोग के अन्य निर्देशों से भी अवगत कराया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रत्याशियों का 10 हजार से अधिक के सभी प्राप्ति व भुगतान बैंक के माध्यम से किया जाना है। प्रत्येक प्रत्याशियों को अपने निर्वाचन व्यय का समुचित लेखा-जोखा रखना होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राजनीतिक दलों द्वारा अधिसूचना जारी होने के सात दिनों के भीतर मुख्य निर्वाचन अधिकारी और भारत निर्वाचन आयोग को स्टार प्रचारकों की सूची उपलब्ध कराई जानी है। स्टार प्रचारक के निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित रैली या बैठक करने पर चुनावी खर्च संबंधित प्रत्याशी के खाते में जोड़ा जाएगा। प्रत्याशी रिटर्निंग आफिसर से अनुमति प्राप्त कर वाहनों को चुनाव प्रचार में उपयोग कर सकेंगे। शपथ पत्र में प्रत्याशी को अपने सोशल मीडिया अकाउंट, ई-मेल आईडी आदि सूचनाओं की जानकारी देनी होगी। चुनाव प्रचार के लिए रैली, जुलूस व सार्वजनिक बैठकों के लिए संबंधित रिटर्निंग आफिसर से अनुमति लेनी होगी। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को चुनाव परिणाम की घोषणा के 90 दिनों के भीतर अपने दल का निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित प्रारूप में भारत निर्वाचन आयोग के पास व अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास जमा करना होगा।

### आयोग के निर्देश

- 10 हजार से अधिक लेन-देन बैंक के माध्यम से
- निर्वाचन व्यय का समुचित रिकॉर्ड रखना होगा
- अधिसूचना के 7 दिनों में दें स्टार प्रचारकों की सूची
- प्रचार वाहन के लिए लें रिटर्निंग अफसर की मंजूरी
- सोशल मीडिया अकाउंट, मेल आईडी की दें सूचना

## एक नजर

### होली पर डॉक्टरों के अवकाश पर रोक

अमृत विचार,लखनऊ: होली त्योहार में चिकित्सकीय सेवाएं दुरुस्त रखने के लिए चिकित्सा संस्थानों, मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों में चिकित्सकों के अवकाश पर रोक लगा दी गई है। साथ ही इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे सक्रिय व पांच से 10 बेड अलग से आरक्षित रखने के लिए निर्देश दिए गए हैं।स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने निर्देश जारी करते हुए सोमवार को कहा कि अस्पतालों की इमरजेंसी में चिकित्सकों की अतिरिक्त टीमें लगाई जाएं। किसी भी स्थिति में इलाज के लिए पहुंचे मरीज को निराश न होना पड़े। साथ ही उन्होंने कहा कि कि होली पर केमिकल वाले रंगों की वजह से आंख, त्वचा संबंधी समस्या ज्यादा आती है। इसलिए इन औषधियों की विशेष व्यवस्था की जाए।

### स्टाफ नर्स का पदनाम बदला जाए

अमृत विचार,लखनऊ: चिकित्सा संस्थानों एवं मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत स्टाफ नर्स का पद नाम बदलने की मांग उठी है। विभिन्न संस्थान व स्वाशासी मेडिकल कॉलेज प्रशासन को ऑल इण्डिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन ने पत्र लिख कर स्टाफ नर्स का नाम बदलकर नर्सिंग ऑफिसर करने की मांग की है। ऑल इण्डिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग वर्मा ने बताया की केंद्र सरकार ने 2016 में ही स्टाफ नर्स का नाम बदल नर्सिंग ऑफिसर कर दिया था। लेकिन अभी भी एसजीपीजीआई, आरएमएल, केजीएमयू, सैफई समेत 14 स्वाशासी मेडिकल कॉलेजो ने नाम नहीं बदला है। अगर जल्द ही नाम नही बदला गया था तो फेडरेशन इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री से गुहार लगायेगा।

### जन प्रगति पार्टी ने तीन प्रत्याशी घोषित किए

अमृत विचार,लखनऊ: जन प्रगति पार्टी ने मोहनलालगंज से श्रीकांत, अमेठी से सुनील कुमार तिवारी और बाराबंकी से संगीता को लोक सभा प्रत्याशी बनाया है। पार्टी ने कहा कि पूरा विश्वास है कि हमारे प्रत्याशी लोकसभा चुनाव में अच्छा परिणाम हासिल करेंगे।

# साथी की हत्या से शिक्षकों में आक्रोश

## लखनऊ सहित कई जनपदों में ठप हुआ यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य



जुबिली इंटर कॉलेज के बाहर विरोध-प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार



राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मूल्यांकन कार्य छोड़ कर बाहर जातीं शिक्षिकाएं।

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार: मुजफ्फरनगर में सिपाही द्वारा शिक्षक की गोली मारकर की गई हत्या के बाद सोमवार माध्यमिक शिक्षकों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। नाराज शिक्षकों ने यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने से इनकार दिया और केंद्र से बाहर निकलकर धरना प्रदर्शन किया। राजधानी के राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में राजकीय शिक्षक संघ की ओर से मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार का ऐलान हुआ इसी को देखते हुए शहर के पांचों के केंद्रों पर मूल्यांकन रोक दिया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने पहले समझाने का प्रयास किया लेकिन शिक्षक नहीं माने और प्रदर्शन जारी रखा। राजकीय जुबिली कॉलेज सहित राजकीय निशातगंज, राजकीय बालिका विद्यालय विकास नगर, राजकीय बालिका विद्यालय गोमती नगर और हुसैनाबाद इंटर कॉलेज में मूल्यांकन कार्य किया जा रहा था लेकिन सोमवार को विरोध के चलते कॉपी नहीं चेक हो पाई।

**निदेशक ने सहायता के लिए शासन को भेजा पत्र :** यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का बहिष्कार के बीच शिक्षक के मौत के मामले में माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से निदेशक डॉ. महेन्द्र देव सहित सभी अधिकारियों ने दुख जताया और घटना की निंदा भी की। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा मृतक शिक्षक के परिवार को तात्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए शासन को पत्र भी भेजा गया है।

**जिलों में भी दिखा बहिष्कार का असर:** सोमवार को राजधानी के अलावा जिलों में भी मूल्यांकन के बहिष्कार का असर देखने को मिला। शिक्षकों ने अलग-अलग जिलों में जिलाधिकारियों को पत्र भेज कर शिक्षक के परिजनों को आर्थिक सहायत दिए जाने की मांग की है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री शिक्षक नेता राजेन्द्र तिवारी ने घटना को स्तब्ध कारी बताया। कहा कि मृतक शिक्षक के परिवार को एक करोड़ रुपए की सहायता दी जाए।

**शासन ने दिए 25 लाख:** माध्यमिक शिक्षा विभाग की सिफारिश पर मृतक शिक्षक के परिजन को शासन द्वारा 25 लाख की सहायता राशि दी गई है।



प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष डॉ. आरपी मिश्रा। अमृत विचार

### अच्छे व्यवहार वाले पुलिस कर्मियों की हो तैनाती

लखनऊ: शिक्षक की मौत के बाद माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डा. आरपी मिश्र प्रेस वार्ता कर अच्छे व्यवहार वाले पुलिस कर्मियों की तैनाती की मांग की। उन्होंने कहा कि मृतक परिवार को तत्काल एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि का भुगतान किया जाय तथा उनके परिजन को राजकीय सेवा में लेते हुए मृतक के सेवाकाल तक पूर्ण वेतन का भुगतान एवं अन्य देय सुविधाएं भी दी जाये। डॉ. मिश्रा ने बताया कि रात में मुख्य आरक्षी चंद्र प्रकाश द्वारा नशे की हालत में तम्बाकू मांगे जाने का विरोध करने पर धर्मेन्द्र कुमार को सरकारी कारबाइन से गोली मार कर हत्या कर दी गयी। ये निंदनीय है।

▸▸ शासन से मृतक आश्रित को नौकरी व 1 करोड़ की सहायता राशि देने की मांग

### 13 जनपदों में 34 मूल्यांकन केंद्रों पर नहीं चेक हुईं कॉपियां

वहीं सचिव परिषद दिव्यकांत शुक्ला ने बताय कि प्रयागराज, शहाजहांपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद, बिजनौर, सीतापुर, लखीमपुर, कानपुर, हरदोई, रायबरेली, बनारस सहित कुल 13 जनपदों में मूल्यांकन कार्य प्रभावित हुआ है। सचिव ने कहा शिक्षक की इस तरह से हत्या हो जाना चौका देने वाली घटना है। लेकिन मूल्यांकन कार्य तो पूरा ही करना है ऐसे में सभी शिक्षकों से अपील की गई है कि कार्य न प्रभावित करें।

# लोक सभा चुनाव से पहले अत्याधुनिक हथियारों से लैस होगा यूपी एसएसएफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (यूपी एसएसएफ) को राज्य सरकार अत्याधुनिक हथियारों से लैस करने जा रही है। इसके लिए सरकार की ओर से 23 करोड़ से ज्यादा की धनराशि को प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति मिल गई है।

इस राशि से 31 मार्च तक की समयसीमा सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल, सब मशीन गन, असॉल्ट राइफल समेत अन्य हथियार एवं साजो सामान की खरीद के लिए तय की गई है। स्वीकृत बजट से अगर कोई धनराशि बचती है तो उससे कोई अन्य उपकरण, सेवाएं क्रय नहीं की जा सकेंगी।

▸▸ हथियार और आवश्यक साजो सामान की खरीदारी के लिए 23 करोड़ रुपये स्वीकृत

### पांच बटालियन सुरक्षा में तैनात

यूपीएसएसएफ का गठन सितंबर 2020 में प्रदेश के कोर्ट, प्रमुख धार्मिक स्थलों एवं प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए किया गया था। जून 2021 में यूपीएसएसएफ की पांच बटालियन गठित की गई थीं, जिनमें लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज, मथुरा व सहारनपुर की बटालियन शामिल हैं। यूपीएसएसएफ की प्रथम बटालियन लखनऊ में मेट्रो की सुरक्षा में भी तैनात है।

**465 ऑटोमैटिक पिस्टल समेत अन्य हथियारों की होगी खरीद:** जिन हथियारों और साजो सामान की खरीदारी की जानी है उनमें 465 ऑटोमैटिक पिस्टल, 1113 सब मशीन गन, 330 असॉल्ट राइफल, 500 बी आर जैकेट, 500 बी आर हेलमेट, 1714 पाली कार्बोनेट शील्ड और 2025 पाली कार्बोनेट लाठी शामिल हैं। निर्देशित किया गया है कि सभी हथियारों और साजो सामान गुणवत्तापूर्ण और उपयोगी होना चाहिए, जिससे की जवानों को कोई दिक्कत न हो।

# सूचना आयुक्तों के कार्यों का हुआ आवंटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: नवनियुक्त सूचना आयुक्त के कार्यों का बंटवारा कर दिया गया है। सूचना आयुक्त गिरिजेश कुमार चौधरी को लखनऊ मंडल व सुधीर कुमार सिंह को बरेली मंडल की जिम्मेदारी दी गई है। मुख्य सूचना आयुक्त राजकुमार विश्वकर्मा ने इसको लेकर आदेश जारी किया है।

आदेश के अनुसार सुधीर कुमार सिंह को बरेली मंडल के साथ चित्रकूट मंडल के भी जिम्मेदारी दी गई। इसी तरह अन्य सूचना आयुक्तों में डा. दिलीप कुमार अग्निहोत्री को कानपुर और बस्ती मंडल का प्रभार सौंपा गया है। पद्म नारायण द्विवेदी को वाराणसी और सहारनपुर मंडल, स्वतंत्र प्रकाश को फैजाबाद और देवीपाटन मंडल व मोहम्मद नदीम को प्रयागराज और मिर्जापुर मंडल की जिम्मेदारी दी गई है।

▸▸ गिरिजेश कुमार चौधरी को लखनऊ मंडल व सुधीर कुमार सिंह को बरेली की जिम्मेदारी

सूचना आयुक्त राजेन्द्र सिंह को गोरखपुर और झांसी मंडल, शकुंतला गौतम को मुरादाबाद और आजमगढ़ मंडल, राकेश कुमार को मेरठ मंडल व वीरेन्द्र प्रताप सिंह को आगरा और अलीगढ़ मंडल का प्रभार सौंपा गया है। मालूम हो कि पिछले दोनों इन सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की गई है। राज्य सूचना आयोग मे लोगों को समय पर सूचना उपलब्ध कराने की तैयारी शुरू हो गई है।

### चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंथन शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव को शांति पूर्वक संपन्न कराने लेकर पुलिस मुख्यालय में मंथन शुरू हो गया है। यूपी में चुनावों के दौरान कितनी फोर्स लगाई जाएगी। केंद्रीय फोर्स कितनी होगी, राज्य पुलिस कितनी होगी होगी, इसका लेखा-जोखा तैयार होना शुरू हो गया है। मंथन के बाद आयोग को मांगपत्र भेजा जाएगा। बताया जा रहा है कि इसी हफ्ते आयोग को सूचित कर दिया जाएगा कि यूपी में कितनी संख्या में सुरक्षा कर्मियों की जरूरत है। गौरतलब हो कि यूपी की पांच लोकसभा सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया कल से शुरू हो जाएगी। इसमें मुरादाबाद, रामपुर, सहारनपुर, कैराना, नगीना लोकसभा सीट शामिल है। बाकी सीटों के लिए नामांकन और मतदान की तिथियां भी निर्धारित हो चुकी है। ऐसी स्थिति में चरणवद्ध तरीके से सुरक्षा कर्मियों की तैनाती होनी है। अधिकारियों के मुताबिक कितनी फोर्स की मांग की गई है यह इसी हफ्ते स्पष्ट हो जाएगा। बैठकों में कई अन्य निर्णय भी लिए जाने हैं।

# गर्मी आते ही शुरू हुआ बिजली संकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश में बिजली संकट का सिलसिला शुरू हो गया है। राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न इलाकों में लोगों को बिजली की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। बिजली अभियंता आगामी गर्मी को लेकर मरम्मत कार्य के लिए बिजली बंद होने का तर्क दे रहे हैं। उनके अनुसार प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध है। गर्मी बढ़ने पर लोगों को निरंतर बिजली आपूर्ति हो सकेगी।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कुछ समय पहले प्रदेश में लोगों को समुचित बिजली उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। इस क्रम में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने भी वितरण निगमों को समय पर मरम्मत कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। बिजली आपूर्ति से जुड़े अधिकारियों को मरम्मत कार्य के दौरान कम से कम क्षेत्र व कम समय के लिए बिजली आपूर्ति बंद रखने के निर्देश दिए गए थे।

▸▸ लाइनों की मरम्मत के नाम पर हो रही घंटों बिजली कटौती

▸▸ प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्धः पावर कॉरपोरेशन

पर गर्मी शुरू होते ही राजधानी समेत प्रदेश के विभिन्न इलाकों में मरम्मत कार्य के नाम पर घंटों के लिए आपूर्ति बंद हो रही है। लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

कारपोरेशन के अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में वर्तमान में करीब 18000 मेगावाट बिजली की मांग हो रही है। मांग के अनुरूप प्रदेश में बिजली पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। सोमवार को बिजली की अधिकतम मांग 18187 मेगावाट व न्यूनतम मांग 12842 मेगावाट दर्ज हुई। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति से जुड़े अधिकारियों को बिजली मरम्मत कार्य के दौरान कम समय तक बिजली आपूर्ति बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# एक सप्ताह बाद भी मुरादाबाद के लिए नहीं शुरू हुई उड़ान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: उड़ान योजना के तहत पांच जिलों के विमान सेवा शुरू होने की घोषणा तो हो गई मगर अभी तक मुरादाबाद के लिए फ्लाई बिग की एक भी उड़ान संचालित नहीं हो सकी है।

बता दें कि फ्लाईबिग एयरलाइंस की ओर से दो मार्च से श्रावस्ती, आजमगढ़, अलीगढ़, मुरादाबाद और चित्रकूट के लिए विमान सेवा शुरू करने की घोषणा की थी और शेड्यूल भी जारी कर दिया था। मगर दो मार्च से उड़ानों का संचालन नहीं हो सका। दस मार्च को चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर टर्मिनल 3 का शुभारंभ हुआ। 11 मार्च से फ्लाइबिग एयरलाइंस ने विमान सेवाओं का संचालन शुरू किया। चित्रकूट, श्रावस्ती, अलीगढ़ और आजमगढ़ के लिए सेवाएं शुरू की। इन चार जिलों में भी नियमित संचालन नहीं हो रहा है। जबकि मुरादाबाद के लिए अभी तक विमान सेवा शुरू नहीं हो सकी है। मंगलवार को चित्रकूट और श्रावस्ती के लिए विमान उड़ान भरेंगे।

▸▸ सिर्फ चार जिलों के लिए उड़ान शुरू हुई, वो भी नियमित नहीं

# दबिश के लिए बिहार और हरियाणा पहुंची एसटीएफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

## पेपर लीक प्रकरण

▸▸ चारों आरोपियों को रिमांड पर लेने की तैयारी

▸▸ हेड कांस्टेबल की तलाश के लिए दिल्ली पुलिस से मांगी मदद

अमृत विचार : सिपाही भर्ती पेपर लीक कांड के आरोपियों की तलाश के लिए एसटीएफ की एक टीम बिहार तो दूसरी हरियाणा पहुंच गई है। यहां तक की कई अधिकारी चंडीगढ़ में भी डेरा डाले हुए हैं। उधर, एसटीएफ की गिरफ्त में आए चारों आरोपियों को जल्द ही रिमांड पर लेने की तैयारी है, ताकि बाकी कड़ियों का खुलासा हो सके। जबकि दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल रवि पहल की तलाश के लिए एसटीएफ ने दिल्ली पुलिस से मदद मांगी है। सूत्रों के मुताबिक रवि पहल इस कांड का एक अन्य मास्टर माइंड है। खुलासे के लिए पहल का गिरफ्त में आना जरूरी है।

रविवार की देर रात एसटीएफ मध्य प्रदेश में छापेमारी कर रही थी, लेकिन वहां पर एसटीएफ को कुछ खास हाथ नहीं लगा। इस दौरान एक मजबूत लीड मिलने पर एसटीएफ सोमवार की सुबह बिहार रवाना हो गई। हालांकि, एक अन्य टीम हरियाणा और चंडीगढ़ में पहुंची हुई है। उधर, एसटीएफ की गिरफ्त में आए अभिषेक शुक्ला, डॉ. शुभम मंडल, शिवम गिरि सहित एक अन्य आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेने जा रही है। पुलिस इन आरोपियों से पूछताछ करेगी। प्रकरण के मास्टर माइंड राजीव नयन को लेकर प्रयागराज से भी खुलासा हुआ है। प्रयागराज के जार्ज टाउन में राजीव नयन का कंसल्टेंसी कार्यालय संचालित था, जहां से एमबीबीएस, इंजीनियरिंग आदि में दाखिले के लिए रैकेट संचालित था। एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक इस हफ्ते कई गिरफ्तारियां हो सकती हैं। सरकार का नजरें टेढ़ी हैं। गिरफ्तारी को लेकर शासन से भी लगातार अपडेट लिया जा रहा है।

# बक्शी का तालाब आईटीआई की जल्द बदलेगी सूरत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: जर्जर हो चुकी बक्शी के तालाब आईटीआई की सूरत जल्द बदलेगी। आईटीआई में चार नए शेड बनाए जाएंगे। शेड बनने के बाद छात्रों को धूप और बरसात से राहत मिलेगी।

बता दें कि बक्शी का तालाब आईटीआई में 368 छात्र अध्यनरत हैं। आईटीआई भवन काफी जर्जर हो गया है। साथ ही मशीनें में भी काफी पुरानी हो गई हैं। चार नए शेड बनने के बाद छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा। शेड बनने का काम शुरू भी हो गया है। दूसरी ओर बक्शी का तालाब और गोरखपुर आईटीआई के साढ़े चार लाख रुपये की पुस्तकें भी खरीदी गई हैं। गोरखपुर आईटीआई में 90 छात्र हैं। मोहान रोड स्थित गोविंद वल्लभ पंत पालीटेक्निक के लिए दो लाख रुपये की पुस्तकें भेजी गई हैं।

▸▸ बीकेटी और गोरखपुर आईटीआई में साढ़े चार लाख रुपये की खरीदी गईं पुस्तकें

पालीटेक्निक में 120 छात्र अध्यनरत हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि दोनों आईटीआई में जल्द ही नई मशीनें भी लगवाई जाएंगी। मशीनें लगवाने के लिए तीन कंपनियों से बात चल रही है।

# मैनपुरी में चुनाव प्रभावित करने की कोशिश


राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी ने कहा कि राज्य सरकार मैनपुरी में चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। सपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा से मुलाकात कर उन्हें भारत निर्वाचन आयोग को संबोधित ज्ञापन सौंपा और अधिकारियों को हटाए जाने की मांग की।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात कर कहां कि प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष व निर्भीक चुनाव की दृष्टि से मैनपुरी से जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण, अपर जिलाधिकारी रामजी मिश्रा, उप जिलाधिकारी संध्या शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, क्षेत्राधिकारी करहल संतोष कुमार, प्रभारी निरीक्षक करहल ललित भाटी व एसएसआई थाना किशनी मैनपुरी अंकित कुमार को तत्काल जिले से बाहर स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने इन अधिकारियों पर भाजपा एजेन्ट के रूप में काम करने का आरोप लगाया। ज्ञापन में भाजपा नेताओं के इशारे पर मैनपुरी में अतिरिक्त अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार प्रथम की नियुक्ति पर भी आपत्ति की की गई है। कहा गया है कि मैनपुरी में हमेशा एक ही अपर पुलिस अधीक्षक की तैनाती रही है पर इस बार लोकसभा चुनाव प्रभावित करने की नीयत से अतिरिक्त अपर पुलिस अधीक्षक की नियुक्ति की गई है।

▸▸ सपा प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से की शिकायत

### इलेक्टोरल बॉण्ड के नाम पर वसूली की गईः अखिलेश



अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल किया है कि, भाजपा ने देश की जनता को धोखा क्यों दिया? साथ ही अखिलेश का आरोप है कि इलेक्टोरल बॉण्ड के नाम पर देश भर में वसूली की गई है। तमाम कम्पनियों को डरा धमकाकर इलेक्टोरल बॉण्ड खरीदवाया। चुनावी चंदे के नाम पर हजारों करोड़ रुपये वसूलना अनैतिक है। सपा प्रमुख ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार के नए तरीके से खुद मालामाल होती रही।

# भाजपा में शामिल हुईं लालगंज की बसपा सांसद संगीता आजाद



बसपा सांसद संगीता व अधिवक्ता सीमा कुशवाहा को पुष्प गुच्छ भेंट करते भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: आजमगढ़ जिले की लालगंज (सुरक्षित) लोकसभा सीट से बसपा सांसद संगीता आजाद समेत उनके पति पूर्व विधायक आजाद अरिमर्दन और दिल्ली की निर्भया कांड से चर्चा में आईं सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता सीमा कुशवाहा को दिल्ली में सोमवार को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। हालांकि पहली सूची में ही लालगंज से भाजपा ने नीलम सोनकर को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। जबकि सपा ने पांचवीं बार दरोगा प्रसाद सरोज को प्रत्याशी बनाया है।

पिछले लोकसभा चुनाव में लालगंज सुरक्षित क्षेत्र से सपा-बसपा गठबंधन में संगीता आजाद बसपा प्रत्याशी थी। उन्होंने भाजपा की प्रत्याशी नीलम सोनकर को 1,61,597 मतों से हराया दूसरी बार सांसद बनने से रोक दिया था। संगीता को कुल 5,18,820 मत मिले जबकि भाजपा की नीलम सोनकर को 3,57,223 मत मिले। तीसरे स्थान पर सुभासपा के दिलीप कुमार 17,927 मत पाकर रहे। चौथे स्थान पर कांग्रेस के पंकज मोहन सोनकर को 17,700 मत मिला था।

▸▸ पूर्व विधायक आजाद अरिमर्दन और निर्भया कांड की चर्चित अधिवक्ता सीमा कुशवाहा भी हुईं शामिल

▸▸ राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक रहे मौजूद

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व बिहार के प्रभारी विनोद तावड़े, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में बसपा सांसद संगीता आजाद समेत उनके पति पूर्व विधायक आजाद अरिमर्दन और सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता सीमा कुशवाहा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसी के साथ चर्चा तेज हो गई है कि क्या भाजपा की दूसरी सूची में वह नीलम सोनकर की जगह भाजपा प्रत्याशी बन सकती हैं।

हालांकि बीते विधानसभा चुनाव में हारने के बाद से ही पूर्व विधायक आजाद अरिमर्दन बसपा से बागी हो गए थे। संघ की बैठकों में सांसद पत्नी संगीता आजाद के साथ शामिल होते रहे। पिछले छह महीने से दोनों के भाजपा में आने की अटकलें लगाई जा रही थीं। आजाद अरिमर्दन के पिता गांधी आजाद बसपा के संस्थापक सदस्य रहे हैं। उन्होंने कांशीराम के साथ मिलकर बसपा की स्थापना की थी।

# कानून-व्यवस्था ध्वस्त, मुख्यमंत्री दें इस्तीफा : अजय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा की प्रदेश में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए।

मुजफ्फरनगर में नशे में धुत सिपाही के शिक्षक की अपनी सरकारी कार्बाइन से हत्या प्रकरण का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून का डर पूरी तरह से खत्म हो चुका है। अपराधी तो अपराधी अब तो रक्षक ही हत्यारे बन चुके हैं। राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति पूरी तरह से विफल हो चुकी है। चारों तरफ सिर्फ अव्यवस्था, अराजकता और अपराध का बोलबाला है। इस प्रदेश में शायद ही कोई दिन गुजरता है जब कोई बड़ी घटना न घटती हो।



लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय। अमृत विचार

### कई दलों के नेता कांग्रेस में शामिल

कई दलों के नेता सोमवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। साथ ही, कई दलों ने कांग्रेस को समर्थन की घोषणा की। भारतीय लोकतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, भारतीय समाज दल युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ एसपी पांडेय व आजाद समाज एकता पार्टी आंबेडकर आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महबूब अली अंसारी ने इंडिया गठबंधन को विजय बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को पत्र सौंपकर अपना समर्थन दिया। इसी दौरान लखनऊ से अमित भारद्वाज व सरभजीत सिंह ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

# बसपा पूंजीपतियों के धनबल से दूर है : मायावती


राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार: चुनावी बॉण्ड से उठ रहे सवालों से बसपा प्रमुख मायावती ने खुद को जोड़ा है। सोमवार को एक्स पर उन्होंने कहा कि 'जहां सहारा, वहां इशारा', से बचने के लिए ही बसपा बड़े पूंजीपतियों व धन्नासेठों के धनबल से दूर है।

मायावती ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि रक्षा सौदों आदि में भ्रष्टाचार के बाद चर्चित गुप्त चुनावी बाण्ड को लेकर सुप्रीम कोर्ट का ताज़ा फैसला महत्वपूर्ण है। संविधान व लोकतंत्र की रक्षा के लिए सतत प्रयास जरूरी है।

उन्होंने कहा कि प्रलोभन से बसपा दूर है। प्रदेश में चार बार सरकार में रहते हुए गरीबी व पिछड़ेपन को दूर करने के लिए ऐतिहासिक पहल किए, जबकि दूसरी पार्टियां अधिकतर स्वार्थ में ही लगी हैं। देश में हो रहे आमचुनाव में इन बातों का खास महत्व है। तभी बहुजन हितैषी सरकार देश में बनकर लोगों को जानलेवा महंगाई, बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी व पिछड़ेपन के लाचार जीवन से मुक्ति मिल पाएगी, वरना गरीबों की गरीबी व अमीरों की अमीरी लगातार बढ़ती जाएगी।

▸▸ चुनावी बॉण्ड को लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला महत्वपूर्ण





**8वां रोजा**

शिया
सहरी : 4.40 बजे
इफ्तार : 6.29 बजे

सुन्नी
सहरी : 4.47 बजे
इफ्तार : 6.19 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**शहर में आज**



- विज्ञान भवन नबीउल्लाह रोड सूरज कुंड पार्क में मंडल स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता -9:00 बजे।
- गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज मैदान पर राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता-11:00 बजे।
- जिला कार्यालय में कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ की बैठक -4:00 बजे।
- जानकीपुरम में लोक संस्कृति शोध संस्थान की ओर से नौ दिवसीय फागोत्सव- 4:00 बजे।
- राम मनोहर लोहिया पार्क में लोक संस्कृति का राष्ट्रीय महोत्सव - 5:00 बजे।

**एक नजर**

### तेजस में लगेगा अतिरिक्त कोच

**अमृत विचार, लखनऊ :** यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन नंबर 82501/82502 लखनऊ जं.- नई दिल्ली-लखनऊ जं. तेजस एक्सप्रेस में 20 मार्च से एक अप्रैल तक वातानुकूलित कुर्सी यान और एक्जीक्यूटिव क्लास का एक-एक अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा। इस गाड़ी में अतिरिक्त कोच लगाए जाने के बाद वातानुकूलित कुर्सी यान श्रेणी के 13, एक्जीक्यूटिव क्लास के 03 और पावर कार के 02 यान सहित कुल 18 कोच लगाए जाएंगे।

### अमृत भारत स्टेशनों पर खुलेगा रेल कोच रेस्टोरेंट

**अमृत विचार, लखनऊ :** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लखनऊ के चिह्नित रेलवे स्टेशनों पर रेल कोच रेस्टोरेंट खोले जाएंगे। इसके लिए रेलवे के प्रस्ताव आने शुरू हो गए हैं। रेलवे ने बोर्ड से कोच रेस्टोरेंट खोलने की मंजूरी मांगी है। राजधानी के चारबाग और गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर रेल कोच रेस्टोरेंट खुल चुके हैं। अब लखनऊ में उत्तर और पूर्वोत्तर रेलवे के बादशाहनगर, ऐशबाग, डालीगंज, लखनऊ सिटी, मल्हौर, मोहनलालगंज, मानकनगर इसके खोले जाने की तैयारी है। जल्द ही इन स्टेशनों पर भी यह रेस्टोरेंट नजर आएंगे।

# शहर में गहरा सकता है पानी का संकट

## पुराने लखनऊ की 10 लाख से ज्यादा की आबादी होगी प्रभावित, गोमती बैराज के दो गेटों का मरम्मत कार्य कराएगा सिंचाई विभाग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



जल कुम्भी से ढकी लखनऊ की जीवनदायनी गोमती नदी की सतह। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बढ़ती गर्मी और त्योहार के बीच आधे शहर में पानी का संकट गहरा सकता है। पुराने शहर की लगभग 10 लाख से अधिक की आबादी को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल, सिंचाई विभाग 1090 चौराहे के पास स्थित गोमती बैराज के गेट नंबर एक और नौ की मरम्मत कराने जा रहा है। जलकल विभाग की अनुमति मिलने का इंतजार है। काम पूरा होने में 20 से 25 दिन का समय लगेगा।

मरम्मत कार्य के दौरान दोनों गेट खुल जाने से गोमती का जलस्तर गऊघाट पम्पिंग स्टेशन के पास लगभग 10 फिट कम हो जाएगा। इससे गऊघाट पम्पिंग स्टेशन को जरूरत के अनुसार पानी नहीं मिल पाएगा। जिससे गऊघाट पम्पिंग स्टेशन से बालागंज और ऐशबाग स्थित वाटर वर्क्स पानी पहुंचाने में समस्या आएगी।

**कुड़ियाघाट के पास बनाए गए बंधे से जलस्तर करेंगे मेनटेन :** गोमती बैराज के दो गेट से पानी रिस रहा है। सिंचाई विभाग दोनों गेट की मरम्मत कराने वाला था, लेकिन पेयजल की समस्या का कोई वैकल्पिक समाधान न होने से काम शुरू नहीं किया गया। पिछले साल भी गर्मी के समय गोमती नदी में जलस्तर कम हो गया था। गऊघाट के पास जलस्तर को मेनटेन करने के लिए सिंचाई विभाग ने कुड़ियाघाट के पास अस्थायी बंधा बना दिया है। जरूरत पड़ने पर इस बंधे से गऊघाट के पास जरूरी जलस्तर बनाया रखा जाएगा।

**346.5 फिट होना चाहिए जलस्तर:** गऊघाट पम्पिंग स्टेशन के पास सामान्य स्थिति में गोमती नदी का जलस्तर 346.5 फिट होना चाहिए। 1 से 1.5 फिट जलस्तर गिरने पर असर नहीं पड़ेगा। यदि इससे अधिक जलस्तर गिरता है तो जलापूर्ति पर असर पड़ना तय है। दोनों गेट खुलने पर लगभग 10 फिट तक गोमती का जलस्तर गिर जाएगा।

- गऊघाट से बालागंज और ऐशबाग वॉटर वर्क्स पानी पहुंचाने में आएगी समस्या

**इन इलाकों में पड़ेगा असर**

गऊघाट पम्पिंग स्टेशन से बालागंज और ऐशबाग स्थित वाटर वर्क्स को पानी दिया जाता है। शोधित करने के बाद यहां से लगभग आधे शहर में जलापूर्ति की जाती है। मरम्मत कार्य के चलते चारबाग, कैसरबाग, अमीनाबाद, नाका, नरही, चौक, हुसैनगंज, हजरतगंज, यहियागंज, ऐशबाग, ठाकुरगंज, बालागंज, चौपटिया आदि इलाकों में पेयजल आपूर्ति पर असर पड़ेगा।

"1090 चौराहे के पास गोमती बैराज के गेट नंबर एक और नौ की मरम्मत की जानी है। जलकल विभाग की अनुमति मिलते ही काम शुरू कर दिया जाएगा। दोनों गेट खुलने से गोमती का जलस्तर गिरेगा। सिंचाई विभाग ने कुड़ियाघाट के पास अस्थायी बंधा बनाया है। यहां से गऊघाट के पास आवश्यक जलस्तर को मेनटेन किया जाएगा।

–**सत्यप्रिय सिंह,** अधिशासी अभियंता, लखनऊ खंड प्रथम शारदा नहर

# जल रिसाव पर बिफरीं मंडलायुक्त, लगाई फटकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लाटूश रोड और शिवाजी रोड पर जल रिसाव से इलेक्ट्रिकल कार्य बाधित होने की जानकारी पर मंडलायुक्त बिफर गईं। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाई और तत्काल रिसाव बंद कराने के निर्देश दिए ताकि काम शुरू हो सके।

लाटूश रोड और शिवाजी रोड पर लोक निर्माण विभाग के बचे टाइल्स, कनेक्शन, रोड सेफ्टी, पेंटिंग, रिपेयरिंग और नालियां बनाने का काम चल रहा है। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने स्मार्ट सिटी की ओर से संचालित परियोजनाओं से संबंधित कामों की समीक्षा की। बैठक के दौरान मंडलायुक्त को अधिकारियों ने बताया कि केडी सिंह बाबू स्टेडियम में चल रहे सिविल कार्य 60%, भारतखंडे विश्वविद्यालय लाइब्रेरी का सिविल कार्य 85% और 92 स्मार्ट स्कूलों का काम 94% पूरा हो गया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के अधिकारियों को शेष कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि निर्माणाधीन कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और नोडल अधिकारी नियमित रूप से कामों की मॉनिटरिंग करें। बैठक में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।



स्मार्ट सिटी के तहत चले रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब। अमृत विचार

- मंडलायुक्त ने स्मार्ट सिटी की ओर से संचालित परियोजनाओं को लेकर की बैठक

# ऐशबाग रोड पर दो दिन पहले बनाई गई वाटर लाइन लीकेज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऐशबाग रोड पर प्राचीन हनुमान एवं शनि मंदिर के पास दो दिन पहले बनाई गयी वाटर लाइन में फिर लीकेज होने लगा है। पिछले 15 दिनों से यहां लगातार पेयजल सड़क पर बह रहा था। जलकल जोन दो ने गड्ढा खोदकर छोड़ दिया था।

क्षेत्रीय निवासी एक वरिष्ठ पत्रकार ने मुख्यमंत्री से इसकी शिकायत की थी। 'अमृत विचार' ने इस खबर को 11 मार्च के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर का संज्ञान लेकर जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता विश्वनाथ गुप्ता ने 11 मार्च को ही मरम्मत कराने के लिए जलापूर्ति बंद करने की सूचना प्रकाशित कर दी थी। 13 मार्च से लीकेज सही कराने का काम शुरू कराते हुए पाइप बदले गए। इसके बावजूद सोमवार को लाइन में दोबारा लीकेज होने लगा। इससे सड़क पर पानी बह रहा है। अधिशासी अभियंता का कहना है कि रात से ही मरम्मत का कार्य फिर शुरू कर दिया गया है।



ऐशबाग रोड स्थित शनिदेव मंदिर के पास पाइप लाइन में लीकेज की वजह से बहता पानी।

# गुल रहेगी बिजली, प्रभावित होंगे पांच लाख लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में अनुरक्षण कार्य के चलते कई इलाकों में मंगलवार को बिजली गुल रहेगी। इससे करीब पांच लाख की आबादी इससे प्रभावित रहेगी। शहर के वृंदावन सेक्टर पांच पर मध्य परिर्वतकों के मेंटीनेंस कार्य किया जायेगा। सेक्टर-17 और 18 से पोषित सेक्टर-13,14 और 19 के साथ रत्नखंड फीडर पर 400 केवीए पर कार्य किया जायेगा।

पियम क्रासिंग प्लाजा पर एलटी लाइनो और रतनखंड विद्ययुत उपकेंद्र और रजनीखंड से पोषित पायनियर फीडर पर और रजनीखंड फीडर पर कार्य किया जायेगा। जिसके चलते रतनखंड ,शारदा नगर सहित आसपास के इलाकों की आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। अहिबरनपुर में बिजनेस प्लान के तहत किये जाने वाले कार्य के चलते खदरा , पक्का पुल, ब्रह्म नगर और शिवलोक इलाके की बिजली गुल रहेगी। डालीगंज में बागशाह जी फीडर के अन्तर्गत गोडीयन टोला में कार्य के चलते आसपास के क्षेत्र में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सप्लाई को बंद किया जायेगा। इसके साथ ही कदम रसूल और मीठी खिचड़ी, क्षेत्र की आपूर्ति 11 बजे से 4 बजे तक बंद रहेगी। विकास नगर उपकेंद्र अंतर्गत गांधीनगर, श्याम नगर खुर्रम नगर, अशोक विहार, मतीन पुरवा, पंतनगर, विकास नगर सेक्टर 12,13,14 में आपूर्ति बाधित रहेगी। साथ ही आशियाना और कानपुर रोड के कई इलाकों में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली गुल रहेगी।

**सर्वर डाउन होने से बिजली उपभोक्ता परेशान**

**अमृत विचार, लखनऊ :** निशातगंज के मेट्रो रोड़ स्थित उपकेंद्र पर सर्वर डाउन रहा। इससे बिजली बिल जमा करने और प्रीपेड मीटरों को रिचार्ज कराने के लिए उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करना पड़ा। पेपरमिल कॉलोनी नाहिद ने बताया कि बिजली बिल जमा नहीं हो रहा है। समय पर बिल जमा नहीं किया तो कनेक्शन कटने का भी डर है। निशातगंज दूसरी गली निवासी महेश ने बताया कि दुकान के प्रीपेड मीटर को रिचार्ज आए है। पैसा जमा हो गया,लेकिन रसीद नही मिली है। उपकेंद्र के अवर अभियंता ने बताया कि सर्वर के कई बार धीमा चलने के कारण लोगों को परेशानी हुई है। सर्वर के सामान्य होते ही उपभोक्ताओं के सभी काम निपटा दिए गए।

# पारिवारिक विवाद में पत्नी की गोली मारकर हत्या

संवाददाता, मलिहाबाद

**अमृत विचार :** मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र के सरावां में सोमवार शाम पारिवारिक विवाद में पति ने पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने परिजन से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका के भाई ने बहनोई (पति), भाई (जेठ) और पिता (ससुर) के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है। दहेज के लिए उत्पीड़न का भी आरोप लगाया है।

एसीपी मलिहाबाद वीरेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि सरावां निवासी ऋषितोश यादव की शादी 7 वर्ष पूर्व तिलसुआ गांव की वर्षा यादव (25) के साथ हुई थी। छोटी-छोटी बातों को लेकर दंपति में आए दिन झगड़ा होता था।

सोमवार शाम करीब 7 बजे दंपति में फिर झगड़ा हो गया। गुस्से में आकर ऋषितोश ने तमंचे से पत्नी की गोली मार दी। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग बाहर जमा हो गए। ग्रामीणों ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने महिला को नजदीकी सीएचसी पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि मृतका के भाई सचिन यादव ने बहनोई ऋषितोश यादव, उसके पिता रामू यादव, भाई बाबू पर हत्या का आरोप लगाकर तहरीर दी है। ऋषितोश को हिरासत में लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस कई बिंदुओं पर गहनता से जांच कर रही है।



वर्षा यादव

- मलिहाबाद क्षेत्र का मामला, मृतका के भाई ने बहनोई, ससुर और जेठ के खिलाफ दी तहरीर
- दहेज के लिए प्रताड़ित करने का भी लगाया आरोप

**शराब के नशे में मारी गोली**

भाई सचिन का आरोप है कि शादी के बाद से ऋषितोश कार की मांग को लेकर वर्षा को लगातार प्रताड़ित करता था। वारदात वाले दिन शराब के नशे में घर वह पहुंचा और गाली-गलौज कर बहन से मारपीट करने लगा। विरोध करने पर गोली मारकर हत्या कर दी है।

एसीपी मलिहाबाद ने बताया कि महिला के सिर पर गोली मारी गई थी। कमरे की दीवारों पर मांस के लोथड़े चिपके थे और फर्श पर खून फैला था। फॉरेसिंक टीम ने कुछ साक्ष्य एकत्र किए है। पुलिस ने मौके 315 बोर का तमंचा बरामद कर लिया है।

# ओपीडी में पर्चे पर लिख रहे जांच रिपोर्ट


## सरकारी अस्पताल के मरीज ने पर्चा वायरल कर जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ


**अमृत विचार :** सरकार अस्पतालों को हाईटेक करने के लिए जरूरी संसाधन जुटा रही है। पेपरलेस व्यवस्था कराने की कवायद चल रही है। अस्पतालों में इसकी झलक भी दिखने लगी है, लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में अभी भी परंपरागत सिस्टम चल रहा है। खून जांच रिपोर्ट अलग से देने के बजाय ओपीडी के पर्चे पर हाथ से लिखकर थमा दी जा रही है। टेढ़ी-मेढ़ी लिखावट होने से मरीजों को पढ़ने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को मलिहाबाद सीएचसी में आईं महिला मरीज पूजा, रामश्री, प्रेमा और पूनम के ओपीडी के पर्चे सोशल मीडिया पर वायरल हुए है। इन पर्चों पर लैब टेक्नीशियन द्वारा हाथ से जांच रिपोर्ट लिखी गई है।

सीएमओ के अधीन 19 सीएचसी का संचालन हो रहा है। 54 पीएचसी व 75 जन आरोग्य मंदिर हैं। इन सभी केंद्रों पर मरीज खून से जुड़ी जांच करा रहे हैं। मरीजों को कंप्यूटराइजड जांच रिपोर्ट की बजाए हाथ से लिखी रिपोर्ट थमाई जा रही है। अस्पताल प्रभारियों का कहना है जांच रिपोर्ट का एक फॉर्मेट बनाया गया है। उसी फॉर्मेट पर हाथ से जांच रिपोर्ट लिख दी जाती है। अस्पताल प्रभारियों का कहना है कंप्यूटर समेत न्य संसाधन न होने से पर्चे पर जांच लिखी जाती है।

**दूसरे सेंटर पर मान्य नहीं होती रिपोर्ट :** मरीजों का कहना है कि कम्प्यूटराइज्ड जांच न मिलने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसी कारण यदि दूसरे सेंटर पर इलाज के लिए जाया जाता है तो उसे दोबारा खून का नमूना देकर जांच करवानी पड़ रही है।



मरीज पूनम का पर्चा और पीछे लिखी रिपोर्ट



मरीज पूजा का पर्चा और पीछे लिखी रिपोर्ट

**पर्चे पर स्पष्ट अक्षरों में लिखें जांच**

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने अस्पताल के डॉक्टरों को निर्देशित किया है कि वह बेवजह मरीजों को जांच न लिखें। जरूरी होने पर स्पष्ट अक्षरों में जांच रिपोर्ट लिखें और मोहर भी लगाएं। जिससे लैब टेक्नीशियन को जांच पढ़ने में दिक्कत का सामना न करना पड़े। निदेशक ने अस्पताल के सभी डॉक्टरों को पत्र लिखा है। उसमें कहा है कि उन्हें जानकारी हुई है कि कई डॉक्टर मरीजों की गैर जरूरी जांचें करवा रहे हैं। पर्चे पर लिखी जांच पर डॉक्टर के स्पष्ट हस्ताक्षर नहीं होते या बहुत छोटे होते हैं। साथ ही मोहर भी नहीं लगाई जाती है। इससे मासिक समीक्षा और रिपोर्टिंग में भी दिक्कत होती है। गलत जांच और दुरुपयोग होने की आशंका रहती है। कभी-कभी तो जांच करने वाले टेक्नीशियन या कर्मचारी लिखा हुआ समझ नहीं पाता है। मरीजों और तीमारदारों को बेवजह परेशान होना पड़ता है। मरीजों को देखने के बाद पर्चे पर जरूरी व स्पष्ट जांच लिखें, साफ मोहर लगाएं।

- बलरामपुर अस्पताल के निदेशक ने डॉक्टरों को दिए निर्देश

"मरीजों को कम्प्यूटराज्ड जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए व्यवस्था कराई जा रही है। जल्द ही सभी केंद्रों पर उपकरण उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

–**डॉ. मनोज अग्रवाल,** सीएमओ

### एलडीए ने व्यावसायिक निर्माण किया सील

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने सोमवार को चौक में निर्माणाधीन व्यावसायिक निर्माण सील कर दिया। जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन सात शशिभूषण पाठक ने बताया कि शाबाजर व अन्य द्वारा चौक के नाला बेगमगंज स्थित सिंघन वाली गली में लगभग 45 वर्गमीटर क्षेत्र में अवैध रूप से व्यावसायिक निर्माण कार्य कराया जा रहा था। विहित न्यायालय से सीलिंग का आदेश पास था। सहायक अभियंता व अवर अभियंताओं ने पुलिस व स्थानीय थाने के सहयोग से भवन के द्वितीय तल को सील कर दिया।

### नवंबर से नहीं मिला वाहन चालकों को मानदेय

**अमृत विचार, लखनऊ :** पशु पालन विभाग में आउटसोर्स पर तैनात वाहन चालकों को नवंबर से मानदेय नहीं मिला है। यह स्थिति लखनऊ समेत अधिकांश जिलों की है। इससे जिला मुख्यालय व ब्लॉकों पर तैनात चालक परेशान हैं। चालकों ने बताया कि मानदेय भी 8 से 10 हजार है। इससे गुजारा करना मुश्किल है। आगे त्योहार कैसे मनाएंगे। संबंधित मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सेवाप्रदाता से कई बार पत्राचार कर चुके हैं। इसके बाद भी भुगतान नहीं कर रहे हैं।

**लखनऊ विकास प्राधिकरण**

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)

प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.)। पीबीएक्स : 0522-2303623, 2303624, 2363133, वेबसाइट: www.ldaonline.co.in"

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/ नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

| क्र सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड/फ्लैट संख्या | योजना का नाम | मृत्यु का दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्ति कर्ताओं के नाम | मूल आवंटी (मृतक) से आवेदक के सम्बंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्रीमती सुधा श्रीवास्तव | भवन संख्या -एम-3/525 सेक्टर-एच | कानपुर रोड योजना | 11.10.2012 | 1. श्रीमती विनीता वर्मा 2. श्री पंकज वर्मा | पंजीकृत वसीयत के आधार पर | बहन भाई |
| 2 | श्री देवराज अरोड़ा | HIG भवन संख्या -3/40 रूचि खण्ड-1 | शारदा नगर योजना | 07.03.2012 | श्रीमती प्रेम अरोड़ा | 1. श्री नितिन अरोड़ा 2. श्रीमती नीलू अरोड़ा 3. श्रीमती मिनी सिंह 4. सिम्मी | 1. पुत्र 2. विवाहित पुत्री 3. विवाहित पुत्री 4. विवाहित पुत्री |
| 3 | स्व0 राम आसरे | व्य0 भूखण्ड सं0-बी/3 सेक्टर-डी, कानपुर रोड योजना | कानपुर रोड योजना | 10.06.2019 | 1. श्री राकेश गौतम 2. श्रीमती शिखा गौतम 3. श्रीमती प्रतिभा गौतम 4. श्रीमती अंजली गौतम 5. कु0 आभा गौतम पुत्री | – | पुत्र, पुत्री पुत्री, पुत्री पुत्री |
| 4 | श्रीमती श्यामा देवी | भवन संख्या-एस.एस. -1/153, सेक्टर-डी0-1 | कानपुर रोड योजना | 05.03.2006 | श्री कमला प्रसाद मिश्रा | 1. श्री बालकेश्वर मिश्रा 2. श्री तारकेश्वर मिश्रा 3. श्रीमती मिथलेश | पुत्र पुत्र पुत्री |
| 5 | श्री द्वारिका नाथ क्रेता श्रीराम गुप्ता एवं श्रीमती रामा देवी (मृतक) | भूखण्ड भाग संख्या-सी (493 एवं 494) | टी0जी0 न्यू सिविल योजना, | 03.03.1976 07.02.1996 | श्री गोपीकृष्ण पुत्र नारायन प्रसाद एवं श्रीमती प्रेमा पत्नी श्री अविनाश चन्द्र गुप्ता | – | पंजीकृत वसीयत दिनांक 28.12.1991 के आधार पर |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव**

**The Ano Rectal Clinic**

अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण

Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)



Video Recto Scope

लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता

एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ

7388913338
8005423919

www.anorectalclinic.com

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।



नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।

★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।

★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।



साईंधाम ट्रस्ट में नि:शुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,

9839163047 / 9956384848

## एक नजर

### एलडीए में दो दिवसीय विशेष निबंधन शिविर आज से



**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण की विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए मंगलवार से प्राधिकरण भवन में दो दिवसीय विशेष निबंधन शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें निबंधन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी प्राधिकरण भवन में ही बैठकर रजिस्ट्री की कार्यवाही सम्पन्न कराएंगे। सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि 19 और 20 मार्च को प्राधिकरण भवन में विशेष निबंधन शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्राधिकरण व निबंधन विभाग के समस्त सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी आवश्यक सुविधाओं के साथ उपस्थित रहेंगे।

# मिलावट करने वालों के खिलाफ चलाएं अभियान

## होली के त्योहार को लेकर हुई बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** होलिका दहन स्थल को लेकर अगर कोई विवाद है तो अधिकारी समय से उसका निपटारा करा दें। साथ ही खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करें। यह निर्देश सोमवार को जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट हुई बैठक में अधिकारियों को दिए।



होली के त्योहार को लेकर बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने कहा कि, नगर निगम होलिका दहन स्थलों पर सफाई, चूने का छिड़काव और प्रकाश व्यवस्था कराएं। जल संस्थान के अधिकारी निर्बाध जलापूर्ति कराएं और निर्धारित स्थलों पर पानी के टैंकरों की व्यवस्था कराएं। बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर जाकर देख लें कि होलिका दहन से बिजली के तार प्रभावित न हों। निर्बाध बिजली आपूर्ति के साथ ही मोबाइल ट्रांसफार्मर की व्यवस्था भी रखी जाए। शांति व्यवस्था कमेटी की बैठकें थाना स्तर पर कराई जाएं और होली जुलूसों पर विशेष सतर्कता बरती जाए।

▸▸ हेल्पलाइन नंबर 0522-3514492 पर करें मिलावट करने वालों की शिकायत

जिलाधिकारी ने कहा कि हेल्पलाइन नंबर 0522-3514492 पर फोन करके मिलावटी खाद्य पदार्थों के बारे में जानकारी दी जा सकती है। जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देश दिए कि चिकित्सालयों में आपातकालीन चिकित्सा सुविधा और एंबुलेंस तैयार रखें। सभी पीएचसी और सीएचसी पर डाक्टरों मौजूद रहें। बैठक में डीसीपी साउथ रवीना त्यागी, एडीएम ट्रांसगोमती राकेश सिंह, आबकारी, फायर, लोक निर्माण विभाग, नागरिक सुरक्षा आदि विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# दूध में रिफाइंड तो खोवा में आलू बिगाड़ सकता सेहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** त्योहार के लिए मिलावटी खाद्य पदार्थों से दुकानें सजने लगी हैं। सावधानी न बरती तो दूध और खोवा या इनसे बनी मिठाई व अन्य खाद पदार्थ सेहत बिगाड़ सकते हैं। होली पर दूध व खोवा की मांग बढ़ गई है। ऐसे मौके पर मिलावटखोर ज्यादा मुनाफा के चक्कर में सक्रिय हो गए हैं।

यह दूध में रिफाइंड, वनस्पति या फिर डिटर्जेंट मिलाकर बेच रहे हैं। खोवा भी आलू व शकरकंद मिलाकर तैयार कर मंडी व दुकानों पर बिक रहा है। चारबाग स्थित राजा खोवा मंडी हो या फिर ठाकुगंज सभी जगह मिलावट का कारोबार हो रहा है। लखनऊ के अलावा कानपुर, उन्नाव, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी आदि जिलों से खोवा की खेप मुख्य मंडियों और छोटी मंडियों में पहुंच रही है। यहां बड़े-छोटे दुकानदार स्टॉक कर रहे हैं।

### ऐसे करें दूध में मिलावट की जांच

दूध में पानी की जांच के लिए एक बूंद चिकनी या तिरछी सतह पर डालने से शुद्ध होने पर चिपकी रहेगी या फिर धीरे-धीरे बहेगी और सफेद धार छोड़ेगी। दूध में पानी की मिलावट पानी होने पर बिना धार के सीधे बह जाएगा। डिटर्जेंट की मिलावट पता करने के लिए ग्लास में 5 से 10 मिली दूध और उसी मात्रा में पानी मिलाकर हिलाएं। दूध में डिटर्जेंट होने पर झाग उठेगा।

### ऐसे करें शुद्ध दूध से बने खोवा छेना व पनीर की पहचान

दूध से खोवा, पनीर, छेना, बर्फी समेत अन्य मिठाई व तमाम तरह की चीजें बनती हैं। इन चीजों का परीक्षण करने के लिए 2 से 3 मिली सैंपल 5 मिली पानी में मिलाकर ठंडा करें। इसमें टिंक्चर अश्चफ आयोडीन की 2 से 3 बूंद मिलाएं। मिलावटी होने पर रंग नीला हो जाएगा। शुद्धता होने पर सफेद रहेगा।



होली के लिए रंगबिरंगी टीशर्ट की खरीदारी करती युवती।



होली के पर्व को लेकर अमीनाबाद बाजार में लगी रंगों और पिचकारियों की दुकान। अमृत विचार

# पहले मिलावटखोर चिह्नित, बाद में छापा

**अमृत विचार, लखनऊ :** त्योहार पर सक्रिय हुआ खाद्य सुरक्षा एवं औषधीय प्रशासन मिलावट के खिलाफ अचानक कार्रवाई नहीं करेगा। पहले ऐसे लोगों को चिह्नित करेगा और बाद में लक्ष्य बनाकर छापेमारी कर सैंपल लेगा। पहले दिन निकली टीमों ने बड़े प्रतिष्ठानों को कार्रवाई के लिए चिह्नित किया है।

▸▸ लक्ष्य बनाकर कार्रवाई करेगा खाद्य सुरक्षा एवं औषधीय प्रशासन

▸▸ पहले दिन टीमों ने मिलावट करने वालों की जुटाई जानकारी

सोमवार को त्योहार के लिए मिलावटी दूध, खोवा, तेल, चिप्स-पापड़ आदि बेचने वालों के खिलाफ क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा एवं औषधीय प्रशासन की टीमें योजनाबद्ध तरीके से निकलीं। टीम ने पहले दिन खानापूरी के लिए रुटीन और छिटपुट कार्रवाई नहीं की। दूध व खोवा मंडी, बस स्टैंड और ऐसे बड़े प्रतिष्ठानों को चिह्नित किया जहां मिलावटी खाद्य पदार्थ तैयार किए जाते हैं। शहर में ऐसे 20 से अधिक विक्रेता व स्थान चिह्नित किए गए। इनके यहां योजना बनाकर छापा मारा जाएगा।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेपी सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश हैं कि रुटीन अभियान की बजाय टारगेट बनाकर कार्रवाई की जाए। इसी क्रम में टीमें मिलावट करने वालों को चिह्नित कर रही हैं, जहां अचानक कार्रवाई करेंगे। खाद्य पदार्थों के सैंपल लेंगे और नष्ट भी करेंगे। परीक्षण में अधोमानक सैंपल यानी फेल होने पर अर्थदंड की कार्रवाई अपर जिलाधिकारी न्यायालय (एओ) और सजा व जुर्माना एसीजेएम न्यायालय से लगाया जाता है।

### एक बस से भेजते खोवा, दूसरे से आते



सबसे ज्यादा कानपुर से खोवा की आपूर्ति होती है। इसमें मिलावट से इन्कार नहीं कर सकते हैं। बताया जाता है कि ज्यादातर खोवा रोडवेज बसों से भेजा जाता है। व्यापारी एक बस से खोवा की खेप भेजते हैं और पीछे से दूसरी बस से खुद या फिर उनके कर्मचारी आते हैं। इसमें पकड़े जाने का डर नहीं हैं। या फिर बस में खेप रखता कोई है और बैठकर कोई आता है।

### रिफाइंड और वनस्पति से क्रीम, डिटर्जेंट से लाते झाग

खाद्य सुरक्षा एवं औषधीय प्रशासन की मानें तो मिलावट करने वाले दूध से क्रीम निकाल लेते हैं। दोबारा क्रीम लाने के लिए रिफाइंड या फिर वनस्पति मिलाते हैं। दूध की मात्रा बढ़ाने के लिए मिल्क पाउडर मिलाते हैं। इसी तरह खोया बनाते समय दूध की मात्रा मिल्क पाउडर से बढ़ाते हैं और वजन व चमक बढ़ाने के लिए आलू या शकरकंद मिलाते हैं। अक्सर टीम ने छापेमारी के दौरान यह खेल पकड़ा है और पहचान के तरीके बताए हैं।

# आलू-चावल सस्ता, मौसम अनुकूल, बना लें कचरी, पापड़, चिप्स

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** खिली धूप, मौसम अनुकूल। आलू, चावल के दाम बजट में। मौका है और दस्तूर भी। फिर किस बात की देरी, जुट जाएं होली पर आने वाले मेहमानों के स्वागत और उनके खानपान की तैयारी में। बाजार से आलू-चावल लाइए और बिना देर किए बना लीजिए पापड़, कचरी, चिप्स।

फुटकर और थोक मंडी में आलू की बेहतरीन किस्म चिप्सोना 18 से 20 रुपये किलो में है। वहीं, फुटकर मंडी में भी इसकी कीमत 25 रुपये किलो है। यही हाल कचरी बनाने वाले चावल का है। इसका भाव भी 36 रुपये किलो है।

रकाबगंज बाजार के व्यापारी रचित सिंघल ने बताया कि इस बार चीनी माल बाजार में नहीं है। लोग हैंडमेड और देशी चीजों को हाथों-हाथ ले रहे हैं। रेट को लेकर ग्राहक ज्यादा चिंतित नहीं हैं। अच्छे और देशी आइटम पसंद कर रहे हैं। स्वयं सेवी संस्थाओं की महिलाओं द्वारा बनाई जा रही मेहनत को लोग तरजीह दे रहे हैं। ग्राहकों का रुझान भी देशी उत्पादों की ओर हो रहा है।

### चीनी उत्पाद गुम, हैंडमेड के खरीदार ज्यादा



इस बार बाजार से चीनी पापड़, चिप्स गायब हैं। देशी हैंडमेड पापड़, चिप्स की मांग है। साबूदाना समेत चीन के पापड़, चिप्स और डिजाइनर कचरी बाजार से आउट है। वहीं देशी और घरेलू उत्पाद बाजार में 'इन' हो गए हैं। सीजनल व्यापारियों की मानें तो इन चीनी आइटम का एक बड़ा बाजार था। मात्र होली पर्व पर एक माह में करीब 200 करोड़ से अधिक का कारोबार अकेले लखनऊ मंडल में होता था, लेकिन इस बार चीनी वैरायटी बाजार से गायब है।



त्योहार को लेकर अमीनाबाद में लगी नमकीन-दालमोठ की दुकान। अमृत विचार

**मेक इन इंडिया की झलक बाजार पर:** मेक इन इंडिया का आह्वान कचरी, चिप्स और पापड़ बाजार पर साफ दिख रहा है। देशी बाजार चीनी उत्पादों पर भारी पड़ने लगे हैं। प्रदेश के स्वयंसेवी समूहों और ग्रामीणांचलों से तैयार की गई पापड़, कचरी, चिप्स की तमाम वैरायटी बाजार में अपनी प्रभावी छाप छोड़ रही है। लोग इनमें काम करने वाली महिलाओं की मेहनत को खरीदारी के दौरान तरजीह दे रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले पापड़, कचरी, चिप्स की खरीदारी लोग खूब कर रहे हैं।

### साबूदाने वाले स्ट्रावेरी पापड़ बैडमिंटन के रैकेट की मांग

बाजार में इस बार स्ट्रावेरी पापड़ की मांग ज्यादा है। ये साबूदाने से बनती है। खाने में स्वादिष्ट होती है। वहीं, साबूदाने से बनने वाले बैडमिटन रैकेट की लोग ज्यादा मांग कर रहे हैं। इस बार साबूदाने से बने उत्पाद भी खूब पसंद किए जा रहे हैं। अमीनाबाद के दुकानदार अंकित और मनमीत कहते हैं कि साबूदाने के आइटम पसंदीदा हैं। लोग खरीद रहे हैं। गृहणियां भी इनमें दिलचस्पी दिखा रही हैं। आलमबाग निवासी मधु उपाध्याय बताती है कि समय की बचत हो जाती है। बजट में ही रेडीमेड आइटम हैं। फैजुल्लागंज निवासी शिवांगी निगम का कहना है कि उनको कार्यालय जाने के कारण समय नहीं मिलता है जिसकी वजह से वह घर पर इन्हें नहीं बना पाती हैं। बाजार से खरीद की मजबूरी है।



अमीनाबाद में होली के लिए पापड़-चिप्स की खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

### जानें बाजार के भाव



- चिप्स- 320
- पापड़-320
- कचरी-280
- साबूदाना के रैकेट-160
- आरारोट से बने-120
- स्ट्रावेरी खुशबू वाले साबूदाने के आइटम-240
- दालवाले पापड़-100 से 320
- हैंडमेड चावल वाले पापड़-150 से 200
- फैंसी-100 से 150
- आलू का भाव फुटकर- 25
- आलू थोक -18 से 20

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# गरीबों को प्राथमिकता पर दिए जाएं आवास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने अकबर नगर और बटलर झील का किया निरीक्षण

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने सोमवार को अकबर नगर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अकबर नगर में लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा लगाए गए शिविर का जायजा लिया और कहा कि गरीबों को प्राथमिकता पर आवास उपलब्ध कराए जाएं। मंडलायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लिए आवेदन करने वाले विस्थापितों को आवास आवंटन में कोई समस्या न हो।

इसके बाद मंडलायुक्त ने बटलर झील के जीर्णोद्धार के चल रहे कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि हार्टिकल्चर कार्य के तहत लगाए गए पौधों में नियमित रूप से पानी देते रहें, जिससे कोई भी पौधा सूखने न पाए। मंडलायुक्त ने बताया कि बटलर झील के जीर्णोद्धार का कार्य अंतिम चरण में है। झील के पास अवैध निर्माण हटा दिए गए हैं। 221 विस्थापितों को हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास आवंटित किए गए हैं।

### होली पर ट्रेनों की छतों पर बैठकर न करें यात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** होली पर ट्रेन में यात्रियों की भीड़ बढ़ जाती है। इसे देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रशासन ने यात्रियों से ट्रेनों की छतों पर बैठकर और पावदान पर खड़े होकर यात्रा न करने की सलाह दी है। यात्री स्टेशनों पर रेलवे ट्रैक को निर्धारित स्थान से ही पार करें। इसके लिए स्टेशनों पर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए फुटओवर ब्रिजों का प्रयोग करें। फुटओवर ब्रिज पर भीड़ न इकट्ठा करें। यात्रा के दौरान कोई भी यात्री अपने साथ विस्फोटक एवं ज्वलनशील वस्तुएं स्टोव, गैस सिलेंडर, आतिशबाजी का सामान, पेट्रोल एवं डीजल लेकर यात्रा न करें। यह पूरी तरह से प्रतिबंधित है। ऐसा करना दंडनीय अपराध भी है। यदि काई यात्री खतरनाक ज्वलनशील वस्तुएं लेकर यात्रा करते पाया जाएगा, तो उसके विरुद्ध रेलवे एक्ट की संबंधित धारा के अनुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# आज से पराग का खोवा बाजार में, मिलेगा 415 रुपये किलो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** होली के त्योहार को लेकर पराग प्रबंधन मंगलवार से अपना खोवा बाजार में उतार रहा है। लखनऊ दुग्ध संघ के महाप्रबंधक विकास बालियान ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पराग खोवा मंगलवार सुबह से प्रमुख बूथों पर बिकेगा। विगत वर्षों की तरह इस बार भी आम जनता को होली के पर्व पर स्टीम पद्धति से तैयार किए गए खोवा को उपलब्ध कराया जाएगा।




पिछली बार की तुलना में इस बार प्रबंधन ने दरें कम रखीं है। एक किलो खोवा 415 रुपये में मिलेगा। वहीं, आधा किलो खोवा की कीमत 210 रुपये रखी गई है। संघ के सभी प्रमुख बूथों पर इसकी उपलब्धता रहेगी। पिछले साल आधा किलो खोवा की कीमत 225 रुपये और एक किलोग्राम खोवा की पैकिंग 450 रुपये थी। महाप्रबंधक बालियान के मुताबिक इसके अलावा त्योहार को देखते हुए शुद्ध देशी घी से निर्मित मिठाइयां रसगुल्ला, गुलाब जामुन, पतीसा, छेना खीर, मिल्क केक, कलाकंद आदि की विस्तृत रेंज पराग के प्रमुख बूथों पर आमजन को मिल सकेगी। इस साल प्रबंधन 20 से 25 टन खोवा बेचे जाने का लक्ष्य तय किया गया है।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Admission Open 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105



Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

## एक नजर

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरागांधी प्रतिष्ठान चौराहे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से टेंपो चालक ठाकुरगंज निवासी मुइद अहमद (55) की मौत हो गई। बेटी हुदा ने बताया कि रविवार यहियागंज, चौक से माल लेकर जा रहे थे। सुबह करीब 10 बजे अज्ञात व्यक्ति ने सड़क हादसे की सूचना दी। विभूतिखंड पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश कर रही है।

### ई-रिक्शा की बैटरी चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना पुलिस ने शनिवार को ई-रिक्शा की बैटरी चोरी करने वाले तीन शातिरों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपित मलिहाबाद निवासी विपिन कुमार, काकोरी निवासी मनोज यादव और निशार है। तीनों के पास से छह बाइक, एक स्कूटी, ई-रिक्शा की बैटरी समेत अन्य माल बरामद किया। वहीं, बंद मकान से चोरी करने वाले दो रजनीश रावत और अनुज को भी आशियाना पुलिस ने चोरी का माल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा।

### 20 हजार का इनामी दबोचा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ क्राइम टीम ने गोसाईंगंज पुलिस के सहयोग से सोमवार को 20 हजार के इनामिया विकासनगर निवासी रितेश दिवाकर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने ग्रीन वुड इंफ्रा डेवलपर्स प्रा. लि. कंपनी से रुपये लेकर जमीन अपने नाम करवा ली। उसके बाद दूसरे को बेच दी। पुलिस ने जेल भेजा।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज पुलिस ने सोमवार को दुष्कर्म के आरोप में जितेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने घर में घुसकर मानसिक मंदित के साथ दुष्कर्म किया था। बेसुध होने पर छोड़कर फरार हो गया था।

# महिला की मौत के बाद थाने के गेट पर शव रखकर प्रदर्शन

## देर रात सड़क दुर्घटना में हुई थी महिला की मौत, परिजन ने गिरफ्तारी की मांग को लेकर किया हंगामा

संवाददाता, मलिहाबाद

**अमृत विचार :** माल थानाक्षेत्र अंतर्गत शाहमऊ गांव में देर रात सड़क दुर्घटना में घायल श्यामा (55) की इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने माल थाने के गेट पर महिला का शव रख प्रदर्शन किया। परिजनों ने कार चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नारेबाजी की। आनन-फानन पुलिस ने कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**परिजन ने गिरफ्तारी की मांग-** प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी के मुताबिक, शाहमऊ गांव निवासी श्यामा रविवार शाम बाग से लकड़ियां बटोर घर की तरफ जा रही थी। सुरतीखेड़ा गांव के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में पहुंचने पर महिला की मौत हो गई। बेटे अनिल की लिखित शिकायत पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या की धारा में प्राथमिकी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। सोमवार दोपहर करीब 3 बजे परिजन पोस्टमार्टम हाउस से शव लेकर थाने पहुंच गए। फिर थाने के गेट पर महिला का शव रख आरोपी कार चालक की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही एसीपी मलिहाबाद वीरेंद्र विक्रम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन में शामिल मृतका के परिजन को कार चालक की गिरफ्तारी करने आश्वासन दिया। हालांकि, परिजन फौरन गिरफ्तारी किए जाने की मांग को लेकर जिद पर अड़े रहे।



मलिहाबाद में घटना के बाद प्रदर्शन कर रहे आक्रोशित लोगों को समझाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### प्रदर्शनकारियों पर हो सकती है कार्रवाई

एसीपी मलिहाबाद वीरेंद्र विक्रम सिंह के मुताबिक थाने के गेट पर महिला का शव रखकर प्रदर्शन करने वाले लोगों की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। पुलिस उन लोगों पर भी कार्रवाई कर सकती है जो परिजन को उकसाते रहे। जिससे यातायात व्यवस्था बाधित हो गई। फिलहाल, वीडियो और फोटोग्राफ की मदद से प्रदर्शन में शामिल लोगों को चिन्हित किया जा रहा है।

### माल-भरावन मार्ग पर यातायात बाधित

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस ने परिजन को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह मार्ग से नहीं हटे। परिजन की भीड़ में शामिल कुछ लोग उन्हें उकसाते रहे, जिससे परिजन उग्र हो गए। इस प्रदर्शन का खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ा। प्रदर्शन के चलते माल भरावन मार्ग का यातायात बाधित हो गया। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर लोगों तितर-बितर कर शव को अंतिम संस्कार के लिए मृतका के गांव रवाना करा दिया।

## कार पर पथराव कर दो दोस्तों पर हमला

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई थानाक्षेत्र अंतर्गत वृंदावन गेट नहर के पास पुराने विवाद को लेकर कुछ युवकों ने एक कार पर पथराव कर दिया।प्रभारी निरीक्षक बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक, मोहनलालगंज कोतवाली के परवर पूरब गांव निवासी प्रिन्स यादव ने साहिल द्विवेदी, आदित्य गुज्जर, विशाल और पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि शनिवार शाम करीब चार बजे दोस्त सुमित के साथ वह कार से जा रहे थे। वृंदावन गेट नहर के पास घात लगाए युवकों ने उनकी कार पर पथराव कर दिया। इसके बाद युवकों ने जान से मारने की नियत से पीड़ित व उसके दोस्त को कार से घसीट लोहे की रॉड व हॉकी से हमला कर दिया। इस हमले से पीड़ित बेहोश होकर वहीं गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने दोनों को एसजीपीजीआई के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला पुराने विवाद से जुड़ा है।

# बोलेरो ने बाइक में मारी टक्कर, अधेड़ की मौत

## काकोरी के मोहान रोड पर हुई दुर्घटना, दो लोग घायल

संवाददाता, काकोरी

- तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह
- उछलकर दूर जा गिरे बाइक सवार

**अमृत विचार :** काकोरी थानाक्षेत्र अंतर्गत मोहान रोड पर तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दिया। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग उछलकर दूर जा गिरे। दुर्घटना के बाद सवार भागने लगा। सूचना मिलने के बाद चौकी पर मौजूद पुलिसकर्मियो ने बोलेरों को दौड़ा पकड़ा और घायलों को इलाज के लिए ट्रामासेंटर ले गए, जहां डाक्टर ने एक अधेड़ को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो घायलों का गम्भीर हालत में इलाज चल रहा है।

मूलरूप से उन्नाव के हसनगंज आदातनगर निवासी आफिस अली (45) दोस्त फुल्लू और जुऐब अली के साथ जा रहे थे। काकोरी के मोहान रोड पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार काले रंग की बोलेरो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार तीनों उछकर सड़क के किनारे झाड़ियों मे जा गिरे। दुर्घटना के बाद कार सवार मौके से भागने के लिए गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी। राहगीरों ने सड़क के किनारे तीन लोगों को घायल देख सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस चौकी पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने कार का पीछा कर उसे पकड़ लिया। इसके बाद घटनास्थल पर पहुंचकर तीनों घायलों को इलाज के लिए ट्रामासेंटर लेकर पहुंचे, जहां डाक्टर ने आफिस अली को मृत घोषित कर दिया जबकि फुल्लू और जुऐब की गम्भीर हालत में इलाज चल रहा हैं।

### सड़क दुर्घटना में घायल किसान की मौत

**अमृत विचार, काकोरी :** उन्नाव के बिहारी खेड़ा में रहने वाले ज्ञान सिंह (30) किसानी करते थे। मृतक की पत्नी पूजा के मुताबिक बीते शुक्रवार को वह पति ज्ञान सिंह के साथ दुबग्गा के हयातनगर अपनी बीमार ननद को देखने आई थीं। शनिवार रात ज्ञान सिंह बच्चों के लिए परचून की दुकान पर पैदल कुछ सामान लेने गए थे। तभी रात 11 बजे जेहटा-माल रोड किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सोमवार सुबह उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक अभिनव वर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गबन के आरोप में फरार इनामी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोसाईंगंज पुलिस ने सोमवार को गबन के आरोप में फरार चल रहे 20 हजार के इनामिया आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी का वारंट भी जारी हों चुका था। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश त्रिपाठी के मुताबिक विकास नगर निवासी रितेश दिवाकर के नाम से ग्रीनवुड इंफ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने जमीन खरीदी थी। आरोपी ने वह जमीन कंपनी को बिना बताए किसी और को बेच दी। इतना ही नही जमीन की बिक्री में मिलने वाले लाखों रुपये भी खुद रख लिये। मामले की जानकारी होने पर कंपनी के निदेशक इरफान अब्बासी ने रितेश दिवाकर से संपर्क करने का प्रयास किया तो पता चला कि वह जमीन बेचने के बाद से फरार है। कंपनी ने आरोपी के खिलाफ गोसाईंगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी । सोमवार सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की पुलिया के पास से पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# दुष्कर्म के बाद अश्लील वीडियो वायरल करने की दी धमकी

संवाददाता, लखनऊ/ठाकुरगंज

- पीड़िता ने सआदतगंज में दी लिखित शिकायत
- प्रेम सम्बन्ध समेत कई बिन्दुओं पर जांच कर रही पुलिस

**अमृत विचार :** सआदतगंज कोतवाली में एक युवती ने परिचित के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की।

सआदतगंज थानाक्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली युवती (33) की मुलाकात सहेली माध्यम से एक युवक से हुई थी। जिसके बाद दोनों संपर्क में आए और अक्सर बातचीत करने लगे। लिखित शिकायत में पीड़िता ने बताया कि मौके का फायदा उठाकर आरोपी ने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर वह शादी करने का झांसा देने लगा। झांसा में लेकर युवक पांच वर्षों तक शारीरिक शोषण करता रहा। बीते 14 फरवरी को पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तब आरोपी ने शादी करने से इंकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने अम्बरगंज पुलिस चौकी पर आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत की। पीड़िता का आरोप है कि परिचित सादे पेपर पर उसका हस्ताक्षर कर एक फर्जी समझौता तैयार किया है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है।



**पतझड़ :** मौसम में बदलाव का असर पेड़ पौधों पर भी दिखने लगा है। वसंत ऋतु आते ही पेड़ों से पुराने पत्ते गिरने शुरू हो गये, इसके बाद नये पत्ते निकलेंगे। इसी क्रम में जीपीओ गांधी प्रतिमा के सामने जमीन पर पड़ीं पत्तियों के बीच से निकलते लोग। अमृत विचार

## दुकानों के शटर तोड़ पार की हजारों की नकदी

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** माल थानाक्षेत्र के बहरौरा गांव निवासी अनूप तिवारी की बसहरी गांव की मार्केट में हार्डवेयर की दुकान है। वहीं उनके पड़ोस में लक्ष्मीकांत की परचून की दुकान है। दोनों रविवार रात दुकान बंद कर अपने घर गए हुए थे। सोमवार सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि शटर टूटे हुए थे। अनूप ने बताया कि उनकी दुकान से चोरों ने गल्ले से पांच हजार रुपये व हजारों का सामान चोरी कर लिया। वहीं, लक्ष्मीकांत की दुकान से चोरों ने पांच हजार नकदी व अन्य सामान चुरा लिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज जांच शुरू कर दी है।

# डिप्टी जेलर समेत तीन घरों से लाखों के जेवरात चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीजीआई, बीबीडी और गोमतीनगर क्षेत्र से सामने आए मामले

**अमृत विचार :** राजधानी में चोरों ने डिप्टी जेलर समेत तीन घरों कीमती ज्वैलरी, बाइक व रोजमर्रा का सामान पार कर दिया। पीड़ितों ने सम्बन्धित थानों मे प्राथमिकी दर्ज कराई है।

पीजीआई प्रभारी निरीक्षक बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक, पंचम खेड़ा निवासी रीता श्रीवास्तव सुल्तानपुर जिला कारागार में डिप्टी जेलर हैं। गत 11 मार्च की शाम करीब 7 बजे वह पंचम खेड़ा स्थित मकान पर पहुंची तब मेनगेट का ताला टूटा मिला। कमरे का सारा सामान बिखरा हुआ था। बताया कि चोरों ने अलमारी में रखी सोने की अंगूठी व करीब एक लाख का गृहस्थी का सामान पार कर दिया। वहीं, बीबीडी इलाके के गंगोत्री विहार निवासी अविनाश दुबे ने बताया कि गत 9 फरवरी को वह सपरिवार के साथ हैदराबाद गए हुए थे। शनिवार को चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात समेत 60 हजार रुपये का सामान चोरी कर लिया। इसके अलावा गोमतीनगर विस्तार निवासी जयप्रकाश तिवारी के घर से उनकी बाइक चोरी कर ली।

## सार-संक्षेप



बैठक में आबकारी विभाग व राज्य कर विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

### आबकारी विभाग और राज्य कर की संयुक्त बैठक आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोक सभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मदिरा के अवैध परिवहन एवं वाहनों की जांच के सम्बन्ध में अपर आयुक्त, राज्य कर (जीएसटी) और जिला आबकारी अधिकारी की अध्यक्षता में आबकारी विभाग और राज्य कर (जीएसटी) विभाग की संयुक्त बैठक वाणिज्य भवन में आयोजित की गयी। बैठक में राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त, उपायुक्त व सहायक आयुक्त स्तर के विभिन्न शाखाओं के अधिकारी तथा आबकारी विभाग के ज़िला स्तरीय अधिकारी के साथ क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों पर चर्चा करते हुए राज्य कर विभाग के सचल दल के अधिकारियों एवं आबकारी विभाग के प्रवर्तन विंग और क्षेत्रीय निरीक्षकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त प्रवर्तन व जांच अभियान चला कर अपराध नियंत्रण की संयुक्त कार्रवाई किए जाने पर सहमति व्यक्त की गयी।

### मुआवजे और पेंशन के लिए किसानों ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** ओलावृष्टि के मुआवजे समेत कई मांगों को लेकर सोमवार को भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी की अगुवाई में किसानों ने तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। इसके बाद राज्यपाल और मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। किसानों विधवा, वृद्धावस्था और विकलांगों की रुकी पेंशन जल्द जारी करने,एक अप्रैल 2023 से फरवरी 2024 तक किसानों से वसूला गया ट्यूबवेलों का बिजली बिल वापस कराने और किसानों का कर्ज माफ करने, ओलावृष्टि से फसलों के नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग प्रमुखता से उठाई। एमएसपी गारंटी कानून लागू करने समेत 39 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। चुनाव आचार संहिता के साथ जिले में धारा 144 लागू हो गई है। किसानों ने बिना अनुमति के तहसील पर धरना प्रदर्शन किया।

### सेतु निगम के ठेकेदार से लाखों की ठगी, प्राथमिकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मलिहाबाद कोतवाली में सेतु निगम के ठेकेदार ने जालसाजों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह के मुताबिक, ठाकुरगंज थानाक्षेत्र के हनी अपार्टमेंट निवासी सेतुनिगम के ठेकेदार नावेद रिजवी ने बताया कि भूहर पुलिस चौकी के पास मियां गौस से मुलाकात हुई थी। बातचीत के दौरान मियां गौस ने बताया कि दुलार मऊ में उसकी पैतृक जमीन है। इसके बाद पीड़ित ने जमीन के पेपर मंगवाए। अगले दिन मियां गौस अपने भाईयों मगनून गौस, रिहान गौस, आजाद गौस, शान गौस खां को लेकर उनके घर पहुंचा और जमीन की खरीद-फरोख्त का 27 लाख रुपये में सौदा तय हुआ। पीड़ित ने आरोपियों के खाते में रुपये ट्रासंफर कर दिए। कुछ दिन बाद पीड़ित ने जमीन पर काम शुरू करवाया। तब पुलिस ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। तफ्तीश में पता चला कि जमीन मिया गौस की नहीं है। आरोपियों ने धोखाधड़ी कर जमीन का बेच दी। रुपये मांगने पर वह धमकाने लगे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

### भाइयों पर गुंडा एक्ट की कार्यवाही

**अमृत विचार, निगोंहा :** आगामी लोकसभा को देखते हुए पुलिस ने निगोंहा ब्रम्हदासपुर गांव निवासी पवन कुमार और बब्लू उर्फ देशराज के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि दोनों पर आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज पाए गए है ।वही आगे भी चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिये अराजकतत्वो व अपराधियों को चिन्हित कर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की जायेगी।

### प्रेमी के साथ किशोरी फरार

**अमृत विचार, काकोरी :** काकोरी थानाक्षेत्र एक युवक किशोरी को बहला-फुसला कर अपने संग भगा ले गया। पीड़ित पिता ने आरोपी व उसके परिजनों के खिलाफ सम्बन्धित थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद ने बताया विशाल और उसके परिवारिक सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### भंवरेश्वर मंदिर में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**अमृत विचार,निगोहां :** बाबू सुंदर सिंह फाउंडेशन और बाबू सुंदर सिंह कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी ने सोमवार को भंवरेश्वर महादेव मंदिर परिसर में स्वास्थ स्वास्थ्य शिविर लगाया। इसमें शुगर, बीपी, वजन टेस्ट और सामान्य जांचें की गईं। जिन मरीजों में समस्या मिली उन्हें डॉक्टर से संपर्क करने का सुझाव दिया गया। कॉलेज की उपाध्यक्ष रीना सिंह ने बताया कि प्रत्येक सोमवार को मंदिर परिसर में शिवर लगाया जाएगा। इसका उद्देश्य स्वस्थ्य केक प्रति लोगों को जागरूक करना है। निदेशक डॉ आलोक कुमार शुक्ला और फार्मासिस्ट नालनीश की देखरेख में शिविर लगेगा।

# भांजे को दुष्कर्म मामले से बचाने के लिए बुजुर्ग से धोखाधड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गाजीपुर पुलिस ने जालसाजों पर दर्ज की एफआईआर

**अमृत विचार :** ....मैं दिल्ली पुलिस से सब इंस्पेक्टर हरपाल सिंह सिद्धू बोल रहा हूं, आपका भांजा दुष्कर्म के केस में फंस गया है। अगर अपने भांजे को छुड़वाना चाहते हो तो एक लाख रुपये रुपये ट्रांसफर करो, नहीं तो मैं इसको जेल भेज दूंगा। इस तरह से साइबर अपराधी ने एक युवक को डर धमका उससे 80 हजार रुपये ऐंठ लिए है।

प्रभारी निरीक्षक विकास राय के मुताबिक, कुर्मांचल नगर डी-ब्लॉक निवासी विदुशी खुलबे ने हरपाल सिंह सिद्धू नाम के शख्स पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि गत 8 मार्च सुबह साढ़े ग्यारह बजे पिता पिताम्बर दत्त के मोबाइल पर अन्जान नंबर से कॉल आई। फोनकर्ता ने खुद को दिल्ली पुलिस में तैनात सब इंस्पेक्टर हरपाल सिंह सिद्धू के रूप में परिचय देते हुए कहा कि उनका भांजा दुष्कर्म के केस में फंस गया है। भांजे को छुड़वाना के लिए जालसाज ने उनसे एक लाख रुपये की मांग की। उन्होंने बताया कि भावुकता वश पिता ने जालसाज के खाते में 80 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

# एसटीएफ का फर्जी दरोगा गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हॉस्टल संचालक को धमकाने वाले दो लोगों पर कार्रवाई
- हॉस्टल से जबरदस्ती उठा ले गया डीवीआर

**अमृत विचार :** एसटीएफ का दरोगा बन कर हॉस्टल संचालक को धमकाने वाले दो जालसाजों को बीबीडी पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने पूछताछ में बताया कि हॉस्टल के पास एक कैफे में हुए विवाद संबंधी फुटेज हासिल करने के लिए फर्जी दरोगा बन वहां धमकाया था। एक आरोपी प्राइमरी शिक्षक है।

प्रभारी निरीक्षक अजय नारायण सिंह के मुताबिक, फुटेज, मोबाइल नंबर व एसयूवी के नंबर के आधार पर बलिया निवासी अभिषेक श्रीवास्तव व उसके साथी विजय चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। अभिषेक इंदिरानगर में रहता है। वह प्राइमरी में टीचर है। वह कुशीनगर में जनपद में कार्यरत है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि हॉस्टल के बगल में भानू सिंह का स्काई लाइट कैफे है। उसके सीसी कैमरों की डीवीआर हॉस्टल में ही लगी है। गत 6 मार्च को बीबीडी विवि के छात्र अतुल राज अपनी बर्थ डे पार्टी करने वहां गए थे। तभी भानू सिंह से विवाद हो गया था। आरोप है कि भानू ने पिस्टल से फायर भी किया था। इसके बाद पुलिस ने भानू और उसके साथियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। मामले में अतुल व उसके साथी सीसी फुटेज मांगने गए थे, लेकिन राहुल जायसवाल ने फुटेज देने से मना कर दिया था। तब अतुल के दोस्त अभिषेक दारोगा बन फुटेज लेने गया था।

### यह है मामला

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गोयल अपार्टमेंट निवासी राहुल जायसवाल इलाके में एक हॉस्टल चलाते हैं। 8 मार्च को एसयूवी से दरोगा की वर्दी में एक शख्स पहुंचा था। उसके साथ एक साथी भी था। उसने बताया था कि वह एसटीएफ में तैनात है। नेम प्लेट पर अभिषेक श्रीवास्तव लिखा था। वह हॉस्टल व उसके बगल के कैफे के पूरे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज लेकर चला गया था। डीवीआर से फुटेज डिलीट भी करवाए थे। विरोध करने पर उसने राहुल को धमकाया भी था। राहुल के दोस्त मृत्युंजय ने मामले में मुकदमा दर्ज कराया था।

## महिला मरीज से उड़ाए गहने और नकदी

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू की डेंटल क्लीनिक में दवाई लेने गयी बुजर्ग महिला मरीज को उचक्के ने झांसे में लेकर नकदी और जेवर उड़ा ले गए। बाराबंकी के विजय नगर निवासी रवीन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि उनकी मां शांति वर्मा, बहन स्नेहलता वर्मा के साथ केजीएमयू के डेंटल क्लीनिक में दवाई लेने के लिए आई थी। उसकी मां चलने में अस्मर्थ है, लिहाजा स्नेहलता ने उन्हें गेट नम्बर-2 पर बैठाने के बाद पर्चा बनवाने चली गयी। इसी दौरान गार्ड की ड्रेस में एक व्यक्ति शांति के पहुंचा और कहने लगा कि आपकी बेटी ने रुपए और जेवर मंगवाया है। वैसे भी जब डॉक्टर देखते है, तो वहां जेवर उतरवा दिए जाते। बुजुर्ग उचक्के का बात मानकर गले की चेन, झुमकी, पायल, बिछिया और 10 हजार रुपए उसे दे दिया। इसके बाद गार्ड वहां से चला गया, जब स्नेहलता मां के बास पहुंची, तब उसे ठगी की जानकारी हुई। प्रभारी निरीक्षक नागेश उपाध्याय का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर गेट के सामने लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही हैं।

त्योहार | काकोरी क्षेत्र में शाम होते ही जम जाती हैं टोलियां

# गांवों में जारी है फाग के संग होली की उमंग

संवाददाता, काकोरी

**अमृत विचार :** फागुन के साथ ही गांवों में फाग के राग सुनाई देने लगे हैं। शाम होते ही गांवों में ढोलक की थाप और मंजीरों की झंकार के साथ फगुहार झूमने लगते हैं। वर्षों पुरानी परंपरा को बुजुर्गों के साथ मिलकर नई पीढ़ी आगे बढ़ा रही है।

सदा आनंद रहे यह नगरी, मोहन ख्यालै होली हो, खेलत फाग चली बृज बनिता निकरी व निकरी लालन की ओर, है कोई झूमर बहुरिया है कोई झूमर ख्यालै हो, आय बसंत सबै दिन बौरे चातक बोलत मधुर रागनी, उमकी अवधि सोभा अधिकाई मन मंदिर में होन लाग, दोउ खेलन आये फूल फाग ये गीत होली को पारंपरिक बना रहे हैं।

काकोरी के बरगदतला के भुईयां देवी माता मंदिर के प्रांगण में, कुसमौरा, कठिंगरा, जलियामऊ, करझन समेत दर्जनों गांवों में फाग सुनाई देने लगा है। होलिका दहन से पहले पड़ने वाले सोमवार या शुक्रवार को ग्राम देवता के मंदिर में रंग गुलाल व प्रसाद चढ़ाकर फगुहारे सुखी शांति की कामना करते हैं। गांवों में फाग गाने का कार्यक्रम बसंत पंचमी पर ढाह गड़ने के साथ ही शुरू हो जाता है जो होली के दिन तक जारी रहता है।

फगुहारों की टोलियों में कुसमौरा बीडीसी सुनील यादव,डॉक्टर हेमंत यादव, संजय यादव, जगदीश यादव, शिवबालक यादव, राजू यादव, राहुल मिश्रा, आनंद मौर्य, सर्वेश, छोटू, रामकिशोर, दुलारे यादव, चुनई यादव, मंगल यादव ने शामिल हैं।



काकोरी क्षेत्र के एक गांव में फाग गाते ग्रामीणों की टोली। अमृत विचार

# लापता एमसीए छात्र का गोमती में उतराता मिला शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पिता ने कॉलेज प्रबंधन पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**अमृत विचार :** गौतमपल्ली थानाक्षेत्र अंतर्गत 1090 चौराहे के पास सोमवार सुबह लापता एमसीए छात्र मयू सैनी (24) का शव गोमती नदी में उतराता मिला। स्थानीय गोताखोरों की मदद से पुलिस ने शव को बाहर निकाला। जेब से मिले आईकार्ड की मदद से पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को जानकारी दी। पिता मनोज सैनी ने बेटे की मौत पर कॉलेज कॉलेज प्रबंधन पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अलीगंज के बड़ा चांदगंज निवासी मयूर एक निजी कॉलेज से एमसीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। गत 16 मार्च को वह लापता हो गया। अगले दिन पिता मनोज सैनी ने गुडम्बा थाने में बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जांच में पता चला कि 15 मार्च को मयू सैरपुर के एक इंस्टीट्यूट में परीक्षा देने गया था। परीक्षा के दौरान साथी अख्तर के साथ नकल करते एक शिक्षक ने उसे पकड़ लिया था। जिसके दोनों से परीक्षा की काफी छीन दूसरी कॉपी दे दे गई थी। इसके अलावा एक पेपर पर हस्ताक्षर करवा लिए गए।

## एक नजर

### अमित के खेल से एनईआर लखनऊ सेमीफाइनल में

अमृत विचार, लखनऊ : अमित सिंह (30 रन, 2 विकेट) के हरफनमौला खेल की बदौलत एनईआर लखनऊ ने सुबोध मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सेमीफाइनल में जगह बनाई। जीसीआरजी मैदान पर खेले गए मैच में एनईआर लखनऊ ने ध्रुव क्रिकेट अकादमी को 8 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एनईआर लखनऊ ने 184 रन बनाए। जवाब में ध्रुव क्रिकेट अकादमी की टीम 176 रन पर ही सिमट गई। ध्रुव की ओर से हर्ष त्यागी ने 81 रनों की पारी खेली लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

### 21 से वाराणसी में चयन ट्रायल

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश की अंडर- 20 पुरुष नेशनल फुटबॉल टीम का चयन परीक्षण 21 से 23 मार्च तक वाराणसी स्थित बीएचयू के फुटबॉल मैदान पर होगा। एक जनवरी 2005 से 31 दिसम्बर 2007 के मध्य जिनका जन्म हुआ है, सिर्फ वे ही खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। खिलाड़ियों को अपे साथ जन्म प्रमाण पत्र की मूल प्रति लानी होगी, जिसे एक वर्ष के अंदर जारी किया गया हो। इसके अलावा आधार कार्ड, पैन कार्ड और चार नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो भी लाना अनिवार्य होगा। जिन खिलाड़ियों को ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने सीआरएस नंबर जारी किया है, वे ही इस चयन में हिस्सा ले सकते हैं।

# केएल राहुल टीम के सबसे अहम खिलाड़ी : बडोनी

## जल्द ही अभ्यास कैंप में शामिल होंगे कप्तान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कप्तान केएल राहुल हमारे सबसे अहम खिलाड़ी हैं। उम्मीद है कि वह फिट होकर जल्द ही धमाकेदार वापसी करेंगे। यह जानकारी लखनऊ सुपरजायंट्स के धाकड़ बल्लेबाज आयुष बडोनी ने सोमवार को दी। उन्होंने कहा कि जल्द ही वे लखनऊ में चल रहे टीम के अभ्यास सत्र में शामिल होंगे।

उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि हमारी टीम दमदार प्रदर्शन को तैयार है। सभी खिलाड़ी फिट हैं और फार्म में चल रहे हैं। काम्बीनेशनल भी पहले की तुलना में बेहतर नजर आ रहा है। इस बार आईपीएल में हमारी टीम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। टीम के साथ जुड़े नए कोच लैंगर से भी खिलाड़ियों का तालमेल बेहतर हुआ है, जो टीम के प्रदर्शन में सुधार लाएगा।

इकाना स्टेडियम की नई पिच के बारे में उन्होंने कहा कि हमने जितना पिच को अभी तक समझा है प्रैक्टिस के दौरान यह बल्लेबाजी के लिए बेहतर रही है। पिछली बार की तरह यहां सिर्फ केवल गेंदबाजों को ही मदद नहीं मिलेगी। ऐसे में लखनऊ में होने वाले आईपीएल मुकाबलों में रनों की भरमार रहेगी।

उन्होंने बताया कि पिछले सत्र में मुझे इंपैक्ट प्लेयर की भूमिका दी गई थी, जहां मैंने अपनी क्षमता के अनुसार सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। इस बार मैंने अपनी बल्लेबाजी के अलावा गेंदबाजी में भी खासी मेहनत की है। मुकाबले से पहले टीम प्रबंधन जो जिम्मेदारी तय करेगा मैं उसी भूमिका में नजर आउंगा। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाड़ियों ने आज भी इकाना स्टेडियम में अभ्यास किया। बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजों ने भी खासी पसीना बहाया।



अभ्यास सत्र के दौरान बल्लेबाजी करते काईल मायर्स व क्विंटन डी कॉक। अमृत विचार



आयुष बडोनी

**▸▸ बोले - इस बार आईपीएल में हमारी टीम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी**

# इकाना स्टेडियम के पास लगेंगे अतिरिक्त टॉवर

**▸▸ स्टेडियम में 30 अप्रैल और 7 मई को होंगे मैच**

**▸▸ मैच के दिन एंबुलेंस और जीवन रक्षक दवाएं रखने और दो मेडिकल शिविर बनाने के दिए निर्देश**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में दर्शकों को नेटवर्क की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा। बेहतर नेटवर्क के लिए सभी कंपनियों के नेटवर्क बूस्टर या अस्थायी टॉवर लगवाए जाएंगे।

जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने इकाना स्टेडियम में 30 मार्च और सात अप्रैल को होने वाले क्रिकेट मैच को लेकर बैठक में उक्त निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग स्टेडियम और आस पास के क्षेत्र की सुरक्षा का ऑडिट कर प्रमाणपत्र देगा। जबकि नगर निगम और स्टेडियम की टीम संयुक्त रूप से पूरे स्टेडियम की चेकिंग करने के साथ ही साफ-सफाई आदि करेंगे। जबकि इकाना प्रबंधन स्टेडियम में पेस्ट कंट्रोल कराएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग क्रिकेट टीमों के प्रवास स्थल/होटलों एवं स्टेडियम के अंदर-बाहर खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग कराएगा। क्रिकेट मैच के दौरान स्टेडियम के अंदर चयनित वेंडरों के माध्यम से बेचे जाने वाले खाद्य और पेय पदार्थों की गुणवत्ता की भी जांच कराई जाएगी। उन्होंने आयोजन के दिन एंबुलेंस और जीवन रक्षक दवाएं रखने और दो मेडिकल शिविर भी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम नगर पूर्वी अमित कुमार, अपर नगर आयुक्त, डीसीपी साउथ रवीना, इकाना स्टेडियम के पदाधिकारी, बीसीसीआई के अधिकारी और लखनऊ सुपर जाइंट के पदाधिकारी मौजूद रहे।



इकाना स्टेडियम में होने वाले आईपीएल मैच को लेकर बैठक करते जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार। अमृत विचार

## प्रांजल ने लगाया दोहरा शतक

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रांजल सिंह (नाबाद 226) के तूफानी दोहरे शतक से मधुकर एकादश ने 24वीं एलसीए फ्रेंडशिप आमंत्रण कप में लखनऊ क्रिकेट हास्टल को 160 रन से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

प्ले फिट ग्राउंड चौक पर मधुकर एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 342 रन का विशाल स्कोर बनाया। टीम के दो विकेट जल्द गिर गए थे लेकिन प्रांजल सिंह (नाबाद 226) के दोहरे शतक व यशवर्द्धन नेगी (नाबाद 77 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 329 रन की विशाल साझेदारी की। प्रांजल सिंह ने 118 गेंदों पर 21 चौके व 15 छक्के से नाबाद 226 रन बनाए। वहीं यश वर्धन नेगी ने अपनी नाबाद पारी 86 गेंदों पर 10 चौके से खेली।

जवाब में लखनऊ क्रिकेट हास्टल की टीम 35 ओवर में 9 विकेट खोकर 182 रन ही बना सकी। अंकित पाल ने 51 रन, इब्राहीम रज़ा ने 23 व अनवार हुसैन 22 रन बनाए। आज पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि मधुकर मोहन (वरिष्ठ क्रिकेटर व संस्थापक यार्कर क्रिकेट क्लब) ने किया। प्रतियोगिता का फाइनल मंगलवार को यशराज क्रिकेट अकादमी कानपुर बनाम लखनऊ क्रिकेट अकादमी के बीच सुबह 8 बजे से खेला जाएगा।



पदक के साथ विजेता खिलाड़ी, साथ में कोच। अमृत विचार

# ऑक्सफोर्ड ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने जीते सात स्वर्ण

**▸▸ दिव्य राज वंश और सिद्धार्थ सिंह ने जीते दोहरे स्वर्ण**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऑक्सफोर्ड ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने चौक स्टेडियम में रविवार को संपन्न हुई राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 7 स्वर्ण, 2 रजत सहित कुल 9 पदक जीत कर लखनऊ में अपना दबदबा बनाया। इन खिलाड़ियों में दिव्य राज वंश और सिद्धार्थ सिंह ने दोहरे स्वर्ण पदक जीतकर धमाल मचा दिया। दिव्य राज ने सब जूनियर क्योरगी के अंडर 17.7 किग्रा भार वर्ग और सिद्धार्थ ने अंडर-23 भार वर्ग के साथ पूमसे में भी पहला स्थान हासिल किया।

इसके अलावा पूमसे में ध्रुव कुमार रावत, आशुतोष मिश्रा ने सब जूनियर व प्राची पाल ने कैडेट वर्ग में स्वर्णिम सफलता हासिल की। सब जूनियर पूमसे में गार्गी सिंह को रजत पदक मिला। सब जूनियर क्योरगी में ध्रुव रावत ने अंडर-21 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक जीता। खिलाड़ियों की इस सफलता पर अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक अतुल यादव व सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी। अतुल यादव ने बताया कि इस राज्य प्रतियोगिता में लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर, रायबरेली, कानपुर, बरेली, बनारस, हरदोई, शाहजहांपुर सहित 15 जिलो के 350 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था।

## अभिषेक के खेल से गुरुकुल क्लब का जीत से अभिषेक

**अमृत विचार, लखनऊ :** अभिषेक यादव ( 83 रन, 70 गेंदे, 7 चौके, और 4 छक्के) की सटीक गेंदबाजी की बदौलत गुरुकुल क्रिकेट क्लब ने प्रथम एमएल मिश्रा मेमोरियल क्रिकेट अकादमी के प्री क्वार्टर फाइनल में गुरुमान क्रिकेट अकादमी को 118 रनों से हरा कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। गुरुकुल क्रिकेट क्लब ने सभी विकेट खोकर 293 रनों को स्कोर बोर्ड पर टांगा। जवाब में गुरुमान अकादमी की टीम 175 रनों के योग पर सिमट गई। गुरुमान अकादमी की ओर से आकर्ष गुप्ता ने 105 रनों की पारी खेली लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

इसी टूर्नामेंट के एक अन्य मुकाबले में ब्लेज विलो क्रिकेट अकादमी ने आशीष नेहरा क्रिकेट अकादमी को हरायाा। विजय टीम की ओर से मैन ऑफ द मैच मोहित यादव ने 54 रन बनाए और परिजत टीम का एक विकेट लिया। पं. रास बिहारी तिवारी स्टेडियम पर खेले गए मैच में जयपुरिया क्रिकेट अकादमी ने शाकुम्भरी क्रिकेट क्लब को 9 विकेट से हराया। विजयी टीम की ओर से सुशील राव ने 78 रनों की नाबाद पारी खेली। स्पोर्ट्स कॉलेज में खेले गए मैच में आशा स्पोर्ट्स फाउंडेशन ने रुद्रांश क्रिकेट क्लब को 9 विकेट से हरा दिया।

## सार-संक्षेप



सप्रु मार्ग स्थित एक होटल में प्रेस वार्ता करते फिल्म व्हाट ए किस्मत के कलाकार नवोदित युद्धवीर दहिया व निर्देशक मोहन आजाद। अमृत विचार

### आम आदमी की कहानी है फिल्म व्हाट ए किस्मत

अमृत विचार, लखनऊ : फिल्म व्हाट ए किस्मत के लेखक व निर्देशक मोहन आजाद और नायक युद्धवीर दहिया फिल्म के प्रमोशन के लिए सोमवार को लखनऊ पहुंचे। यह फिल्म 22 मार्च की रिलीज होगी। निर्देशक मोहन आजाद ने बताया कि यह फिल्म उस आम आदमी की फिल्म है जो लाख कोशिशों के बावजूद अपने मुकाम को हासिल नहीं कर पाता। किस्मत एक बार साथ देती है और वह अपनी मंजिल हासिल करता है लेकिन उस मंजिल पर बहुत देर तक टिक नहीं पाता। यह फिल्म 22 मार्च को उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र में रिलीज होगी। फिल्म के नायक युद्धवीर दहिया थियेटर से जुड़े रहे हैं। मोहन आजाद इससे पहले फिल्म चांदनी बार की कहानी लिख चुके हैं।

### लखनऊ में शूट हो रही है फिल्म अजनबी शहर में

अमृत विचार, लखनऊ : फेस्का फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली फिल्म अजनबी शहर में की शूटिंग राजधानी के विभिन्न इलाकों में हुई। राजीव प्रकाश द्वारा लिखित व निर्देशित इस फिल्म में करियर को संवारने की कोशिश में लगे युवक को प्रेम हो जाने के बाद किन समस्याओं से जूझना पड़ता है, इसे बहुत अच्छे अंदाज में दिखाया गया है। फिल्म अजनबी शहर में दिव्या सिंह, नवनीत मिश्रा, डॉ. लक्ष्मी निगम, सर्वेश कुमार और डीके मोदी ने भूमिकाएं निभाई हैं।

### रोटरी क्लब ने महिलाओं को वितरित की सिलाई मशीनें

अमृत विचार, लखनऊ : रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ ने रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3120 की तरफ से वर्ष 2022-23 के लिए आई सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। रोटरी कम्युनिटी सेंटर में केके श्रीवास्तव द्वारा लखनऊ, बाराबंकी व रायबरेली की महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित कीं। इस मौके पर रोटेरियन संगीता मारवाह और राधेश्याम सचदेवा मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में वर्ष 2022-23 के प्रेसिडेंट प्रवीण मित्तल, वर्तमान वर्ष की प्रेसिडेंट संगीता मित्तल, सेक्रेटरी अंजना अग्रवाल, पीडीजी केके श्रीवास्तव समेत क्लब के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### श्याम मंदिर में धूमधाम से मनेगा कार्यक्रम फागुन आयो रे

अमृत विचार, लखनऊ : गोमती तट स्थित श्याम मंदिर में फागुन आयो रे कार्यक्रम का आयोजन बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। श्याम परिवार लखनऊ के महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि फाल्गुन उत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए पिछले 20 दिनों से कोलकाता के कलाकार मंदिर में बाबा का भव्य अलौकिक दरबार बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की शुरुआत 19 मार्च की सुबह नौ बजे श्याम ध्वज यात्रा से होगी। आशीष अग्रवाल ने बताया कि इस बार होली उत्सव का कार्यक्रम सोमवार 25 मार्च को सुबह आठ बजे से मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। जिसमें पांच कुंतल फूल एवं 10 कुंतल गुलाल की व्यवस्था की गई है।

### जरूरतमंदों को एक माह का राशन पहुंचाएगा गुल फाउंडेशन

अमृत विचार, लखनऊ : गुल फाउंडेशन की ओर से खुर्रम नगर में मंगलवार को दोपहर 1 बजे से जरूरतमंद 200 परिवारों को रमजान किट का वितरण किया जायेगा। फाउंडेशन की अध्यक्ष गुलेराना सईद गुल ने बताया कि इस रमजान किट में में एक महीने का राशन दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस रमजान किट को अलग-अलग तारीख को अलग-अलग जगह पर वितरित किया जायेगा।

# लोहिया पार्क में आज से जुटेंगे देशभर के 350 कलाकार

**▸▸ 19 व 20 को राम मनोहर लोहिया पार्क में होगा राष्ट्रीय लोक महोत्सव देशज**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत की लोक कलाओं के संवर्धन के क्षेत्र में काम कर रही संस्था सोनचिरैया आगामी 19 व 20 मार्च को गोमती नगर स्थित राम मनोहर लोहिया पार्क में राष्ट्रीय लोक महोत्सव देशज का आयोजन करेगी। जिनमें देश भर के लगभग 350 लोक कलाकार शामिल होंगे। इस समारोह में मिर्जापुर की प्रसिद्ध कजरी गायिका पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव को लोकनिर्मला सम्मान दिया जायेगा। यह पुरस्कार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों दिया जाता है। इस बार का लोकनिर्मला सम्मान मिर्जापुर की प्रसिद्ध कजरी गायिका पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव को दिया जायेगा। इस बार के आयोजन में देश भर की विभिन्न लोक कलाओं का प्रदर्शन देखने को मिलेगा। जिनमें सुदूर असम से बिहू, केरल का कलारीपट्टू, बंगाल का रायबेनशे, राजस्थान का कलबेलिया, पंजाब का भांगड़ा, महाराष्ट्र का मलखंभ, मध्यप्रदेश का बधाई, नृत्य आदि का प्रदर्शन किया जायेगा। सोनचिरैया की सचिव मालिनी अवस्थी ने इस सम्बन्ध में राम मनोहर लोहिया पार्क में पत्रकारों को बताया कि देशज के उद्घाटन में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, बंगाल के लोक कलाकार, बाउल गायक पूरन चंद बाउल भी मौजूद रहेंगे। समापन में उत्तर प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम के हाथों इस वर्ष का लोक निर्मला सम्मान दिया जाएगा।



गोमती नगर दयाल गेटवे किसान बाजार में नारी शक्ति सम्मान और होली मिलन कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित होने वाली महिलाओं के साथ ब्रह्मकुमारी राधा दीदी, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, वरिष्ठ समाजसेविका नम्रता पाठक, लघु उद्योग भारती की प्रांतीय अध्यक्ष रीता मित्तल, महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष रिंकी वर्मा व इनर व्हील ट्रांसगोमती की अध्यक्ष राखी। अमृत विचार

# महिलाओं के सम्मान ने होली के आयोजन में लगाए चार चांद

**▸▸ मुख्य अतिथि के रूप में नम्रता पाठक, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया समेत अन्य रहीं मौजूद**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इनर व्हील क्लब लखनऊ ट्रांसगोमती, लघु उद्योग भारती लखनऊ महिला इकाई अवध प्रान्त और स्वावलंबी भारत अभियान तथा एमसीएक्स ने होली के उपलक्ष्य में जीवंत रंगों और उत्साह भरे माहौल के बीच एक विशेष होली कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें एकता, सशक्तिकरण की भावना और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के अनमोल योगदान का जश्न मनाया गया।

इस आयोजन में सांस्कृतिक उत्सव का आनंद लेते हुए महिलाओं के उत्कृष्ट प्रयासों का सम्मान किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नम्रता पाठक, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, ब्रह्मकुमारी राधा और रीता मित्तल की मौजूदगी उल्लेखनीय रही। सुनीता रमन के संचालन में हुए इस आयोजन में शिखा गोयल, मोनिका भोनवाल, ममता बैश्य, प्रियंका, ऋतु द्विवेदी, शैली, किरण अग्रवाल, रिंकी वर्मा, प्रियेता, डॉ. शीतल वर्मा, प्रियंका गुप्ता, उर्वशी शुक्ला, विनीता गुप्ता, मोनिका जैन ने कार्यक्रम की सफलता में योगदान दिया।

आयोजन का मुख्य आकर्षण ग्रामीण क्षेत्रों में व्यावसायिक सेवाओं को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान रहा। इस खुशहाल माहौल में रंगों की एक खूबसूरत नृत्य प्रस्तुति भी हुई। इस मौके पर नम्रता पाठक ने सभी प्रतिभागियों का उत्साह और समृद्धि के प्रति उनकी समर्पणता का आभास कराया।


# बीमारी की वजह से छोड़े गए रोजे स्वस्थ होने पर रखने होंगे

## रोजा-नमाज में लापरवाही न करने वाले को दिया जा सकता है खुम्स का पैसा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आयतुल्लाह अल उजमा सय्यद सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से जारी हेल्पलाइन पर रोजेदारों द्वारा रोजा, नमाज और अन्य धार्मिक समस्याओं पर पूछे गए सवालों के जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी और अन्य उलेमा के पैनल ने दिए।

इस हेल्पलाइन पर रोजाना सुबह 10 बजे से 12 बजे तक कोई भी रोजेदार मोबाइल नंबर 9415580936 और 9839097407 पर सम्पर्क कर सवाल पूछ सकता है। महिलाओं के लिए 6386897124 नंबर जारी किया गया है।



**▸▸ सवाल : अगर कोई रोजे के दौरान फेशियल कराये तो क्या उसका रोजा सही होगा?**

**जवाब :** रोजा रखकर भी फेशियल कराया जा सकता है।

**▸▸ सवाल : अगर कोई रोजेदार आंख में दवा डाले और उसका मजा गले में महसूस करे तो क्या उसका रोजा टूट जायेगा ?**

**जवाब :** इस सवाल के जवाब में कहा गया कि रोजा सही रहेगा।

**▸▸ सवाल : अगर किसी मरीज की दवा चल रही है और डॉक्टर ने दवा लेने का समय निर्धारित किया हुआ है तो उसके लिए रोजे के संबंध में क्या हुक्म है?**

**जवाब :** मरीज को डॉक्टर की सलाह मानकर समय से दवा खानी चाहिए और रोजा छोड़ देना चाहिए लेकिन स्वस्थ हो जाने के बाद उसे वह रोजे रखने होंगे। अगर वह रोजा नहीं रखता है तो उसने जितने रोजे छोड़े हैं उसके लिए प्रत्येक रोजे के बदले 750 ग्राम आटा या गेहूं किसी गरीब को दान करना होगा।

**▸▸ सवाल : क्या खुम्स का पैसा किसी गरीब को दवा के लिए दिया जा सकता है?**

**जवाब :** अगर वह व्यक्ति धर्म की राह पर चलने वाला है और रोजा-नमाज में लापरवाही नहीं करता है लेकिन गरीबी की वजह से अपना इलाज नहीं करा पा रहा है तो उसे खुम्स का पैसा दिया जा सकता है।



मंच पर प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

## नाटक द ग्रेट राजा मास्टर ड्रामा कंपनी ने खूब हंसाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** नाट्य संस्था चित्रण कला मंच समिति की ओर से संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में आयोजित तीन दिवसीय चित्रण नाट्य समारोह की पहली संध्या पर सोमवार को प्रसिद्ध नाटक द ग्रेट राजा मास्टर ड्रामा कंपनी का मंचन किया गया। नाटक में अभिषेक सिंह राजपूत, सुअंश सक्सेना, अभिषेक फिलिप्स, चारू शुक्ला, रोहित कुमार शुक्ला समेत अन्य ने उल्लेखनीय भूमिकाएं अदा कीं।

आवश्यकता है
अमृत विचार डिजिटल को
अयोध्या ऑफिस के लिए
एक वेबसाइट रिपोर्टर की
अनुभव :-किसी प्रमुख अखबार/वेबसाइट में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113, 8476006584
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

राष्ट्रीय ओरल हेल्थ कार्यक्रम के अन्तर्गत
दिनांक :20 मार्च 2024
"राष्ट्रीय ओरल हेल्थ दिवस"
Theme 'A Happy Mouth is ---A Happy Body
के अवसर पर संयुक्त जिला चिकित्सालय जनपद कन्नौज एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर निःशुल्क मुख परीक्षण (स्क्रीनिंग) की जायेगी।
मुंह के स्वास्थ्य की जन्म से करें शुरुआत
मुंह के स्वास्थ्य की बचपन से करें देखभाल
मुंह के स्वास्थ्य की सदा करें देखभाल
डा0 ओ0पी0गौतम, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नोडल एन0सी0डी0 कन्नौज
डा0 विनोद कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी, कन्नौज
शुभ्रान्त कुमार शुक्ल (आई0ए0एस0), जिलाधिकारी, कन्नौज
जिला एन0सी0डी0 सेल, जिला स्वास्थ्य समिति, कन्नौज

## एक नजर

### अश्लील हरकत मामले में डॉक्टर का बयान दर्ज

**अमृत विचार,लखनऊ :** पीएसजी पर महिला मरीज से अश्लील के मामले में जांच शुरुहो गई है। सोमवार को आरोपित डॉक्टर ने सीएमओ ऑफिस में अपना बयान दर्ज कराया। पुराने लखनऊ के एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर एक रिटायर्ड डॉक्टर तैनात हैं। आरोप है डॉक्टर इलाज के बहाने महिला मरीजों से आए दिन गलत हरकत करते हैं। शुक्रवार को भी महिला मरीज से चेकअप के बहाने अश्लील हरकत की थी। मामले का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मामला संज्ञान में आने पर सीएमओ के निर्देश पर दो सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई है। कमेटी साक्ष्य जुटा रही है। सोमवार को आरोपित डॉक्टर ने सीएमओ ऑफिस पहुंचकर अपने बयान दर्ज कराए। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने कहा कि जांच चल रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### सिस गोमती मुख्य अभियंता ने किया उपकेंद्रों का दौरा

**अमृत विचार, लखनऊ:** सिस गोमती मुख्य अभियंता ने सोमवार को कई उपकेंद्रों का दौरा किया। मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल ने बताया कि चौक,आलमबाग सहित कई उपकेंद्रों पर राजस्व सहित नये कनेक्शनों की जानकारी मांगी। उपभोक्ताओं को प्रीपेड मीटरों के कारण हो रही दिक्कतों को दूर करने के निर्देश दिए। आरडीएसएस योजना से चौक के घंटाघर में हुए कार्य प्रगति का अधिकारियों से ब्योरा मांगा। उपकेंद्र अधिकारियों को होली के त्योहार में सप्लाई बाधित ना हो इसके लिए तेजी से अनुरक्षण कार्य कराने के लिए कहा। त्योहार में हर उपकेंद्र पर कर्मचारियों के अतिरिक्त गैंग की व्यवस्था पहले से करने का निर्देश देने के साथ कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को कार्रवाई के लिए तैयार रहने की चेतावनी भी दी।

# जनेश्वर मिश्र पार्क में लगेगा डायनासोर का रियल मॉडल

## नौ मीटर ऊंचे प्रवेश द्वार पर दिखेंगे उड़ने वाले डायनासोर, राइड भी ले सकेंगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **मंडलायुक्त ने की प्रोजेक्ट की समीक्षा, तेजी लाने के दिए निर्देश**
- **पांच एकड़ में एलडीए विकसित करेगा यूपी का पहला डायनासोर पार्क**



**अमृत विचार :** जनेश्वर मिश्र पार्क में पांच एकड़ में विकसित किए जा रहे जुरासिक पार्क में 55 फिट ऊंचा डायनासोर का रियल मॉडल लगाया जाएगा। पार्क के नौ मीटर ऊंचे मेन इंट्री गेट पर उड़ने वाले डायनासोर (टेरानोडॉन) लगाए जाएंगे। पार्क में लगभग 4 मीटर ऊंचा टॉकिंग-ट्री स्थापित किया जाएगा, जो दर्शकों का स्वागत करने के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देगा। पार्क के एक हिस्से में वाटर फॉल और डायनासोर स्कल की आकृति वाली गुफा बनायी जाएगी। यहां डायनासोर राइड भी की जा सकेगी। जो पार्क में आने वाले बच्चों व युवाओं के लिए आकर्षण का केन्द्र बनेगा।

प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने सोमवार को बैठक करके प्रोजेक्ट की समीक्षा की और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि ने मौके पर किए जा रहे समस्त कार्यों का प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि जुरासिक पार्क में स्कल्पचर आदि के निर्माण में निष्प्रयोज्य वस्तुओं गाड़ियों के स्क्रैप व टायर इत्यादि का प्रयोग किया जा रहा है। इसमें डायनासोर की विभिन्न प्रजातियों के रियल साइज मॉडल तैयार कराये जा रहे हैं। उपाध्यक्ष ने बताया कि जुरासिक पार्क में डायनासोर, गॉडजिला, किंग कॉंग व मैमथ आदि के रियल साइज मॉडल लगाए जाएंगे। यह मॉडल अत्याधुनिक सेंसरों से लैस होंगे, जिससे दर्शक डायनासोर के ब्रीथिंग व साउंड इफेक्ट के साथ मूवमेंट का भी लुत्फ उठा सकेंगे।

### फूड कोर्ट की धीमी प्रगति पर मंडलायुक्त नाराज

मंडलायुक्त ने कैसरबाग स्थित बेगम हजरत महल पार्क व ग्लोब पार्क में कराए जा रहे विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा की। हुसैनाबाद में बनाए जा रहे फूड कोर्ट व म्यूजियम ब्लॉक की धीमी प्रगति पर मण्डलायुक्त ने नाराजगी जताते हुए कार्यदायी संस्था के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बेगम हजरत महल पार्क में ग्लोब व फाउंटेन के चारों तरफ आकर्षक फोकस लाइटें लगवाने और बाउंड्रीवाल में हेरिटेज लुक में जाली लगवाने के निर्देश दिए।

# नहीं पहुंच रहे बिजली गुल होने और बिल संबंधी सूचनाओं के एसएमएस

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

- **शासन की ओर से दिए गए एसएमएस सेवा को जल्द ठीक करने के निर्देश**

-एसएमएस सेवा के लिए उपभोक्ताओं के नंबर अपडेट किए जाने का काम चल रहा है। जल्द ही यह व्यवस्था ठीक कर ली जाएगी। उपभोक्ताओं को घर बैठे एसएमएस पर सभी जानकारी मिलेगी।
-सुनील कपूर
मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती

**अमृत विचार :** राजधानी में उपभोक्ताओं के मोबाइल पर बिजली विभाग के एसएमएस नहीं पहुंच रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं को बिजली गुल होने और बिल संबंधी सूचनाएं नहीं मिल रही हैं। बिल की जानकारी के लिए उन्हें उपकेंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। पॉवर कारपोरेशन के जागरूकता अभियान के एसएमएस भी नहीं पहुंच रहे हैं। शासन से मिले निर्देशों के बाद एसएमएस सेवा को ठीक कराने की कवायद शुरू की जा रही है। उम्मीद है कि नए वित्तीय वर्ष शुरू होने के साथ ही एसएमएस सेवा फिर से बहाल हो जाएगी।

बिजली विभाग की बदहाल हो चुकी एसएमएस सेवा को एक बार फिर पावर कारपोरेशन ने सुधारने का फैसला किया है। इसके लिए विभाग ने उपकेंद्र स्तर पर उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबरों को अपडेट किए जाने का कार्य शुरू कर दिया है। सभी उपकेंद्र अपने उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर अपडेट कर रहे हैं। इस काम के पूरे होते ही उपभोक्ताओं को क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित होने से लेकर महत्वपूर्ण जानकारियों का एसएमएस मिलना शुरू हो जायेगा। लेसा अधिकारियों के अनुसार, उपभोक्ताओं की शिकायत के बाद विभाग द्वारा एसएमएस सेवा संबंधी दिक्कतों को दूर किया जा रहा है।

### नहीं मिल पाती बिल में छूट कारोबार भी होता है प्रभावित

एसएमएस सेवा बंद होने से उपभोक्ताओं को काफी परेशानी से जूझना पड़ रहा है। हर छोटी-मोटी जानकारी के लिए उपकेंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। समय से बिल की जानकारी अपडेट न होने के कारण हमें अधिक बिल चुकाना पड़ रहा है। छूट का लाभ हम नहीं ले पा रहे हैं। बिजली जाने की सूचना न मिलने से घर के साथ ही कारोबार प्रभावित होता है। एसएमएस मिलने से हम पहले से ही तैयारी कर लेते हैं, जिससे किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# बच्चे के मल से खून आना अल्सर के संकेत

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार :** पेट में दर्द, कमजोरी और मल में खून आना इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज (आईबीडी) यानी की आंतों में अल्सर के लक्षण हो सकते हैं। इससे बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास रुक सकता है। समय पर इलाज न होने से भी आंतें फट सकती हैं। मौजूदा समय में आईबीडी बीमारी से ग्रसित मरीजों में 25 फीसदी बच्चे हैं। ऐसे में बीमारी को हल्के में न लें और समय रहते इसका इलाज शुरू करा दें। इस समय इस बीमारी की बॉयोलॉजिकल दवाइयां आ गई हैं। यह दवाइयां सीधे कोशिकाओं में जाकर असर करती हैं। जिससे 60 से 70 फीसदी मरीज ठीक हो रहे हैं। यह जानकारी एसजीपीजीआई के पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के डॉ.अर्घ्य सामंत ने दी है।

उन्होंने बताया कि आईबीडी के लिए, पहले सामान्य इलाज होता था, लेकिन अब बॉयोलॉजिकल दवाइयों के कारण बेहतर परिणाम मिल रहे हैं। यदि किसी बच्चे को पेट में दर्द, कमजोरी, मल में खून आने की शिकायत है, तो तत्काल चिकित्सक से सलाह लेनी चाहिए। देर होने पर स्वास्थ्य संबंधी गंभीर परिणाम हो सकते हैं। पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. उज्ज्वल पोद्दार ने बताया कि जिन बच्चों में लिवर और तिल्ली की बीमारी है। उनके माता पिता को अधिक ध्यान देने की जरूरत है।

# डाक का वितरण होगा इको फ्रेंडली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


इलेक्ट्रिक वाहन को हरी झंडी दिखाते चीफ पोस्ट मास्टर जनरल बा सेल्वकुमार।

**अमृत विचार:** डाक वितरण हेतु लखनऊ जीपीओ को पहला इलेक्ट्रिक वाहन मिला। उत्तर प्रदेश डाक परिमंडल के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल बा सेल्वकुमार ने मेल वैन को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना।

जीपीओ स्थित नोडल डिलीवरी सेंटर में निरंतर बढ़ती हुई पार्सल डाक के लिए सोमवार को इलेक्ट्रिक वाहन की शुरुआत की गई। यह वाहन पूरी तरह से स्वदेशी और प्रदुषण मुक्त है। 600 किलो ग्राम लोडिंग क्षमता की यह गाड़ी एक बार चार्ज होने पर लगभग 150 किमी चलती है। सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों, बैंक, विद्यालयों आदि में बल्क डाक की डिलीवरी के लिए जीपीओ में एक डेडिकेटेड केंद्रीकृत इकाई (नोडल डिलीवरी सेंटर) स्थापित की गयी है जो पार्सल मेल के त्वरित वितरण हेतु कार्य करती है। इलेक्ट्रिक वाहन मिलने से नोडल डिलीवरी सेंटर की डाक वितरण की क्षमता बढ़ेगी और आने वाले समय में बढ़ती डाक को समय से वितरित किया जा सकेगा।

लखनऊ मुख्यालय परिक्षेत्र के पोस्ट मास्टर जनरल विवेक कुमार दक्ष ने बताया कि नए इलेक्ट्रिक वाहन से जहां एक ओर हमारी वितरण की क्षमता बढ़ेगी वही दूसरी ओर पर्यावरण संरक्षण के लिए भी यह एक महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले समय में पर्यावरण संरक्षण हमारी प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर निदेशक डाक सेवाएं (मुख्यालय) आनन्द कुमार सिंह, प्रवर अधीक्षक डाक घर मंडल विशाल कुमार पाठक एवं चीफ पोस्ट मास्टर सुशील कुमार तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### वल्लभभाई पटेल विवि की नैक के लिए समीक्षा

**राज्य ब्यूरो :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को राजभवन में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ के नैक मूल्यांकन के लिए तैयार रिपोर्ट के प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया और तैयार की गई रिपोर्ट की समीक्षा की। राज्यपाल ने नैक मूल्यांकन के लिए गठित कमेटी के साथ बैठक में निर्धारित सभी सातों मापदंड पर बिंदुवार समीक्षा की।

## सार-संक्षेप

### खाद बिक्री का सत्यापन शुरू, 25 तक देंगे रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में उर्वरकों की बिक्री का सत्यापन का काम शुरू हो गया है। पहले दिन निजी व थोक दुकानों व गोदामों पर पहुंची टीम ने खरीद व बिक्री का मिलान किया। कहीं अभिलेख नहीं तो कहीं ई-पॉस से बिक्री न करना पाया। ऐसे विक्रेताओं पर कार्रवाई की तैयारी है। शासन के निर्देश पर सोमवार को जिला प्रशासन की तरफ से ब्लॉकवार गठित टीमों रबी में उपलब्ध कराई गई उर्वरकों की बिक्री व स्टॉक का सत्यापन कराया जा रहा है। टीम के पहुंचने पर विक्रेताओं में हलचल मच गई। कई तो मौके पर बिक्री व स्टॉक का हिसाब नहीं दे सके। पीओएस मशीन से मिलान किया गया और किसानों द्वारा खरीदी गई उर्वरकों का सत्यापन किया। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया कि ब्लॉक वार टीमें सत्यापन कर रहीं हैं। टीमें 25 मार्च तक रिपोर्ट देंगी , जो कृषि निदेशालय के माध्यम से शासन जाएगी। गड़बड़ी मिलने पर विक्रेता का लाइसेंस निलंबित या निरस्त किया जाएगा।

### मतदाता जागरूकता के लिए कार्यशाला का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वीप योजना के सोमवार को नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर में मतदाता जागरुकता कार्यशाला आयोजित की गई। प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में चुनाव आयोग के विभिन्न एप के माध्यम से छात्राओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। स्वीप संयोजक मेजर मनमीत कौर सोढ़ी ने भारत निर्वाचन आयोग के वीडियोस दिखा कर वोटर हेल्पलाइन, वोटर पोर्टल के माध्यम से नए मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने, मतदाता सूची में नाम देखने, विवरण में सुधार करने, अपने आवेदन की स्थिति जानने, अपना मतदान केंद्र ढूंढने आदि जानकारियां दी। प्राचार्य ने धर्म, जाति, समुदाय, भाषा से ऊपर उठकर निष्पक्ष और स्वतंत्र मतदान करने की शपथ दिलाई। उन्होंने नए मतदाताओं से कहाकि स्वयं मतदान करने के साथ अपने परिवार, रिश्तेदार, पास पड़ोस को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति भी सचेत रहने के लिए प्रेरित किया।

### सवा करोड़ लोगों तक पहुंचाई निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेशनल मोबाइल मेडिकल यूनिट (एनएमएमयू) ने अपने संचालन वाले 53 जिलों में पांच वर्ष सफलतापूर्वक पूरे किए। इस दौरान एक करोड़ 28 लाख 86 हजार से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया गया। ग्रामीणों को घर बैठे इस सचल अस्पताल में अनुभवी चिकित्सक से परामर्श और योग्य पैरामेडिकल स्टॉफ के साथ ही निशुल्क चिकित्सकीय जांच और दवा भी सुविधा मिल रही है। सेवा प्रदाता कंपनी के एचजी हेल्थ सर्विसेस के सीनियर मैनेजर विशाल मिश्रा ने बताया कि पांच वर्ष पूर्व 18 फरवरी 2019 को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय सचल चिकित्सा इकाई (एमएमयू) को हरी झंडी दिखाकर प्रदेश के 53 जिलों में रवाना किया था। एमएमयू में कई उच्चस्तरीय व आधुनिक उपकरण मौजूद हैं। इनमें नेब्यूलॉईजर, इलेक्ट्रिक नीडिलडिस्ट्रायर, ईसीजी मशीन, एम्बूबैग, सेमी आटोमेटिक बायोकेमेस्ट्री एनेलाईज़र, आटोस्कोप, टोनोमीटर, ग्लूकोमीटर, स्टेलाइज़र ,व्यू बॉक्स, ड्रेसिंग ड्रम, आपथेल्मोस्कोप ,सेंट्रीफ्यूज मशीन ,लेरिंजोस्कोप, माइक्रो टाइपिंगसेंट्रीफ्यूज, हीमोग्लोबिन मीटर आदि प्रमुख हैं।

### बलरामपुर के सफाई कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर अस्पताल के सफाई कर्मचारियों ने सोमवार दोपहर काम ठप कर प्रशासनिक कार्यालय के पास विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका आरोप है कि एजेंसी वेतन में कटौती कर रही है। काम भी मानक से अधिक कराया जा रहा है फिर भी बीमार होने की स्थिति में छुट्टियों का पैसा काट लिया जाता है। इसके बाद हर माह अलग से कटौती की जाती है। सरकारी अस्पतालों में सफाई का काम निजी एजेंसी सन फैसिलिटी के पास है। जिसके जरिए अस्पतालों में सफाई का काम कराया जाता है। बलरामपुर अस्पताल में करीब 150 सफाईकर्मी कार्यरत होने का दावा किया जाता है। सफाईकर्मियों को हर माह करीब 7300 रुपये वेतन दिया जा रहा है। दूसरे संस्थानों में सफाईकर्मियों को करीब 10 हजार रुपये वेतन मिल रहा है। आरोप है कि कर्मचारियों का वेतन पांच प्रतिशत भी बढ़ोत्तरी नहीं हुई। इसे लेकर कर्मचारियों में रोष व्याप्त है।सोमवार को कर्मचारियों ने कामकाज ठप करके निदेशक कार्यालय सामने प्रदर्शन किया।

### राजा आनन्द सिंह चौथी बार चुने गए बीआईए के अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** अन्जुमन-ए-हिन्द अवध (ब्रिटिश इण्डियन एसोसिएशन अवध) बारादरी कैसरबाग के अध्यक्ष पद के चुनाव में राजा आनंद सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए। उनका कार्यकाल 5 वर्षों के लिए होगा। वह लगातार चौथी बार बीआईए अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं। इस अवसर पर सचिव बीआईए कुंवर मनीष वर्धन सिंह, सदस्य ठाकुर ध्यान पाल सिंह, विनय कुमार सिंह, राजकुमार सेठ आदि ने नव निर्वाचित अध्यक्ष को बधाई दी।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद बीआईए अध्यक्ष राजा आनंद सिंह व अन्य। अमृत विचार

# जर्जर बिल्डिंग में चल रहा डॉट्स केंद्र

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

जिस कमरे में डॉट्स सेंटर चल रहा है,वह कहीं से जर्जर नहीं है, इसलिए मरम्मत की कोई बात नहीं बनती। ग्रामीणों का आरोप बेबुनियाद है।
-डॉ.अशोक, सीएचसी अधीक्षक मोहनलालगंज

**अमृत विचार :** मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का टीबी व डॉट्स केंद्र जर्जर भवन में संचालित हो रहा है। इससे यहां कभी भी अनहोनी होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि मरीजों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

ग्रामीणों के मुताबिक सन 1970 में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का निर्माण कराया गया था। मरीजों की संख्या बढ़ने पर पीएचसी को सीएचसी कर दिया गया। 1985 में सीएचसी नए भवन में स्थानांतरित कर दी गई लेकिन टीबी व डॉट्स केंद्र का संचालन पीएचसी के पुराने भवन में ही हो रहा है। पुराना भवन जर्जर है, इसका प्लास्टर टूट कर गिर रहा है। सीएचसी की ओपीडी में रोजाना करीब 500 मरीज आते हैं, इनमें 20 से 25 मरीजों को चेस्ट व बलगम जांच के लिए डाट्स भेजा जाता है।

# कल्पना व यथार्थ के संतुलन का प्रवाह थी अमृता की लेखनी

- **पंजाबी साहित्य विच अमृता प्रीतम दा योगदान विषयक संगोष्ठी आयोजित**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


इंदिरा भवन स्थित चतुर्थ तल पर पंजाबी साहित्य की लेखिका अमृता प्रीतम के योगदान को लेकर आयोजित संगोष्ठी में बोलते अरविन्द नारायण मिश्र। अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी ने अपने 25वें स्थापना दिवस पर सोमवार को पंजाबी भाषा साहित्य की प्रख्यात उपन्यासकार, और कवयित्री अमृता प्रीतम के जीवन पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन अपने इन्दिरा भवन स्थित कार्यालय परिसर में किया। इसका विषय पंजाबी साहित्य विच अमृता प्रीतम जी दा योगदान रखा गया था। इसमें यह संदेश दिया गया कि अमृता प्रीतम की लेखनी में कल्पना लोक और कठोर यथार्थ का अद्भुत संतुलन है।

संगोष्ठी में पंजाबी भाषा के विद्वान दविंदर पाल सिंह ने कहा कि पद्म विभूषण अमृता प्रीतम ने अल्पायु में ही पंजाबी साहित्य जगत में ख्याति प्राप्त कर ली थी। उनकी लिखी कविताएं ही नहीं गद्य, निबंध, आत्मकथा और उपन्यास हमारे लिए अमूल्य निधि है।

पंजाबी विद्वान सत्येन्द्र पाल सिंह ने कहा कि अमृता प्रीतम की लेखनी, कल्पना लोक और कठोर यथार्थ के संतुलन का प्रवाह थी। उनके भाव, प्रेम और पीड़ा दोनों को साथ लेकर प्रकट होते थे। उनके लेखन ने पंजाबी भाषा को अंतरराष्ट्रीय पहचान स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

पंजाबी लेखक नरेन्द्र सिंह मोंगा ने कहा कि अमृता प्रीतम को वर्ष 1947 में भारत-पाक विभाजन के दौरान हुये नरसंहार पर मार्मिक कविता अज्ज आखां वारिस शाह नू के लिए सबसे ज्यादा याद की जाती है। सबसे प्रसिद्ध उपन्यास पिंजर था। बाद में इस पर फिल्म पिंजर बनाई गई।

नवयुग कन्या महाविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग की अध्यक्ष और एसोसिएट प्रोफेसर मेजर डॉ. मनमीत कौर सोढी ने संगोष्ठी में कहा कि अमृता प्रीतम की लोकप्रियता का प्रमाण है कि उनकी रचनाओं का अनुवाद कई भारतीय और विदेशी भाषाओं में किया गया।

# स्टेशन पहुंचते ही वंदेभारत के साथ सेल्फी लेने की होड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर पहुंची वंदे भारत एक्सप्रेस में सवार लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पटना से चलकर पटना-वंदे भारत एक्सप्रेस के विश्वस्तरीय गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पहुंचते ही ट्रेन के साथ सेल्फी लेने के लिए होड़ मच गई। यात्री ही नहीं रेलवे के अधिकारी भी ट्रेन के साथ फोटो खिंचवाने से खुद को रोक नहीं सके।

सोमवार से शुरू हुई सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदेभारत पटना से निर्धारित समय सुबह 6:05 बजे रवाना होकर दोपहर में 2:30 बजे गोमतीनगर स्टेशन पहुंची। यहां स्टेशन पर रेलवे के अधिकारियों ने यात्रियों का फीड बैक लिया। यात्रियों ने भी ट्रेन की शान में कसीदे पढ़े। पटना से लखनऊ तक का सफर ट्रेन ने 8:25 घंटे में तय किया। गोमती नगर रेलवे स्टेशन से ट्रेन निर्धारित समय 3:20 बजे रवाना कर दी गई। इस ट्रेन का संचालन शुक्रवार को ठप रहेगा।

वंदेभारत से पटना जाने के लिए यात्री गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर बेसब्री से ट्रेन की प्रतीक्षा करते दिखाई पड़े। यात्री अभिनव वाजपेई ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि मैं ट्रेन नहीं फ्लाइट पकड़े आया हूं। वंदेभारत के अंदर पहुंच कर रोमांच और भी बढ़ गया। पटना से आए नरेश सिंह ने बताया कि इस ट्रेन में सफाई उम्मीद से अधिक अच्छी है।

पटना और लखनऊ के बीच वंदेभारत ट्रेन का इंतजार सोमवार को खत्म हो गया। पहले दिन ट्रेन पूरी यात्री क्षमता के साथ पटना से रवाना हुई।

### 14 मिनट में पूरी हुई ट्रेन की साफ-सफाई

पटना-गोमतीनगर वंदेभारत एक्सप्रेस में कुल आठ कोच हैं। गोमतीनगर स्टेशन पर आगमन और रवाना होने से पूर्व सफाई और पानी भरने का काम 14 मिनट में पूरा कर लिया गया। इसके लिए 25 कर्मचारी और 3 सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाई गई है। गोमतीनगर-पटना वंदेभारत एक्सप्रेस की चेयरकार में 19, 20 व 21 मार्च को क्रमश: 30, 20, 35 वेटिंग है। एग्जिक्यूटिव क्लास में यह वेटिंग क्रमश: 8 और 9 चल रही है। यात्रियों को एग्जिक्यूटिव क्लास का किराया 2700 रुपये और चेयरकार का 1465 रुपये देना होगा।

# कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठे भाजपा सांसद

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार:** आचार संहिता लागू होने के बाद अधिकारी किस तरह बेखौफ होकर कार्रवाई कर रहे हैं इसका नज़ारा बीच शहर में देखने को मिला। होर्डिंग बैनर हटवा रहे सिटी मजिस्ट्रेट भाजपा के पूर्व ज़िलाध्यक्ष विद्याराम वर्मा के नाम का बोर्ड भी उखाड़ ले गए। सदमे में पूर्व ज़िलाध्यक्ष की पत्नी की मौत हो गई। सोमवार को पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में उबाल आ गया। सांसद जय प्रकाश के साथ तमाम भाजपाई लखनऊ रोड पर आ गए और धरने पर बैठ गए। सिटी मजिस्ट्रेट के खिलाफ खूब नारेबाज़ी की। करीब दो घंटे बाद एडीएम प्रियंका सिंह और एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह के काफी समझाने के बाद भाजपा नेता शांत हुए।

बता दें कि आचार संहिता लगने के बाद बोर्ड हटाने के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट ने पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विद्याराम वर्मा के नाम का बोर्ड उखाड़ दिया। उन्हें मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी। सदमें में उनकी पत्नी लता वर्मा की मौत हो गई। अपनी ही सरकार के प्रशासनिक अमले से नाराज होकर सोमवार को भाजपा सांसद जय प्रकाश, पूर्व सांसद अंशुल वर्मा, आदि सड़क पर उतर आए। हरदोई-लखनऊ रोड जामकर नारेबाजी करते हुए वहीं धरने पर बैठ गए।

**कार्यक्रम** — अयोध्या में चार दिवसीय अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा की शुरुआत

# शास्त्र संरक्षण से ही देश बनेगा विश्व गुरु : श्रीनिवास

अयोध्या कार्यालय


अयोध्या में शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा का उद्घाटन करते प्रमुख अतिथि व कुलपति।

**अमृत विचार :** शास्त्र संरक्षण से ही भारत विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित हो सकता है। स्पर्धाओं से जहां शास्त्र का संरक्षण होता है वही विधार्थी में मेघा का भी विकास होता है। भारतीय ज्ञान परंपरा के क्षेत्र में जाग्रति लाने के लिए ऐसी प्रतिस्पर्धाओं की आवश्यकता है।

यह बातें सोमवार को केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नव देहली के कुलपति श्रीनिवास वरखेडी ने कहीं। वह यहां मणिराम दास छावनी में अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा के शुभारंभ समारोह को संबोधित रहे थे। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कुलपति ने कहा कि संस्कृत शास्त्र संरक्षण की दृष्टि से भारत सरकार द्वारा प्रतियोगिताओं के आयोजन का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे देश भर के संस्कृत के छात्र - छात्राएं शास्त्रों को कंठस्थ करते हैं और शास्त्र परम्परा को संवर्धित करते हैं। यह सौभाग्य की बात है राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद 61 वीं स्पर्धा रामनगरी में हो रही है। प्रमुख अतिथि प्रो. देवीसहाय पाण्डेय 'दीप' ने संस्कृत व संस्कृति के अन्त:सम्बन्ध को बताते हुए सभी से आह्वान किया कि वे भारतीय ज्ञान परम्परा को सम्वर्धित करने के लिए अपनी महती भूमिका का निर्वाह करें। विशिष्ट अतिथि के सत्यध्यानाचार्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति में संस्कृत का विशिष्ट स्थान है। राम इस संस्कृति के प्राण हैं। इससे पहले अतिथियों का स्वागत प्रो लोकमान्य मिश्र ने किया। प्रो. मधुकेश्वर भट्ट, प्रो. गणेश टी पंडित, प्रो. भारत भूषण त्रिपाठी, प्रो. धनीन्द्र कुमार झा समेत देश भर से आए 100 से अधिक विद्वान मौजूद रहे।

### 28 राज्यों के 600 संस्कृत छात्रों का संगम

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनगरी में पहली बार हो रही केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की 61वीं अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा देश में संस्कृत के संवर्धन का प्रतीक बनेगी। इस प्रतिस्पर्धा में देश के कुल 28 राज्यों से करीब 600 संस्कृत के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। संपूर्ण रूप से संस्कृत केंद्रित कार्यक्रम में देश भर से सभी 100 से अधिक संस्कृत के प्रकांड विद्वान भी बतौर निर्णायक के रूप में यहां पहुंचे हैं। श्रीराम सत्संग भवनम् को भारतीय संस्कृति व सभ्यता के अनुरूप ही श्रृंगारित किया गया है।

### बांका से पत्नी को काट खुद भी कमरे में लगा लिया फंदा

**अमृत विचार, सीतापुर :** थानगांव थाना इलाके में एक पति ने पत्नी की बांके से काटकर निर्मम हत्या के बाद स्वयं भी कमरे में फांसी के फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। क्षेत्र के कोतवालनपुरवा मजरा बरा निवासी परसराम पुत्र मिनतीलाल उम्र (35) वर्ष सोमवार दोपहर अपनी पत्नी प्रेमा देवी से खाना लाने की बात कही। खाने में देरी की बात सुनकर आग बबूला हो गया और घर में रखे बांके से ही रसोईघर में पत्नी पर ताबड़तोड़ प्रहार कर पत्नी को लहूलुहान कर दिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के रहने वाले ग्रामीण भाग कर परशुराम के घर पहुंचे। ग्रामीणों ने प्रेमा देवी का शव जमीन पर खून से लथपथ देखा तो ग्रामीणों ने पति परशुराम को पकड़ने का प्रयास किया, तो उसने ग्रामीणों पर भी बांके से हमला करने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीणों के बढ़ते दबाव के बाद पति परशुराम कमरे में भाग गया और दरवाजा बंद करके परशुराम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## एक नजर

### फिल्म निर्माता राजकुमार संतोषी को मिली जमानत

जामनगर : फिल्म निर्माता राजकुमार संतोषी को 'चेक रिटर्न' मामले में सोमवार को यहां एक स्थानीय अदालत ने जमानत दे दी। संतोषी को पिछले महीने इस मामले में दो वर्ष जेल की सजा सुनाई गई थी और शिकायतकर्ता को दो करोड़ रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया गया था। जामनगर के वरिष्ठ दीवानी न्यायाधीश की अदालत ने 17 फरवरी को संतोषी को दो वर्ष की जेल की सजा सुनाई थी और फैसले पर उच्च अदालत में अपील करने के लिए आदेश पर 30 दिनों की रोक लगाई थी। जामनगर के प्रधान जिला न्यायाधीश एस. के. बक्शी ने संतोषी को भुगतान की 20 प्रतिशत राशि अदालत में जमा करने का निर्देश देने के बाद सोमवार को जमानत प्रदान कर दी।

### एयरपोर्ट पर पकड़े गए सैंकड़ों एक्टिव सिमकार्ड

आगरा : जूता फैक्टरी में काम करने वाले मजदूरों के नाम से एक्टिव सिम कार्ड भारत से चीन और वियतनाम ले जाए जा रहे थे, जिन्हें इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर पकड़ा गए। एक अधिकारी ने यहां इसकी जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक उषा रंगरानी ने बताया कि राजधानी दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इस बड़ी साजिश का खुलासा किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्गो टर्मिनल से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है और इनके कब्जे से सैकड़ों एक्टिव सिम कार्ड मिले हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पकड़े गये लोगों की पहचान मुकुल कुमार, हेमंत कुमार, कन्हैया और अनिल कुमार के तौर पर की गयी है। उन्होंने बताया कि इन सब से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि पूछताछ में उनसे यह भी पता चला कि टेलीग्राम एप के जरिए कुछ लोग इनके संपर्क में आए थे और एक्टिव सिम कार्ड की मांग की थी जिसके लिये उन्हें 1300 प्रति सिमकार्ड के हिसाब से मिलने थे । अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए तीन आरोपी उत्तर प्रदेश के शहर आगरा के रहने वाले हैं।

# कविता ने आप नेताओं को 100 करोड़ रुपये के भुगतान की दी सुविधा : ईडी

**नयी दिल्ली/हैदराबाद, एजेंसी**

**▸▸ 23 मार्च तक पूछताछ के लिए ईडी की हिरासत में हैं कविता**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दावा किया है कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के. कविता ने अन्य सहयोगियों के साथ कथित तौर पर दिल्ली उत्पाद शुल्क की नीति के निर्माण और कार्यान्वयन के समय लाभ पाने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के शीर्ष नेताओं के साथ साजिश रची थी।

कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले के मनी ट्रेल की जांच कर रही ईडी ने सोमवार को दावा किया कि कविता ने एहसान के बदले में आप नेताओं को 100 करोड़ रुपये देने के मामले में शामिल थीं। ईडी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि जांच से पता चलता है कि इस भ्रष्टाचार योजना ने थोक विक्रेताओं से रिश्वत के रूप में अवैध धन वसूले, जिससे आप को फायदा हुआ। एजेंसी ने कहा कि इसके अलावा कविता और उसके सहयोगी कथित तौर पर इस अपराध से प्राप्त धन को वैध बनाने और इस साजिश से मुनाफा कमाने में शामिल थे। उल्लेखनीय है कि ईडी ने दिल्ली, हैदराबाद, चेन्नई और मुंबई सहित देशभर में 245 स्थानों पर तलाशी ली है। मामले में आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसौदिया, संजय सिंह और विजय नायर समेत 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

अब तक ईडी ने मामले में एक अभियोजन शिकायत और पांच पूरक शिकायतें दर्ज की हैं। इसके अतिरिक्त, 24 जनवरी, 2023 और तीन जुलाई, 2023 के आदेशों के अनुसार 18.79 करोड़ रुपये की संपत्ति का पता लगाया गया है और अस्थायी रूप से संलग्न किया गया है। ईडी ने कहा कि अधिकारियों द्वारा कथित घोटाले के जटिल जाल की गहराई से जांच की जी रही है। मामले को लेकर ईडी ने 15 मार्च को कविता को हिरासत में लिया था। नयी दिल्ली की विशेष पीएमएलए अदालत ने 16 मार्च के आदेश के अनुसार कविता को पूछताछ के लिए 23 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है। इसके साथ ही, उसी दिन कविता के हैदराबाद स्थित आवास पर तलाशी अभियान चलाया गया, जिसके दौरान ईडी अधिकारियों को उनके रिश्तेदार और सहयोगियों द्वारा उत्पन्न किए गए बाधा का सामना करना पड़ा था।

# केजरीवाल पर लगे आरोप पूरी तरह झूठे : आप

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति के संबंध में उस पर और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जो आरोप लगाए हैं, वे पूरी तरह से झूठे और मनगढ़ंत हैं। पार्टी ने आरोप लगाया कि ईडी भाजपा की राजनीतिक शाखा की तरह काम कर रही है।

आप ने एक बयान में कहा कि पहले भी कई मौकों पर ईडी ने इस तरह के पूरी तरह झूठे और मनगढ़ंत बयान जारी किए हैं, जिससे पता चलता है कि यह एक निष्पक्ष जांच एजेंसी होने के बजाय, भाजपा की राजनीतिक शाखा की तरह काम कर रही है। आप के आरोपों पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। आप ने कहा कि ईडी के आरोप हर दिन झूठ फैलाकर और मीडिया में सनसनी पैदा करके पार्टी के संयोजक केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की छवि खराब करने का एक हताश प्रयास है। आप ने कहा कि ईडी के बयान में कोई नया तथ्य या सबूत पेश नहीं किया गया, यह उसकी हताशा को दर्शाता है क्योंकि 500 से अधिक छापे मारने और हजारों गवाहों से पूछताछ करने के बावजूद एजेंसी ने इस मामले में एक भी रुपया या सबूत बरामद नहीं किया है।

### हथियार लाइसेंस मामले में अब्बास अंसारी की जमानत मंजूर

नयी दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने अक्टूबर 2019 में लखनऊ में दर्ज हथियार लाइसेंस मामले में उत्तर प्रदेश के विधायक अब्बास अंसारी की जमानत सोमवार को मंजूर कर ली।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने अंसारी की जमानत याचिका खारिज करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के पिछले साल 20 नवंबर के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था।

### कोच्चि में नौसेना का मानव रहित विमान दुर्घटनाग्रस्त

नयी दिल्ली : भारतीय नौसेना का दूर से संचालित एक मानव रहित विमान सोमवार को कोच्चि में प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नौसेना के मुताबिक, आरपीए शाम करीब पांच बजे आईएनएस गरुड़ बेस पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। नौसेना ने एक बयान में बताया कि कोच्चि स्थित आईएनएस गरुड़ में शाम करीब पांच बजे नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान एक आरपीए हवाई पट्टी से लगभग एक मील पहले दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में किसी के घायल होने या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है।

# आपसी विवाद में सिपाही ने शिक्षक को सरकारी बंदूक से मारी गोली, मौत

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी**

- **बोर्ड की कापियां लेकर वाराणसी से गई थी शिक्षा विभाग की टीम**
- **मामला दर्ज कर मुजफ्फरनगर पुलिस कर रही मामले की जांच**

एक पुलिसकर्मी ने आपसी विवाद के बाद एक शिक्षक की कथित रूप से गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। वहीं समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए मृत शिक्षक के परिजनों को पांच करोड़ रुपये मुआवजा और आरोपी पुलिसकर्मी को सजा देने की मांग की।

अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि वाराणसी के शिक्षा विभाग की एक टीम रविवार को पुलिस की सुरक्षा में मुजफ्फरनगर के सिविल लाइंस क्षेत्र में स्थित एसडी इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा की कॉपियां लेकर आई थी, जिसमें शिक्षक धर्मेंद्र कुमार, संतोष कुमार और दो चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि कॉलेज का गेट बंद होने के कारण टीम के सदस्य कॉपियां देने के लिए वाहन में ही रुक गये। अधिकारी ने बताया कि रविवार रात में कॉलेज के बाहर शिक्षक धर्मेंद्र और पुलिसकर्मी चंद्र प्रकाश के बीच किसी बात को लेकर झड़प हो गई, जिसके बाद चंद्र प्रकाश ने अपनी सरकारी बंदूक से शिक्षक को गोली मार दी। प्रजापत ने बताया कि गंभीर रूप से घायल शिक्षक धर्मेंद्र कुमार को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि शिक्षक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मौके पर मौजूद लोगों को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया गया है। इस घटना से नाराज शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए रास्ता जाम किया और मृत शिक्षक के परिवार को कम से कम 10 करोड़ रुपये के मुआवजे एवं परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की।



रंगों का त्यौहार होली करीब आते ही चारों तरफ माहौल रंगीन नजर आने लगा है। सोमवार को पटियाला के एक स्कूल में छात्र परीक्षा के आखिरी दिन होली खेलते हुए। :एजेंसी

### नदी से निकला मगरमच्छ आबादी क्षेत्र में पहुंचा

कोटा : राजस्थान में कोटा जिले की आलनिया नदी से निकल कर एक मगरमच्छ पास ही के गांव में पहुंच गया, जिसे बाद में वनकर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से पकड़ कर वापस नदी में छोड़ दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोटा जिले में झालावाड़ रोड पर आलनिया नदी के जल प्रवाह क्षेत्र में बने डैम से निकलकर मगरमच्छ सोमवार सुबह पास में बसे कलम का कुआ गांव में पहुंच गया तो वहां रह रहे ग्रामीण दहशत में आ गए। बाद में ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारियों ने उनकी मदद से मगरमच्छ को पकड़ा और सुरक्षित ले जाकर वापस नदी में छोड़ दिया।

# सक्षम प्राधिकारी से लिखित अनुरोध पर त्यागपत्र वापस लेना संभव

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

**▸▸ सहायक अध्यापक को पुनः सेवा में लेने का कोर्ट ने दिया निर्देश**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बकाया वेतन भुगतान के एक मामले में विचार करते हुए कहा कि कर्मचारी ने वास्तव में अपने इस्तीफा की तारीख से काम नहीं किया है, इसलिए वह पिछले वेतन का केवल 25% ही पाने की हकदार हो सकती है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की पीठ ने पूर्णिमा सिंह की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, एटा के आक्षेपित आदेश को निरस्त करते हुए याची को चार सप्ताह के भीतर जूनियर बेसिक स्कूल मिर्जापुर, आवागढ़, एटा में सहायक अध्यापक के पद पर सेवा में पुनः लेने का निर्देश दिया। इसके साथ ही देय वेतन का भुगतान करने का भी आदेश दिया।

हालांकि विभाग के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची उक्त स्कूल में काम करने की इच्छुक नहीं थी, जहां उसे तैनाती मिली थी। इसलिए उसने स्वेच्छा से अपने पद से इस्तीफा दे दिया, जिसे विधिवत स्वीकार भी कर लिया गया था। इस दृष्टि से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का आदेश मनमाना या गैर कानूनी नहीं माना जा सकता है। जबकि याची के अधिवक्ता ने उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक त्यागपत्र नियमावली, 2000 के नियम सात का हवाला देते हुए कहा कि एक सरकारी सेवक अपना त्यागपत्र स्वीकार करने से पहले नियुक्ति प्राधिकारी को लिखित रूप से अनुरोध करके अपना त्यागपत्र वापस ले सकता है। याची द्वारा इसी प्रक्रिया का पालन किया गया है, जिसे सही मानते हुए कोर्ट ने याचिका स्वीकार कर ली।

# मुरादाबाद नहीं, माधव नगर बोलने पर होगा हर्ष

## पं. धीरेन्द्र शास्त्री की हनुमंत कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का भारी सैलाब

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** जहां सभी देवी-देवताओं के मंदिर हो, उस शहर का नाम मुरादाबाद नहीं, माधव नगर बोलने में हर्ष की अनुभूति होगी। बोलो जय श्रीराम।

जी हां, यही शब्द सोमवार को हनुमंत कथा में महानगर पहुंचे पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बोलकर श्रद्धालुओं में भगवामय की उमंग जगा दी। उनके महानगर को संबोधित करते ही पंडाल में जय श्रीराम के जयकारे गूंजने लगे। कथा पंडाल में धीरेंद्र शास्त्री की एक झलक देखने व सुनने को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।




कथा सुनाते बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री। :अमृत विचार

हर ओर बस भगवा ही भगवा देखने को मिला।

बाबा नीब करौरी आश्रम ट्रस्ट और लोहिया मानव कल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में हनुमंत कथा एवं दिव्य दरबार की शुरुआत सोमवार से हुई। इसमें बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने श्री हनुमंत कथा की अमृतवर्षा की। पं. धीरेंद्र शास्त्री के पहुंचते ही चारों तरफ माहौल भक्तिमय हो गया।

### शास्त्री ने अपनी शैली में जमा दिया माहौल

कथा के दौरान पं. धीरेंद्र शास्त्री ने अपनी ही शैली में माहौल को जब जमा दिया, जब उन्होंने मुरादाबाद को माधव नगर कहा। कहा कि मुरादाबाद को माधव नगर कहने में बड़ा ही हर्ष होगा। यह धरती पवित्र है। यहां सभी देवी-देवाताओं के भव्य मंदिर हैं। इस पावन धरती को माधव नगर कहने पर बड़े ही हर्ष की अनुभूति होगी। उनके माधव नगर कहने पर श्रद्धालुओं में नया जोश भर गया। सभी ने उनके यह कहने पर जोर से तालियों के साथ जय श्रीराम के जयकारे लगाए। पं. धीरेंद्र शास्त्री ने कथा के दौरान पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं से पूछा कि यहां बाबा जी का पागल कौन-कौन है। क्योंकि बाबा जी की भक्ति के प्रेम में जो आनंद है। वह शायद ही किसी और में हो।

# पांच साल की बेटी की बाप ने की हत्या

**संवाददाता, काशीपुर**

- **घर के बाहर खेल रही थी बच्ची बुलाने पर भीतर न आने से गुस्साए पिता ने सिर पर मार दी ईंट, इलाज के दौरान हुई बच्ची की मौत**



बच्ची की मौत के बाद जानकारी लेती पुलिस।

**अमृत विचार :** घर के बाहर खेल रही पांच साल की बच्ची को उसी के पिता ने ईंट मारकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया है।

कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र के ग्राम खरमासा, हनुमान कॉलोनी निवासी नन्हे अपनी दो बेटियों व पत्नी के साथ रहता है। वह मजदूरी करता है। रविवार शाम उसकी पांच साल की बेटी योगिता घर के बाहर खेल रही थी। नन्हे ने उसे आवाज देकर भीतर बुलाया, लेकिन योगिता खेलने में मस्त रही। इससे नन्हे गुस्से में आ गया और आवेश में आकर उसने बच्ची को पास में पड़ी ईंट उठाकर मार दी, जो बच्ची के सिर पर लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। सोमवार को परिजन बच्ची के अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे, तभी किसी ने पुलिस को घटना की सूचना दे दी। काशीपुर एसपी अभय सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया है। बच्ची की मां ने भी आरोपी पिता के खिलाफ तहरीर दी है। बताया जा रहा है कि आरोपी नन्हे का करीब एक साल पूर्व एक्सीडेंट हो गया था, जिसमें उसके सिर पर चोट आई थी और तब से उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है।

# बदमाश अस्पताल से फरार तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**संभल, एजेंसी**

जिले के बहजोई थाना क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार एक बदमाश सोमवार को अस्पताल से फरार हो गया, जिसके बाद उसकी निगरानी में तैनात एक उप निरीक्षक (दारोगा) और दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया गया है।

बहजोई के पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी ने बताया कि रविवार की रात पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाश चांद बाबू आज संभल के जिला अस्पताल से फरार हो गया। उक्त मामले में लापरवाही बरतने के चलते बदमाश की निगरानी में लगे दारोगा सतेंद्र कुमार व सिपाही पंकज मलिक एवं अजय कुमार को निलंबित किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) श्रीश चंद्र ने रविवार को बताया था कि थाना बहजोई के अंतर्गत टिकता रोड पर डकैती के अभियुक्त द्वारा पुलिस पार्टी पर फायरिंग की गई और पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। इस मुठभेड़ में अपराधी और एक सिपाही घायल हो गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम चांद बाबू बताया था जो डकैती के अभियोग में वांछित था। चांद को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# टीजीटी भर्ती मामले में नया पैनल करें तैयार

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

**▸▸ इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सुनाया महत्वपूर्ण आदेश**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) पदों पर सहायक शिक्षकों की भर्ती के एक मामले में महत्वपूर्ण आदेश देते हुए गलत तरीके से आवंटित रिक्तियों के खिलाफ प्रतीक्षा सूची के उम्मीदवारों का समायोजन करने के लिए नए सिरे से पैनल तैयार करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति अजीत कुमार द्वारा परित यह आदेश सार्वजनिक रोजगार और आरक्षण नीतियों के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय हस्तक्षेप का प्रतीक है।

कोर्ट ने अपने विशेष टिप्पणी में कहा कि किसी को भी सार्वजनिक रोजगार में नियमों के विरुद्ध नियुक्त नहीं किया जा सकता है। अभ्यर्थी द्वारा नियमों की गलत व्याख्या करने की संभावना संभव है। कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक निर्णय में कहा कि आरक्षण के नियम के मामले में कानून बहुत स्पष्ट है। मेरिट सूची तैयार करते समय चयनकर्ता निकाय को यह देखना होगा कि ऊर्धवाधर आरक्षण के संबंध में प्रत्येक श्रेणी का अंतिम कट ऑफ अंक क्या है।

सामान्य से आरक्षित श्रेणी में कोई प्रवासन नहीं होता है, बल्कि आरक्षित श्रेणी से सामान्य श्रेणी में प्रवास संभव है। इसलिए सामान्य श्रेणी को खुली श्रेणी कहा जाता है। इस सिद्धांत पर सार्वजनिक रोजगार में योग्यता को ध्यान में रखा जाना चाहिए और योग्य उम्मीदवारों को आरक्षित श्रेणियों के बावजूद प्राथमिकता मिलनी चाहिए। जब आरक्षित वर्ग का उम्मीदवार सामान्य वर्ग के अंतिम कट ऑफ से अधिक अंक प्राप्त करने में सफल हो जाता है, तो ऐसे आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार को खुली श्रेणी में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। अतः विपक्षियों को प्रतीक्षा सूची से एक नया पैनल तैयार करने का निर्देश जारी किया गया, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके की कार्यवाही के दौरान चर्चा किए गए सिद्धांतों के अनुसार नियुक्तियां की गई है। दरअसल याची अखिलेश कुमार और तीन अन्य का पक्ष रखते हुए अधिवक्ता ने चयन प्रक्रिया में उनकी पात्रता और भागीदारी का हवाला देते हुए ओबीसी श्रेणी में अंतिम चयन सूची से उनके बहिष्कार का विरोध किया जिससे मौजूदा मामला उत्पन्न हुआ है।

**नई पहल** भीमताल के पॉलीहाउस में हो रहा है चाइनीज बांस का उत्पादन, 15 फीट तक होता है लंबा

# पहाड़ियों को दरकने से रोकेगा ब्लैक बैंबू

**राकेश सनवाल, भीमताल**

**अमृत विचार :** बरसात व अतिवृष्टि के समय पहाड़ियों के दरकने को अब बेहद कम खर्चे पर रोका जा सकेगा। नगर के पॉलीहाउस में फिलोस्टैकाइस निग्रा की पौध उगाई जा रही है। यह बांस की एक प्रजाति है, जो चीन में पाई जाती है। इसे आमतौर पर ब्लैक बैंबू (काला बांस) भी कहा जाता है। सामान्य बांस से भिन्न फिलोस्टैकाइस निग्रा भूस्खलन रोकने के लिए बेहद कारगर है।



फिलोस्टैकाइस निग्रा की पौध।

आमतौर पर भारतीय बांस (बंबूसा कटंग बास), स्टिकहस (लाठी बांस) समुद्र तल से ढाई हजार फीट की ऊंचाई तक के गर्म स्थान वाले इलाकों में पाए जाते हैं लेकिन फिलोस्टैकाइस निग्रा माइनस 15 डिग्री सेल्सियस के तापमान तक उग सकता है। भारतीय बांस में पाले की मार का असर होता है। लेकिन फिलोस्टैकाइस निग्रा पर पाला बेअसर है। इसमें भूस्खलन रोकने की क्षमता ज्यादा है। चीन समेत अन्य देशों में इसका उपयोग संवेदनशील क्षेत्रों में भूस्खलन रोकने के लिए किया जाता है। 15 फीट तक की लंबाई तक उगने वाले फिलोस्टैकाइस निग्रा बांस का तना (राइजोम) तेजी से धरती के भीतर फैलता है और मिट्टी को बांधे रहता है। फ्लोरीवैल नर्सरी के स्वामी डॉ. अखिलेश त्यागी बताते हैं कि आमतौर पर बांस सिम्पोडियम गुच्छे के रूप में उगने वाले पौधे होते हैं लेकिन फिलोस्टैकाइस निग्रा बस मोनोपोडियम ( अकेले और पुरानी पौध से दूर उगने वाले) पौधे हैं। इस कारण यह बड़े क्षेत्र को लाभांवित करते हैं। वर्तमान में इस बांस का उपयोग भारत में डेकोरेशन में होता है। देश के फूल बाजार में फिलोस्टैकाइस निग्रा की मांग दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। वर्तमान में इस पौधे की कीमत 400 से 600 रुपये तक है। नवयुवकों का सर्वाधिक पलायन उच्च स्थलीय क्षेत्र से होता है। चीनी बांस के पौधों के नर्सरी निर्माण में पर्वतीय क्षेत्र से पलायन रोका जा सकता है।

### बाबा विश्वनाथ के दरबार में उमड़ा जनसैलाब

वाराणसी : श्री काशी विश्वनाथ धाम में रविवार को पांच लाख से अधिक शिवभक्तों ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन का लाभ उठाया। यह संख्या सामान्यतः विशिष्ट पर्वों पर आने वाले दर्शनार्थियों के बराबर है।

श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि 17 मार्च को सामान्य दिवस (पर्व के अतिरिक्त) दर्शनार्थियों की सर्वाधिक दैनिक संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित हुआ। इस दिन कुल पांच लाख तीन हजार 24 दर्शनार्थियों ने महादेव के दर्शन प्राप्त किए। गौरतलब है कि कॉरीडोर निर्माण के बाद भक्तों की संख्या में काफी उछाल आया है।

# मतदान का महत्व बताएगा डेमोक्रेसी कैफे

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार:** स्वीप टीम नैनीताल ने पर्यटन स्थल श्यामखेत, भवाली में एक डेमोक्रेसी कैफे का निर्माण किया है, जिसका उद्घाटन आज (मंगलवार) को कुमाऊं मंडल आयुक्त करेंगे। कैफे में वर्ष 1950 से अब तक हुए चुनावों की लोकतांत्रिक यात्रा पर पेंटिंग, स्लोगन और फोटो प्रदर्शित की गई हैं।

स्वीप टीम के समन्वयक, नैनीताल सुरेश अधिकारी ने बताया कि कैफे के मूल स्वरूप को नुकसान पहुंचाए बिना इस विलक्षण संकल्पना को तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि कुमाउनी, हिंदी और अंग्रेजी में संदेश देते स्लोगन से मतदाताओं व पर्यटकों को आकर्षित करने का प्रयास किया गया है। चाय के पौधों के बीच 'वोट करेगा नैनीताल' का संदेश सभी को आकर्षित कर रहा है। कैफे के अंदर मधुर मतदाता जागरूकता संगीत के बीच भोजन का मेन्यू, फर्नीचर आदि डेमोक्रेसी के हिसाब से तैयार किया गया है। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को आकर्षित करने के लिए भोजन मेन्यू में 18 नंबर पर आर्डर करने पर विशेष लोकतांत्रिक भोजन परोसा जाता है, जिसे चुनाव होने तक 25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।




भवाली में स्थित डेमोक्रेसी कैफे। ● अमृत विचार

परोक्षे कार्यहन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम्।
वर्जयेत्तादृशं मित्रं विषकुम्भं पयोमुखम्॥

पीठ पीछे काम बिगाड़ने वाले या सामने प्रिय बोलने वाले मित्र को मुंह पर दूध रखे हुए विष के घड़े के समान त्याग देना चाहिए।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण कदम

निष्पक्ष चुनाव कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव से पहले सोमवार को छह राज्यों के गृह सचिवों, बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार, मिजोरम और हिमाचल प्रदेश के सामान्य प्रशासनिक विभाग के सचिव को हटा दिया है। जिन छह राज्यों के गृह सचिव हटाए हैं, उसमें गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं। चुनाव आयोग आम तौर पर संसदीय और विधानसभा चुनावों के दौरान ऐसी कार्रवाई करता है, जब हितों के टकराव या ऐसे अधिकारियों द्वारा सभी के लिए समान अवसर को बाधित करने की संभावना का मुद्दा सामने आता है। चुनावों से पहले, चुनाव आयोग राज्यों को चुनाव संबंधी कार्यों से जुड़े उन अधिकारियों को स्थानांतरित करने का निर्देश देता है। यदि राज्यों द्वारा ऐसे अधिकारियों का स्थानांतरण नहीं किया जाता है, तो चुनाव आयोग उन्हें हटाने का आदेश देता है। जानकारों के मुताबिक पश्चिम बंगाल के डीजीपी को स्थानांतरित करने का निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि अधिकारी को पहले भी राज्य में 2016 के विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान सक्रिय चुनाव प्रबंधन-संबंधी ड्यूटी से हटा दिया गया था। लोकतंत्र में सभी दलों के लिए समानता की मांग की जाती है और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव उन अवसरों को सुनिश्चित करते हैं। दरअसल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार कई मौकों पर चुनाव के दौरान समान अवसर बनाए रखने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता सुनिश्चित करने पर जोर दे चुके हैं।

आयोग की इस कार्रवाई को इन्हीं प्रयासों के रूप में देखा जा रहा है। मौजूदा चुनाव प्रणाली कई चुनौतियों का सामना कर रही है जो इसकी 'स्वतंत्र एवं निष्पक्ष' प्रकृति के बारे में संदेह उत्पन्न करती हैं। सोशल मीडिया पर चलने वाले राजनीतिक अभियान कभी-कभी देश के विभिन्न हिस्सों में धार्मिक और सामाजिक तनाव पैदा कर देते हैं जो निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं। भारत निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करने के लिए वृहद प्रयास करना चाहिए कि चुनाव में सत्तारूढ़ दल को अन्य दलों की तुलना में अनुचित लाभ प्राप्त नहीं हो रहा हो। निर्वाचन आयोग को तकनीकी नवाचार, वैधानिक सुधार, जन जागरुकता और वैश्विक सहयोग को शामिल करते हुए एक रणनीति के माध्यम से चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता है। लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए चुनावी अखंडता, समावेशिता और जवाबदेहिता को बढ़ाना महत्वपूर्ण है।

# गोवा पुर्तगाली अतीत से सनातन की ओर



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

बात करें गोवा की तो वहां की मौजूदा स्थिति के बारे में बात करने के लिए जरूरी है कि हम थोड़ा तारीख के पुराने पन्नों की तरफ लौटें। इस बात में कहीं कोई दो राय नहीं कि भारतीय स्वाधीनता संघर्ष को विचार और नेतृत्व की एक सीध में देखने की चूक जाने-अनजाने खूब हुई है। पर यह चूक आज दीर्घायु नहीं बल्कि दिवंगत है।



गोवा के संबंध में यह महत्वपूर्ण है कि यहां की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या हिंदू है। ईसाइयों की संख्या 28 प्रतिशत है। खास बात यह है कि यहां के ईसाई समाज में भी हिंदुओं जैसी सामाजिक व्यवस्थाएं और परंपराएं हैं। यहां की निर्माण और वास्तु परंपरा में हिंदू प्रभाव साफ दिखाई देता है। मंगेशी मंदिर, शांता दुर्ग मंदिर, महादेव मंदिर, चंद्रेश्वर भूतनाथ मंदिर, ब्रह्मा मंदिर, महालसा नारायणी मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर, सप्तकोटेश्वर मंदिर और कामाक्षी मंदिर आदि हिंदू आस्था से लंबे समय से जुड़े रहे हैं।

गोवा की इमेज इस तरह की बनाई जाती रही कि मानो ये भारत में यूरोप का कोई अंग हो। हां, गोवा पर लंबे समय तक पुर्तगाल का नियंत्रण रहा। उसका असर होना लाजिमी है। पर अब गोवा अब अपने सनातन और भारतीय मूल्यों से जुड़ने को बेकरार है। शताब्दियों लंबे विदेशी प्रभाव और हस्तक्षेप के बावजूद गोवा लगातार भारतीय परंपरा के साथ जुड़ा रहा। जिस गोवा के सांस्कृतिक आकर्षण को लेकर कभी एलेक पद्मसी जैसे दिग्गज लेखक कहते थे कि समुद्र के किनारे भारत का यह हिस्सा वेस्टर्न कल्चर का ईस्टर्न गेटवे है, वह गोवा आज सनातन और अध्यात्म के साथ अपने सांस्कृतिक डीएनए पर नाज कर रहा।

बात करें गोवा की तो वहां की मौजूदा स्थिति के बारे में बात करने के लिए जरूरी है कि हम थोड़ा तारीख के पुराने पन्नों की तरफ लौटें। इस बात में कहीं कोई दो राय नहीं कि भारतीय स्वाधीनता संघर्ष को विचार और नेतृत्व की एक सीध में देखने की चूक जाने-अनजाने खूब हुई है। पर यह चूक आज दीर्घायु नहीं बल्कि दिवंगत है। भारतबोध की समझ और रोशनी में भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को देखने की ललक आज हर तरफ देखी जा रही है। ललक की इस लाली में जहां स्वाधीनता को लेकर भारतीय मूल्य की गहरी जड़ों की हम शिनाख्त कर पाए हैं, वहीं गोवा मुक्ति संघर्ष जैसे सुनहरे पन्ने भारत के गौरवशाली इतिहास से प्रमुखता से जुड़ रहे हैं। गोवा को पुर्तगालियों के 450 सालों के राज से 19 दिसंबर 1961 को आजादी मिली थी जब भारतीय सेना ने कार्रवाई करते हुए सिर्फ 36 घंटे में गोवा को आजाद कराया था। तब से हर साल 19 दिसंबर को गोवा मुक्ति दिवस मनाया जाता है। समाजवादी चिंतक और राजनेता डॉ. राममनोहर लोहिया की चर्चा किए बगैर गोवा की आजादी की बात अधूरी ही रहेगी। लोहिया जी ने 18 जून, 1946 को मडगांव में पुर्तगाली औपनिवेशिक सत्ता के खिलाफ गोमंतकों में संघर्ष करने का आह्वान किया था। गोवा के लोग अपने को लोहिया जी का ऋणी मानते हैं, जबकि डॉ.लोहिया कहा करते थे-मेरा गोवा पर नहीं, गोवा का मुझ पर ऋण है। गोवा भारतीय आस्था और पंरपरा का स्वर्ण कलश बनके जगमगा रहा है, वह अभूतपूर्व है। बड़ी बात यह कि गोवा की इस चमक में विरासत और विकास का वह गुणसूत्र भी हमें दिखता है, जिसकी बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों हर मंच से कर रहे हैं।

बेशक, मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत आज जब अपने प्रदेश की परंपरा और संस्कृति के बारे में बात करते हैं तो यह साफ दिखता है कि वे अपने प्रदेश के विकास और समृद्धि के बीज सनातन मूल्य में देखते हैं, भारत की अध्यात्म यात्रा में देखते हैं। राजनीतिक तौर पर देखें तो गोवा वह राज्य है, जहां जनसंघ के जमाने से भारतीय जनता पार्टी की जड़ें गहरी रही हैं। पंडित दीनदायाल उपाध्याय अक्सर कहा करते थे कि गोवा ने न सिर्फ पुर्तगालियों के खिलाफ लंबा संघर्ष किया, बल्कि गुलामी के खिलाफ भारतीय मूल्य और संस्कार का शानदार आदर्श भी दुनिया के सामने रखा। गौरतलब है कि अंग्रेजों ने भारत पर करीब दो सौ साल शासन किया, लेकिन गोवा के लोगों ने साढ़े चार सौ साल तक पुर्तगालियों को सहा।

इतिहास बताता है कि तमाम प्रतिकूलताओं के बावजूद गोवा भारत का वह हिस्सा है, जहां मंदिरों का पुनर्निर्माण हुआ। 16वीं शताब्दी में जो मंदिर पुर्तगालियों ने नष्ट किया था, उस सप्त कोटेश्वर मंदिर को छत्रपति शिवाजी ने बनवाया। आज जब सावंत सरकार ने छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा बनवाए गए इस मंदिर के पुनरुद्धार का बीड़ा उठाया है तो यह निस्संदेह एक बड़ी सांस्कृतिक पहल है। श्रेय देना होगा वहां के मुख्यमंत्री डॉ. सावंत को कि वे यह सब शोर-शराबे के बजाय धीर और प्रशांत चित्त के साथ कर रहे हैं। उनका संकल्प और उनकी प्रतिबद्धता गोवा के सांस्कृतिक इतिहास का ऐसा आख्यान साबित होने जा रहा है, जिसका मूल्यांकन महज राजनीतिक आधार पर नहीं किया जा सकता।

गोवा के संबंध में यह महत्वपूर्ण है कि यहां की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या हिंदू है। ईसाइयों की संख्या 28 प्रतिशत है। खास बात यह है कि यहां के ईसाई समाज में भी हिंदुओं जैसी सामाजिक व्यवस्थाएं और परंपराएं हैं। यहां की निर्माण और वास्तु परंपरा में हिंदू प्रभाव साफ दिखाई देता है। मंगेशी मंदिर, शांता दुर्ग मंदिर, महादेव मंदिर, चंद्रेश्वर भूतनाथ मंदिर, ब्रह्मा मंदिर, महालसा नारायणी मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर, सप्तकोटेश्वर मंदिर और कामाक्षी मंदिर आदि हिंदू आस्था से लंबे समय से जुड़े रहे हैं। 1000-1200 साल पहले तक तो स्थिति यह थी कि गोवा की सांस्कृतिक पहचान कोंकण काशी के रूप में थी।

पिछले एक दशक में देश में विकास और समृद्धि के जो आख्यान लिखे गए, आज गोवा उसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह सौ प्रतिशत घरों में नल से जल और बिजली आपूर्ति करने वाला देश का पहला राज्य है। इतना ही नहीं, यह पहला राज्य है कि जहां प्रत्येक गांव में सड़कें हैं। केंद्र सरकार की योजनाएं लागू करने के मामले में भी गोवा बाकियों के लिए नजीर है। पूरे राज्य में उज्ज्वला योजना सौ प्रतिशत लागू की गई। गोवा आज किरोसीन फ्री स्टेट है। यह शत प्रतिशत शौचालय निर्माण वाला देश का पहला राज्य है। ऐसी योजनाओं की संख्या एक दो नहीं, बल्कि 13 हैं जिनमें गोवा बाकी प्रदेशों के मुकाबले शीर्ष पर है।

गोवा की विकास यात्रा की बात करें तो मुख्यमंत्री ने अपने पहले कार्यकाल में हाउसिंग फॉर ऑल, इलेक्ट्रीसिटी फॉर ऑल, फाइनेंशियल सिक्योरिटी फॉर ऑल, हेल्थ फॉर ऑल, इक्यूवमेंट फॉर दिव्यांग, किसान क्रेडिट कार्ड फॉर ऑल समेत कुल दस लक्ष्य निर्धारित किए थे। इन लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में उठाए गए सकारात्मक कदमों के सुखद नतीजे अब आने लगे हैं। डॉ. सावंत गोवा को लेकर बातचीत में कहते हैं कि अर्थ और आराधना का नया साझा आज गोवा को लेकर एक साथ न सिर्फ कई दूषित पूर्वाग्रहों को तोड़ रहा है, बल्कि भारतीय बोध और संस्कार के साथ अपने गहरे जुड़ाव को भी रेखांकित कर रहा है।

## प्रसंगवश

# धूर्तता की व्याप्ति



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

धूर्तता राजनीति में ही नहीं, हर क्षेत्र में होती है। नौकरी में, व्यवसाय में, धर्म में, ज्ञान में, लेखन में, पारिवारिक, सामाजिक, व्यावसायिक संबंधों में। न कोई पेशा धूर्त होता है, न कोई क्षेत्र। धूर्त सिर्फ और सिर्फ मनुष्य का विशेषण है। आभासी दुनिया भी वस्तुगत दुनिया का ही आभास है न? हम जो महसूस न करें वह लिख दें, कि इससे ज्यादा लाइक मिलेंगे। या, बिना महसूस किए लाइक का बटन दबा दें कि वह भी दबाता है। या, अहो-अहोवादी टिप्पणी लिख दें कि वह भी लिखता है। इस चक्कर में कभी चित भी लाइक, पट भी लाइक।

ज्यादा से ज्यादा लोगों को ख़ुश करने का यह रोग तो बढ़ते-बढ़ते धूर्तों, चोरों, डाकुओं, बलात्कारियों तक को खुश करने तक पहुंच सकता है। कहां से आता है यह रोग? अधिक से अधिक लोग हमें अच्छा समझें। क्यों भाई, लोगों के समझने से क्या होगा? देश का प्रधानमंत्री या किसी प्रदेश का मुख्यमंत्री बनना है क्या? नहीं न? तो लोगों के चक्कर में क्या पड़ना। जो समझते हैं, समझते रहें। असली सवाल है, हम अपने को क्या समझते हैं? अपने बारे में हमारी क्या राय है? अपने बारे में तो कभी सोचा ही नहीं। जो भी होंगे, ठीक ही होंगे। जो भी क्या? अपने बारे में एक स्थिर राय हो तो इतने लोगों का वोट बटोरने की क्या ज़रूरत। हमसे ज्यादा हमको दूसरा कौन समझ सकता है। दिन-रात का, भीतर-बाहर का साथ है, भाई। अपने बारे में आश्वस्ति हो तो दूसरों के कांटे पर क्या चढ़ना। उनकी राय गिनकर अपने बारे में राय क्या बनाना। विचार करें तो यह तो अव्वल दर्जे की धूर्तता होगी। पहले तो राय देने वालों के बारे में हमारी क्या राय है? धूर्तों, पाखंडियों, शेख चिल्लियों, झूठों, मक्कारों, मौकापरस्तों, कठमुल्लों की राय के चक्कर में पड़ गए तो हो गया बंटाधार। हर आदमी अपने बारे में भले कोई राय न बना पाए, अमूमन अपने जैसों को ही पसंद करता है। माने, उन्हें ही अच्छा समझता है। अकारण, अनजाने। प्रकृति का खेल कहें या कोई और व्याख्या है? मनोविज्ञान तथ्य या फ़िनॉमिनन उगल सकता है, तथ्य या फ़िनॉमिनन का कारण कहां से लाएगा? लेकिन एक विचित्र बात यह है कि अपने बारे में राय बना पाना सबके वश का रोग नहीं होता। किसी किसी के ही होता है। जिनके होता है उन्हीं में उचित मात्रा में आत्मविश्वास पाया जाता है।

# सीएए के खिलाफ असम और त्रिपुरा में जनाक्रोश क्यों



दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

चार पूर्वोत्तर राज्यों अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मिजोरम और मणिपुर में इनर लाइन परमिट (आईएलपी) व्यवस्था लागू है।

केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) नियमों को अधिसूचित करने के कुछ घंटों बाद असम में विरोध प्रदर्शन हुए। सीएए के कार्यान्वयन के लिए नियमों की हालिया अधिसूचना के साथ- जिसके पारित होने से 2019 में पूर्वोत्तर में हलचल मच गई थी - इसके खिलाफ असंतोष की आवाजें तेज हो गई हैं, लेकिन इस बार केवल असम और त्रिपुरा में। ऐसा इसलिए है क्योंकि इन दोनों राज्यों के बड़े हिस्से को छोड़कर पूर्वोत्तर के लगभग सभी क्षेत्रों को सीएए के प्रावधानों से प्रभावी रूप से छूट दी गई है, जो पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी या ईसाई प्रवासियों को नागरिकता देना आसान बनाता है, जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में प्रवेश किया था।

अधिनियम में कहा गया है कि यह प्रावधान 'असम, मेघालय, मिजोरम या त्रिपुरा के जनजातीय क्षेत्रों पर लागू नहीं होगा, जैसा कि संविधान की छठी अनुसूची में शामिल है, और बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन 1873 के तहत अधिसूचित 'द इनर लाइन' के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र पर लागू नहीं होगा।'

चार पूर्वोत्तर राज्यों अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मिजोरम और मणिपुर में इनर लाइन परमिट (आईएलपी) व्यवस्था लागू है। आईएलपी एक विशेष परमिट है जिसके लिए भारत के अन्य हिस्सों के निवासियों को इन राज्यों में प्रवेश करने और किसी भी अवधि के लिए समय बिताने के लिए आवेदन करने और प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। शुरुआत में क्षेत्र के जनजातीय पहाड़ी क्षेत्रों के लिए बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन 1873 के माध्यम से अंग्रेजों द्वारा शुरू की गई यह प्रणाली स्वतंत्रता के बाद के घोषित उद्देश्य के साथ जारी रही, जिसका उद्देश्य था 'स्थानीय जनजातीय लोगों की रक्षा के लिए अन्य भारतीय नागरिकों को बसने से रोकना'। गौरतलब है कि यह प्रणाली केवल तीन राज्यों-अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और मिजोरम में लागू थी- सीएए लागू होने के बाद राज्य में विरोध प्रदर्शन के बाद जनवरी 2020 में मणिपुर को इसके दायरे में लाया गया।

पूर्वोत्तर की सात बहनों में से मिजोरम पहले से ही सीएए के दायरे से बाहर है क्योंकि वहां आईएलपी लागू है। शिलांग के आसपास के एक छोटे से हिस्से को छोड़कर पूरा मेघालय तीन अलग-अलग एडीसी के अंतर्गत आता है-खासी, गारो और जैंतिया पहाड़ियों के लिए एक-एक। छठी अनुसूची के तहत असम में तीन एडीसी हैं -बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद जो पांच जिलों को कवर करती है, उत्तरी कछार हिल्स स्वायत्त परिषद जो एक जिले को कवर करती है,और कार्बी-आंगलोंग स्वायत्त जिला परिषद जो दो जिलों को कवर करती है। इसी तरह त्रिपुरा में त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद है।

मेघालय का अधिकांश हिस्सा छठी अनुसूची के अंतर्गत आने के बावजूद विपक्षी वॉयस ऑफ पीपुल्स पार्टी जैसे समूहों के बीच अभी भी कुछ असंतोष है, जो छठी अनुसूची के तहत नहीं आने वाले क्षेत्रों में सीएए के कार्यान्वयन के खिलाफ है। मेघालय सरकार पहले से ही राज्य भर में आईएलपी व्यवस्था लागू करने पर जोर दे रही है, जो सीएए को निरर्थक बना देगा।

असम (जो बांग्लादेश के साथ 263 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है) और त्रिपुरा (जिसकी बांग्लादेश के साथ 856 किलोमीटर की सीमा है) का अधिकांश भाग छठी अनुसूची या आईएलपी शासन के अंतर्गत नहीं आता है। और इसीलिए इन इलाकों में सीएए के खिलाफ असंतोष है। दोनों राज्यों में अप्रवासी विरोधी भावना प्रबल है, जो बांग्लादेश के साथ लंबी सीमा साझा करते हैं और उस समय से पहले से ही पड़ोसी देश से शरणार्थियों का आना जारी है, जब इसे पूर्वी पाकिस्तान के रूप में जाना जाता था। इन प्रवासों का कोई रिकॉर्ड नहीं है। सीएए न केवल स्पष्ट रूप से मुस्लिम शरणार्थियों/प्रवासियों को अपने दायरे से बाहर करता है, बल्कि यह हिंदू शरणार्थियों/प्रवासियों को वैध बनाने का भी वादा करता है। इस प्रकार, यह असमिया जातीय-राष्ट्रवादियों और तेजी से त्रिपुरी आदिवासियों के लिए अपमानजनक है, जो बंगाली बोलने वालों की बढ़ती संख्या से खतरा महसूस करते हैं।

केंद्र अब सीएए को राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) से अलग करने का दावा कर रहा है- अवैध आप्रवासियों को बाहर निकालने के लिए, जिसकी मूल रूप से कल्पना की गई थी और केवल असम में लागू किया गया था, लेकिन काम रुका हुआ है।

## सोशल फोरम

# औरतें हर मामले में बेहतर



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

औरतें हर मामले में आदमियों से बेहतर जज होती हैं। इस बात पर मुझे कभी शक नहीं रहा। ऐसे में यदि कोई औरत वाकई में जज रही हो तो उसकी समझदारी पर उंगली उठाना तो कटेम्प्ट ऑफ कोर्ट से भी बड़ा जुर्म होगा, यह पक्का है।

औरतें जब भी कुछ करती हैं सोच विचार कर करती हैं। एक बार ठान लें कुछ तो फिर किए बिना मानती नहीं। फायदा नुकसान नहीं देखती वो। उनसे रार मोल लेना ख़तरनाक है। वो यदि आपको निपटाने पर उतर आएं तो पहले से ही मान लें कि आपका काम लगना ही लगना है।

औरतें यदि झगड़ बैठे तो फिर आपकी ज़िंदगी में सुकून कब आएगा? आएगा भी कि नहीं ये उनकी मर्ज़ी पर है। झगड़ने के मुद्दे भी वो ही तय करती है और उसूल भी। वो आपसे ऐसे मुद्दों पर भी झगड़ सकती हैं जो आपकी समझ में मुद्दे थे ही नहीं। वो रह-रह कर झगड़ सकती हैं। हो सकता है आप कभी ये गलतफहमी पाल लें कि आप जीत गएं हैं। मामला सुलझ गया है ! आप इत्मीनान से सुस्ताने के मूड में आ जाएं, पर वो अचानक पुरानी बात फिर से दोहराना, तिहराना शुरू कर सकती हैं। आपके खानदान के सारे गड़े मुर्दे उखाड़ कर रहम की अपील करने लगें। आप थक हार कर गिर पड़ें। सफ़ेद झंडा फहरा दें तो वो झंडा फाड़कर उसका डंडा लेकर आपको दौड़ा सकती हैं।

अब फ्रांस की एक समझदार मोहतरमा को ही ले लीजिए। उसने अपने उस पति से जिसने बमुश्किल इससे अपना पीछा छुड़ाया था, फिर घेर लिया। फर्जी कागज बनाए और उससे फिर शादी कर ली। वैसे ऐसा करने के पीछे उसकी जो सोच थी वो बेहद वाजिब सी थी। वो उसे तरक्की करते नहीं देख सकती थी। आदमी को आगे बढ़ने से केवल औरत ही रोक सकती है। इस औरत को अपनी क़ाबिलियत पर पूरा भरोसा था। उसे लगा कोई दूसरी औरत इस काम को उससे बेहतर तरीक़े से अंजाम दे नहीं सकेगी। उसने अपना नज़ला उतारने के लिए एक ही शख़्स को दोबारा चुना।

-फेसबुक वॉल से

# स्व अथवा बाहरी प्रेरणा - कौन सी प्रभावशाली



अनिरुद्ध चौहान
सीजीएसटी अधिकारी

सच तो ये है कि हर व्यक्ति जो कर्तव्य पथ पर संघर्षरत है, सभी की अपनी नई कहानी है। कोई किसी की कहानी से जब तक प्रभावित नहीं हो सकता जब तक उसे उसके भीतर से प्रेरणा उसको ना झिझोड़े।

मध्यवर्गीय परिवारों में प्राय, मां-बाप या समाज के लोग अपने बच्चों को अड़ोस-पड़ोस के, अपने आफिस के सहचर, निकटवर्ती रिश्तेदारों के बच्चों की सफलता की कहानी सुनाकर, उनके संघर्षों के किस्से (जो कुछ तो वास्तविक तो बहुत कुछ काल्पनिक भी गढ़ दिए जाते है) सुनाकर सोचते हैं कि इनसे उनका बच्चा कुछ सीखेगा और उन कामयाब किस्सों के नायक-नायिका से प्रेरणा लेकर उन जैसा बनने या उनसे कुछ सीख लेकर आगे बढ़ेगा। मध्य वर्ग तो वैसे भी अधिकतर परेशान ही रहता है। उसके कुछ सपने है, जो वह स्वयं पूरा नहीं कर पाया किंतु अपने बच्चों से कराने हैं। वह उच्च वर्ग की चमक दमक से प्रभावित है पर उन जैसा बन नहीं पा रहा। यह अभिलाषा वह अपने बच्चों से पूरा करना चाहता है। ऐसे में उसको कोई निकटवर्ती रिश्तेदार, आफिस सहचर या पड़ोसी का बच्चा कामयाब हो जाए तो उसको अच्छा जरा भी नहीं लगता किंतु उसको अपने बच्चों को सुनाने के लिए मसाला अवश्य मिल जाता है। हमारे देश में वैसे भी नायक पूजन की परंपरा रही है। ऐसे में किसी की सफलता के किस्से बड़ी सरलता से फैल हो जाते है। और इसमें यदि कोई ऐसा जायका लगा हो कि वह कामयाब व्यक्ति पहले बहुत गरीब था। खाने के भी लाले थे और बड़े संघर्षों के बाद उसको सफलता हासिल हुई है तो ऐसे किस्से मोहल्लों और रिश्तेदारों के घर पर बच्चों को अक्सर सुनाए जाने लगते हैं। बच्चों की शामत आने लगती है। उनकी सुबह शाम इन तथाकथित कामयाब नायक-नायिकाओं के संघर्ष की दास्तान सुनकर बीतती है। मां बाप को लगता है कि ऐसा करके हम बच्चों पर बहुत बड़ा उपकार कर रहे हैं। उसे उस व्यक्ति जैसा बनने की प्रेरणा दे रहे हैं।

लेकिन क्या वास्तव में ऐसा ही है। क्या किसी और की कहानी ने किसी को आज तक इस कदर प्रभावित किया है कि ऐसे किस्सों से किसी ने अपनी जीवन की दशा तय कर ली हो? किसी और के जूते में पैर रखकर क्या कोई दौड़ में जीत पाया है? क्या किसी के बने बनाए खांचे में कोई अपने आप को फिट करके कोई कामयाबी के रास्ते तय कर पाया है? क्या कोई कभी किसी के जैसा हो पाया है? क्या किसी से प्रेरणा लेकर या किसी के किस्से सुनकर आम जनमानस की सोच परिवर्तित हुई है?

सच तो ये है कि हर व्यक्ति जो कर्तव्य पथ पर संघर्षरत है, सभी की अपनी नई कहानी है। कोई किसी की कहानी से जब तक प्रभावित नहीं हो सकता जब तक उसे उसके भीतर से प्रेरणा उसको ना झिझोड़े। जिस प्रकार मोबाइल को चलाने के लिए उसकी अपनी बैटरी ही काम आती है, अलग से पावर बैंक लेकर चलने से मोबाइल फोन संचालन में असुविधा महसूस होती है, उसी प्रकार आंतरिक प्रेरणा के अभाव में बाहरी प्रेरणा बेवजह का बोझ दिखाई देती है। कभी-कभी जो व्यक्ति संघर्ष के रास्तों में बढ़ रहा है और बार-बार असफल हो रहा है, उसे औरों के किस्से प्रेरित नहीं करते बल्कि अखरते है। कोई भी व्यक्ति जब कर्तव्य पथ पर गतिमान होता है तो वह अपने हिस्से की प्रेरणा स्वयं ग्रहण कर लेता है। वह किसी भी व्यक्ति या वस्तु या घटना से ली जा सकती है। कभी-कभी व्यक्ति उन लोगों से भी प्रेरणा लेता है जो कि दूर के हों। जिनके किस्से अखबारों में आए हों। उनका संघर्ष जो किताबों में लिखा जाता है, उन्हें प्रभावित कर सकता है। पर अपने परिवार/करीबियों द्वारा समीप के किसी व्यक्ति का महिमा मंडन स्वयं के रास्ते में अपशकुन सा दिखाई देता है। मां-बाप, अभिभावक यह समझें कि किसी असफल या हीन भावना से ग्रसित बच्चों को किसी से तुलना उसका आत्मविश्वास डिगा सकता है, प्रेरित नहीं कर सकता। व्यक्ति प्रेरित होता है स्वयं के जज्बे से। कोई भी व्यक्ति जब तक सफल नहीं हो सकता जब तक उसके अंदर स्वयं की ललक जाग्रत ना हो। उसके भीतर की ललक उसको सोने नहीं देती। सफलता के लिए किसी खास परिपाटी में जड़ ना होकर खुले आकाश में उन्मुक्तता से विचरण करना पड़ता है। घिसी घिसाई सोच से ना चलकर नवीन विचारधारा से जुड़ना पड़ता है। वो जज्बा बच्चे के भीतर पैदा हो, उसके लिए अभिभावक/परिवार के लोग उपयुक्त वातावरण प्रदान करें।

# शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

हाल ही में भारत को पहली एआई शिक्षिका मिली है। निश्चित रूप से तकनीकी के क्षेत्र में यह देश की अभूतपूर्व उपलब्धि है। केरल के तिरुवनंतपुरम के एक स्कूल में पेश की गई इस रोबोट शिक्षिका का नाम 'आइरिस' है। यह रोबोट शिक्षिका चैट जीपीटी जैसे एआई प्रोग्रामों से लैस है और इसके पास गणित व विज्ञान जैसे विषयों के प्रश्नों का उत्तर देने की क्षमता भी है। तीन भाषाओं में बात कर सकने वाली एआई शिक्षिका साड़ी पहनकर स्कूल पहुंची और उसने बच्चों से हाथ भी मिलाया। शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग का यह अपने आप में एक अनूठा उदाहरण है।

यूं तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता अथवा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शुरुआत 1950 में हुई थी किंतु इसका तीव्रतर विकास 1970 के बाद आरंभ हुआ। शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम मेधा का समावेश आखिरकार किस सीमा तक उचित है। इस प्रश्न का उत्तर जानने हेतु हमें कहीं भटकने की कोई आवश्यकता नहीं है अपितु अपनी बुद्धिमत्ता के घोड़े दौड़ाकर एक तर्कपूर्ण मंथन करने की आवश्यकता है। जरा सोचिए कि क्या किसी विद्यालय अथवा महाविद्यालय को पूर्णतया कृत्रिम मेधा से लैस रोबोट शिक्षकों के हवाले किया जा सकता है एवं ऐसा कदम उठाकर क्या विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर चिंतामुक्त हुआ जा सकता है। इन प्रश्नों पर अगर हम गहन वैचारिक मंथन करें तो हमें इनका उत्तर नकारात्मक ही प्राप्त होगा। कारण यह है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित रोबोट शिक्षक महज एक उच्च कोटि की एल्गोरिथम एवं सूचनाओं की उच्च भंडारण क्षमता से युक्त मशीन है। यह प्रश्नों का उत्तर तो कदाचित दे सकती है किंतु जब बात जिज्ञासाओं एवं रचनात्मकता की होगी तब निश्चित रूप से यह औंधे मुंह गिर पड़ेगी। वजह स्पष्ट है कि स्मृति क्षमता एवं तर्कशक्ति में जमीन आसमान का अंतर है। एआई आधारित मशीनी शिक्षक वास्तविक शिक्षक का स्थान कभी नहीं ले सकता क्योंकि किसी भी विषय पर सोचने, समझने एवं तर्क प्रस्तुत करने की क्षमता फिलहाल उसके पास नहीं है एवं किसी भी विषय को बेहतर से बेहतर ढंग से समझने के लिए उस पर अपनी विचारशक्ति एवं तर्क क्षमता का प्रयोग करना नितांत आवश्यक है।

तकनीक के सदैव से ही दो पहलू रहे हैं- सकारात्मक एवं नकारात्मक अथवा वरदान एवं अभिशाप। शिक्षा के क्षेत्र में भी हमें कृत्रिम मेधा के सकारात्मक पहलू का ही इस्तेमाल करना चाहिए। शिक्षकों को मशीन से प्रतिस्थापित कर देना तो सर्वथा अनुचित है क्योंकि यह कदम बेरोजगारी जैसी गंभीर समस्या को बढ़ाने का काम करेगा और बेरोजगारी बढ़ने से देश का विकास पूर्णतया बाधित हो जाएगा। बेहतर रूप में ऐसा किया जा सकता है कि शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सहायता हेतु एआई आधारित असिस्टेंट उपलब्ध करा दिए जाएं किंतु यह भी एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, क्योंकि विद्यार्थियों को एआई जैसी सुविधा की खुली छूट मिल जाने पर वे जरा सी समस्या के हल हेतु एआई का ही मुंह ताकेंगे। स्वयं कोशिश करके हल ढूंढने एवं रचनात्मक ढंग से कार्य को अंजाम देने की प्रतिभा धीरे-धीरे उनसे दूर जाने लगेगी और एक दिन ऐसा होगा जबकि वे किसी भी विषय पर अपनी स्वतंत्र सोच एवं तर्क प्रस्तुत कर पाने में असमर्थ हो जाएंगे।

## 68 चरणों में हुआ था पहला लोस चुनाव

- देश में पहला लोकसभा चुनाव 25 अक्टूबर 1951 से लेकर 21 फरवरी 1952 तक चला था। उस समय पूरे देश में चुनाव कराना एक जटिल प्रक्रिया थी। सब कुछ नया भी था। देश का पहला आम चुनाव 68 चरणों में कराया गया था। पहले इलेक्शन कमीशन ने तय किया था कि वोटिंग 1952 के फरवरी और मार्च महीने में होगी। लेकिन हिमाचल प्रदेश की चिनी तहसील के लोगों को अक्टूबर 1951 में ही मौका मिल गया, क्योंकि सर्दियों में बर्फबारी के चलते यह इलाका बाकी जगहों से कट जाता है। देश के पहले लोकसभा चुनाव में 401 निर्वाचन क्षेत्रों की कुल 489 सीटों के लिए मतदान हुआ था। तब बैलेट पेपर पर चुनाव हुआ करता था।

## टीएमसी को सीट देकर अखिलेश ने निभाया वादा

- **2022 में उप्र. विधानसभा चुनाव के दौरान सपा का प्रचार करने लखनऊ और वाराणसी आयी थीं ममता बनर्जी**
- **पूर्व मुख्यमंत्री पंडित कमलापति त्रिपाठी की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने पर की थी चर्चा**





ललितेश पति त्रिपाठी


**राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए उप्र. की 80 में से सपा ने कांग्रेस को जहां 17 सीटें दी वहीं बची 63 में से एक भदोही की सीट ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को दी है। टीएमसी इस सीट से कांग्रेस के पूर्व विधायक ललितेश पति त्रिपाठी को उम्मीदवार भी बना दिया है। पूर्वांचल की वाराणसी से सटी भदोही सीट राजनीतिक पटल पर भी अहम मानी जाती है। हालांकि, सपा की उप्र. के ही कई अन्य छोटे दलों से भी बातचीत चल रही थी। इस बीच इनमें से किसी को कोई सीट न देकर पं. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी को सीट देने से लोगों को अचरज भी हुआ। दरअसल, साल 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान अखिलेश यादव के बुलावे पर ममता बनर्जी उप्र. आईं थीं। लखनऊ और वाराणसी में सपा के समर्थन में जनसभाएं करने के दौरान ममता बनर्जी से किया गया वायदा निभाने के लिए अखिलेश ने भदोही की सीट दी है। भदोही से टीएमसी के प्रत्याशी बनाए गए ललितेशपति त्रिपाठी का कहना है कि वह तृणमूल का झंडा थामकर कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष और उप्र. के पूर्व मुख्यमंत्री अपने परदादा कमलापति त्रिपाठी की विरासत को आगे बढ़ाएंगे।

# सत्ता की कुर्सी तय करेगा उत्तर प्रदेश

## बीते डेढ़ दशक में प्रदेश की राजनीति के साथ वोटों का ध्रुवीकरण बदला




धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की रणभेरी बजते ही सबकी नजरें उत्तर-प्रदेश पर है। सत्ता की कुर्सी पर काबिज होने का रास्ता यहीं होकर जाता है। राजग ने नरेंद्र मोदी की हैट्रिक के लिए उनके करिश्में और योजनाओं के सहारे मिशन:80 (यानी सभी सीटें) जीतने का लक्ष्य तय किया है। जबकि विपक्षी गठबंधन ''इंडिया'' के प्रमुख घटक कांग्रेस और समाजवादी पार्टी रास्ता रोकने की पूरी कोशिश में लगे हैं।

लोकसभा चुनाव की रणभेरी बजने के बाद प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के साथ-साथ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी भी ''इंडिया'' गठबंधन से मैदान में है। जबकि बसपा एकला चलो की राह पर मुकाबले को त्रिकोणीय बनाती हुई दोनों को नुकसान पहुंचाती दिख रही है। यहां सभी सात चरणों के तहत 19 अप्रैल से शुरू होकर एक जून को समाप्त होगा। पिछले डेढ़ दशक में यहां की राजनीति की बात करें, तो स्वरूप और जातीय मतों का ध्रुवीकरण दोनों बदल गया है। भाजपा की सीटें छह गुना हो गई है, जबकि वोट शेयर करीब तीन गुना बढ़ा है।

2009 के आम चुनाव में 17.5 प्रतिशत वोट के साथ 10 सीटों पर कमल खिला, जबकि कांग्रेस ने 18.3 प्रतिशत वोट हासिल करके 21 सीटें जीती थी। सपा ने सबसे अधिक 23 और बसपा ने 20 सीटें जीती। हालांकि बसपा को सर्वाधिक 27.4 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि सपा को 23.3 प्रतिशत।

2014 के आम चुनाव में भाजपा ने गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया कीर्तिमान रचते हुए 42.6 प्रतिशत वोट हासिल करके सर्वाधिक 71 सीटें जीती। विपक्ष के बड़े-बड़े धुरंधरों की जमानत जब्त हो गई। सहयोगी अपना दल (एस) ने भी दो सीटें जीतीं। बसपा अबतक का सबसे खराब प्रदर्शन करते हुए 19.8 फीसदी वोट पाकर भी शून्य पर सिमट गई। जबकि सपा 22.3 फीसदी वोट के साथ सिर्फ कुनबे की 5 सीटें बचा सकी।

भाजपा के कांग्रेस मुक्त नारे का इतना जबरदस्त असर हुआ कि हाथ के पंजे को सिर्फ दो सीटें और 7.5 फीसदी वोट मिला। बीते 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़कर 50 फीसदी हुआ, लेकिन सीटें घटकर 62 रह गईं। सहयोगी अपना दल (एस) दो सीटें जीतने में कामयाब रहा। हालांकि बाद के उपचुनाव में भाजपा ने रामपुर और आजमगढ़ जैसा समाजवादी गढ़ भी फतह कर लिया। चुनाव में सपा और बसपा गठबंधन से बसपा को फायदा हुआ। उसकी सीटें शून्य से 10 हो गईं। जबकि वोट प्रतिशत पिछले चुनाव से दशमलव 4 फीसद कम ही था। हां, गठबंधन में सपा को कोई फायदा नहीं रहा, वोट प्रतिशत भी करीब 5 फीसदी घट गया, जबकि रालोद भी साथ था। जाहिर था आरोप-प्रत्यारोप के बाद गठबंधन टूट गया। कांग्रेस 6.4 फीसदी वोट के साथ मात्र एक सीट सीट रायबरेली से सोनिया गांधी की बचा पाई। राहुल गांधी तक अमेठी से चुनाव हार गए। जमानत जब्त होने वालों की तो कतारें लगी थी। राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) खाता भी नहीं खोल सकी।

### भाजपा से मुस्लिम प्रत्याशी बना सवाल

प्रदेश में पिछड़े'' पसमांदा मुसलमानों के बीच भाजपा ने पहुंच बनाने की कोशिश तो की है, लेकिन किसी भी सीट पर मुस्लिम प्रत्याशी देना सभंव होगा, अनुत्तरित सवाल बना हुआ है। पार्टी के बड़े नेता सिर्फ इतना कहते हैं कि मोदी सरकार में तीन तलाक उन्मूलन से मुस्लिम महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ है। सभी योजनाओं का लाभ बगैर भेदभाव मिल रहा है। लेकिन प्रत्याशी को लेकर सब चुप हैं।

### इस बार ज्यादा चुनौती

2024 के लोकसभा चुनाव में रालोद के नेता जयंत चौधरी के समाजवादी पार्टी को छोड़कर भाजपा के साथ गठबंधन करने के कदम से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राजग को जाटलैंड में चुनौती आसान दिख रही है। जयंत चौधरी के दादा और किसान नेता पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न की घोषणा से समीकरण और मजबूत हुआ है। विपक्षी गठबंधन ''इंडिया'' में सपा और कांग्रेस गठबंधन खोई हुई प्रतिष्ठा के लिए मैदान में हैं। एक बार फिर प्रचार के दौरान 2017 विधानसभा चुनाव का दृश्य ताजा होगा। जब अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जोड़ी मंचों पर दिखेगी।



- **भाजपा ने छोटे दलों से गठबंधन की राजनीति में भी विपक्ष से मारी बाजी**









जनता के बीच भाजपा की लोकप्रियता का असर रहा कि 2017 और 2022 का विधानसभा चुनाव भी भाजपा के पक्ष में रहा और योगी आदित्यनाथ प्रदेश में सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकार्ड भी अपने नाम कर गए।

# भाजपा के मिशन 80 की ढाल बनेगी रालोद

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ



जयंत चौधरी

**बागपत व बिजनौर की मिली सीटों के बाद जाट व गूजर बाहुल्य सीटों पर रालोद ने कमर कसी**

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के ठीक पहले रालोद ने एनडीए में शामिल होकर इंडिया गठबंधन के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। भाजपा ने 2019 के सपा-बसपा और रालोद गठजोड़ की मजबूती का संज्ञान लेते हुए अब पश्चिम में रालोद का साथ लेकर उप्र. में मिशन 80 को अंजाम तक पहुंचाने की फिराक में है। दूसरी तरफ 2024 का चुनाव जयंत चौधरी के लिए भी अग्निपरीक्षा है, क्योंकि रालोद पहली बार अजित सिंह के बिना लोकसभा चुनाव लड़ेगी। पश्चिम उप्र में जाट, मुस्लिम व दलित मतदाताओं की बाहुलता वाली करीब 26 सीटें है। जातीय समीकरण देखे तो मुस्लिम मतदाता की संख्या 36 प्रतिशत है, 17 प्रतिशत जाट मतदाता हैं, 26 प्रतिशत मतदाता दलित समुदाय से हैं। प्रदेश भर के जाट मतदाताओं की बात करें तो 80 प्रतिशत जाट मतदाता पश्चिम उप्र. में है जो कि लगभग दो दर्जन सीटों पर अपनी अहमियत रखते हैं। यही वजह है कि भाजपा ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर न केवल जयंत चौधरी का दिल जीत लिया, बल्कि पश्चिम उप्र में अपनी चिंता दूर करने में सफल होती नजर आ रही है।

### इन सीटों पर फिर से अपना कब्जा जमाना चाहेगी भाजपा

2019 के लोकसभा चुनाव देखे तो रालोद के सहयोग से सपा-बसपा गठबंधन ने भाजपा से छीनकर सात सीटों पर जीत हासिल की थी। इनमें सपा ने रामपुर, मुरादाबाद, संभल सीट जीती थी और बसपा को सहारनपुर, बिजनौर, नगीना और अमरोहा कुल चार सीटें मिली थी। रालोद को अपने में लाकर भाजपा इन सीटों पर फिर से अपना कब्जा जमाना चाहेगी।

### 80 सीटों पर जीत में कोई संदेह नहीं है : दुबे

रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे का कहना है कि किसान, किसान होता है जाति कोई भी हो, देश भर का किसान चौधरी चरण सिंह को मसीहा मानता है, इसलिए दो राय नहीं है कि रालोद के साथ आ जाने से देश भर के किसान भाजपा प्रत्याशी को वोट देंगे। पश्चिम उप्र में जयंत चौधरी ने घर-घर पहुंच कर लोगों की समस्याएं सुनी हैं और उन्हें खत्म भी किया है। इसलिए पार्टी को मिली बिजनौर व बागपत सीट पर रालोद की जीत होने के साथ ही पूरे पश्चिम उप्र में इंडिया गठबंधन का सफाया होने वाला है। व्यापारी प्रकोष्ठ के रोहित अग्रवाल ने कहा कि सपा के अखिलेश यादव, कांग्रेस की सोनिया गांधी व राहुल गांधी द्वारा चुनाव मैदान छोड़ने से प्रतीत होता है कि भाजपा की 80 सीटों पर जीत में कोई संदेह नहीं है, इसमें रालोद की अहम भूमिका है।

# ढाई लाख का लक्ष्य, बढ़ा पाए 47 हजार

- **लोकसभा चुनाव में युवाओं की संख्या बढ़ाने के लिए अक्टूबर से शुरू हो गई थी कवायद**
- **युवाओं को जोड़ने के लिए प्रशासन ने चलाये कई अभियान**
- **8131401 युवक व 120473 युवतियों को शामिल करना था लक्ष्य**
- **16 मार्च तक महज 25383 युवक और 21855 युवतियों को ही मतदाता सूची में जोड़ा जा सका**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदाता बढ़ाने के लिए चलाई गई मुहिम बहुत कारगर साबित नहीं हुई। 18-19 वर्ष के युवाओं की अनुमानति जनसंख्या को रखकर शुरू किए गए अभियान के बाद 16 मार्च तक 25,383 युवा और 21,855 युवतियों को ही मतदाता सूची में जोड़ा जा सका। जो लक्ष्य का महज 20 प्रतिशत ही रहा। जबकि 2,51,874 को मतदाता बनाने का लक्ष्य रखा गया था। बता दें कि लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए बैठक हुई और उसके बाद मतदाता जागरुकता अभियान शुरू किया गया। अभियान दिसंबर माह तक चला। जगह-जगह शिविर लगाए गए और नए मतदाताओं को जोड़ने का प्रयास किया गया। साथ ही एप और निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जाकर भी मतदाता बनने के लिए जागरूक किया गया। 18-19 वर्ष के युवाओं की 1,31,401 और युवतियों की 1,20,473 अनुमानित जनसंख्या मानते हुए अभियान चला। लगभग दो माह तक चले अभियान के बाद भी पचास प्रतिशत युवा मतदाताओं को नहीं जोड़ा जा सका। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर ने कहा कि युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास किया गया।

### 18-19 वर्ष के मतदाता

| विधानसभा | पुरुष | महिला | कुल |
|---|---|---|---|
| मलिहाबाद | 2321 | 1856 | 4177 |
| बक्शी का तालाब | 3874 | 3392 | 7266 |
| सरोजनीनगर | 3460 | 2790 | 6250 |
| लखनऊ पश्चिम | 3522 | 3122 | 6644 |
| लखनऊ उत्तर | 3298 | 3106 | 6404 |
| लखनऊ पूर्व | 2394 | 2054 | 4448 |
| लखनऊ मध्य | 1894 | 1708 | 3602 |
| लखनऊ कैंट | 2241 | 2061 | 4302 |
| मोहनलालगंज | 2379 | 1766 | 4145 |
| महायोग | | | 47239 |

### राजधानी में 224 अतिसंवेदनशील और संवेदनशील केंद्र

**संवाददाता, लखनऊ अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर अतिसंवेदनशील और संवेदनशील बूथों पर भी मंथन शुरू हो गया है। पिछले चुनाव में जिले में 224 अतिसंवेदनशील और संवेदनशील बूथ थे। चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों की टीम इस पर नए सिरे से मंथन कर रही है। अधिकारी पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव से संबंधित दस्तावेज पलट रहे हैं और नए सिरे से अतिसंवेदनशील और संवेदनशील बूथों की संख्या को लेकर मंथन कर रहे हैं। सूत्रों की मानें तो इनकी संख्या बढ़ या घट सकती है।

### भाजपा के अराजकतत्वों से रहें सावधान: सपा


**कानपुर।** भाजपा के कुछ अराजकतत्व व सांप्रदायिक ताकतें शहर में तरह-तरह की अफवाह फैलाकर पार्टी के चुनाव को प्रभावित करने का कार्य करेंगे। ऐसे लोगों से सभी को सावधान रहना है। उनकी किसी भी बात का जवाब बड़ी ही शालीनता से देना है। किसी भी तरह चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन नहीं करना है। यह बात आदर्श पाठशाला में सपा जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से कहीं। नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में रविवार को छावनी विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख पदाधिकारियों व समाजवादी युवजन सभा के पदाधिकारियों को चुनाव आचार संहिता का पालन करने के लिए आदर्श पाठशाला में प्रशिक्षित किया गया। जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहाकि भाजपा विरोधी कार्यकर्ताओं व नेताओं का मनोबल तोड़ने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।

### विकसित भारत का सपना पूरा करना है:भोले

**कानपुर।** जनता ने तय कर लिया है कि 'इस बार 400 पार' से पीएम मोदी को फिर से देश की जिम्मेदारी देनी है। यह बात रविवार को जनसंपर्क कार्यक्रम में अकबरपुर सीट के सिटिंग सांसद और प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले ने कही। इस दौरान धर्मशाला नानकारी चन्देल गेट, जीपी पब्लिक स्कूल, सरकारी स्कूल प्रधान गेट नानकारी में बैठक और मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पीएम मोदी और सीएम योगी की जनकल्याणकारी योजनाओं और राम मंदिर की चर्चा करते हुये भोले ने कहा कि विकसित भारत का सपना पूरा करना है।

# एम फैक्टर ने बढ़ाई सियासी दलों की धड़कन

नितिन श्रीवास्तव,कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



अजय सिंह



विनय सिंह



अरविंद मौर्या



मो. मोहसिन

**अमृत विचार:** वैसे तो बाराबंकी जिला हमेशा से समाजवादियों का गढ़ रहा है। लेकिन बीते कुछ सालों में सपा के इस गढ़ में विरोधी दलों ने सेंधमारी कर अपनी गहरी पैठ बना ली है। लोकसभा चुनाव की तारीख का ऐलान होते ही यहां अपने-अपने समीकरण साधने में जुटे दलों की नजर शांत बैठे एम फैक्टर यानी मुस्लिम मतदाताओं पर जा टिकी है। बाराबंकी सदर, जैदपुर, रामनगर, हैदरगढ़ और कुर्सी विधानसभा सीटों को अपने में समेटे करीब 19 लाख मतदाताओं वाली यह सुरक्षित लोकसभा सीट जातीय समीकरण के मामले में भी खासी अहम है। क्योंकि ज्यादातर मौकों पर जीत-हार का दारोमदार 20 से 25 फीसदी मुस्लिम मतदाताओं पर ही निर्भर करता रहा है।

इस बार के लोकसभा चुनाव में यह सीट इंडिया गठबंधन की सहयोगी कांग्रेस के खाते में जाने से यहां की जंग और भी ज्यादा दिलचस्प हो गई है, क्योंकि कांग्रेस और सपा दोनों की साझा उम्मीदें इसी मुस्लिम वोटबैंक से ज्यादा हैं। हालांकि पिछले चुनावों से लाभार्थीजन का एक और बड़ा फैक्टर उभरा है। ऐसे में भाजपा अपनी सरकार की तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं के सहारे इस बार मुस्लिम वोटबैंक में बड़ी सेंधमारी कर करिश्मे की उम्मीद लगाए बैठे है। उसका मानना है कि योगी और मोदी सरकार की ज्यादातर योजनाओं का लाभ मुस्लिम समाज को सबसे ज्यादा मिला है। ऐसे में यह वोटबैंक अपना दिल बड़ा करके उनके साथ जरूर आएगा।

राजीनीतिक विश्लेषक अजय गुरुजी कहते हैं कि इस दफा लाभार्थीजन फैक्टर भाजपा के लिए काफी अहम साबित होने वाला है। जिले का करीब 50 फीसदी मुस्लिम मतदाता सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने के कारण भाजपा के पक्ष में आ सकता है। ऐसे में अगर यह वोटबैंक बंट गया तो भाजपा को फायदा होगा ही होगा। हालांकि अभी मुसलमान मतदाता खामोश है और वह यह जाहिर नहीं होने दे रहा कि उनका रुझान किस तरफ है। बीजेपी की यही कोशिश है कि मुस्लिम मतों में ज्यादा से ज्यादा बंटवारा हो जाए ताकि वह जीत जाए।

बाराबंकी की सियासत को करीब से जानने वाले विनय सिंह का कहना है कि यहां पर मुस्लिमों के साथ कुर्मी, पासी और यादव बिरादरी के मतदाताओं की भी खासी तादाद है। इन्हें लेकर सभी उम्मीदवारों के अपने-अपने दावे हैं।



चुनाव की चर्चा करते मुस्लिम समुदाय के लोग।

- **कांग्रेस और सपा दोनों को ही मुस्लिम वोट बैंक से हैं उम्मीदें**
- **समाजवादियों के गढ़ में भाजपा लगा चुकी है सेंध**

> मुस्लिम समुदाय ने हमेशा कांग्रेस का साथ दिया है। सपा के साथ गठजोड़ होने के चलते पूरा भरोसा है कि मुस्लिम समाज इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को बाराबंकी से सांसद बनाने में पूरा साथ देगा।
>
> **-मो. मोहसिन,** जिलाध्यक्ष, कांग्रेस

### गढ़ सपा का फिर कांग्रेस को मौका क्यों

नाम न छापने की शर्त पर जिले की नगर पंचायत के एक चेयरमैन का तो यहां तक कहना है कि जब बाराबंकी सपा का गढ़ है तो सीट कांग्रेस के खाते में गई क्यों। हम लोग तनुज पुनिया को जीत दिलाकर अपना ही किला क्यों कमजोर करें। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के फैसले पर ही सवाल खड़ा कर दिया। उनका कहना है कि जिले में सपा के कमजोर होने का कारण कहीं न कहीं आलाकमान के गलत फैसले ही हैं। अगर इस बार सपा के किसी प्रत्याशी को मौका मिलता तो बाराबंकी लोकसभा सीट जरूर हमारे खाते में आती।

> सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के मुस्लिम समुदाय को भी मिला है। मोदी और योगी के नाम पर भाजपा को समाज के सभी वर्गों का वोट मिलेगा। मुस्लिम समाज भी आज भाजपा के साथ ही खड़ा है।
>
> **-अरविंद मौर्या,** जिलाध्यक्ष, भाजपा

# कांग्रेस प्रत्याशी घोषित हुआ नहीं और झगड़े शुरू

## कांग्रेस के दादा ने तिलकहाल छोड़ा, फुटपाथ पर बैठेंगे

विशेष संवाददाता, कानपुर

- **शंकरदत्त मिश्रा ने तिलकहाल न आने की गंगाजली उठायी**
- **शहर कांग्रेस कमेटी के सबसे बुजुर्ग नेता अपमान से आहत**

**अमृत विचार।** चुनाव के माहौल में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठों के बीच विवाद और गुटबाजी चरम पर है। मकड़जाल में उलझी शहर कांग्रेस के नेताओं के बीच पाला खिंच गया है। शहर कांग्रेस कमेटी के सबसे बुजुर्ग नेता उपाध्यक्ष 86 वर्षीय शंकर दत्त मिश्रा (दादा) ने शहर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी पर तीखे आरोप लगाते हुए तिलकहाल को अलविदा कह दिया है।

उन्होंने कहा कि मरते दम तक अब तिलकहाल नहीं जाऊंगा। कांग्रेस में रहते हुए जनता की सेवा करता रहूंगा। चुनाव लड़ाने के प्रबंधन में माहिर शंकरदत्त मिश्रा कहते हैं कि शहर कांग्रेस का मंदिर तिलकहाल है पर कोई जरूरी नहीं है कि रोज जाएं और घंटों बिताएं। तिलकहाल के बाहर रहकर भी तो काम किया जाता है। पूर्व विधायक वीरेंद्र नाथ दीक्षित की तरह फुटपाथ पर बैठकर कामकाज करते रहेंगे। सालों से रोज 10 घंटे पार्टी दफ्तर में बैठकर काम करने वाले शंकर दत्त मिश्रा (दादा) से दो दिन पहले एक अन्य उपाध्यक्ष लल्लन अवस्थी से मुंहाचाही काफी बढ़ गयी थी। तैश में आकर शंकरदत्त मिश्रा तिलकहाल की चाबी सौंपकर घर चले गए। पार्टी कार्यालय की चाबी तिलकहाल के सामने पनीर विक्रेता की दुकान पर रोज रखी जाती थी। उनका बेटा तिलकहाल आ गया और शहर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी से तेज आवाज में कहने लगा कि वह विवाद शांत कराने के बजाय तूल दे रहे हैं। शहर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मदनमोहन शुक्ला समेत वरिष्ठ नेताओं ने शहर अध्यक्ष नौशाद से बातचीत की पर बात नहीं बनीं। मदन मोहन ने बताया शंकरदत्त जी वरिष्ठ हैं।

शंकरदत्त ने नौशाद पर आरोप है कि लल्लन अवस्थी को टूल बनाकर नौशाद अक्सर तल्ख अंदाज में बात करते हैं। उनकी ये बातें सहन नहीं होतीं। पर बर्दाश्त करता रहा। अंततोगत्वा तिलकहाल छोड़ने का निर्णय ले लिया। पार्टी जिसे भी प्रत्याशी घोषित करेगी उसे लड़ाऊंगा पर तिलकहाल कभी नहीं जाऊंगा। किसी दूसरे दल में जाने का सवाल ही नहीं उठता। शहर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम का कहना है कि यह उनका निजी विवाद है।




नवीन मार्केट स्थित भाजपा कार्यालय में अजय कपूर का स्वागत करते जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय व अन्य।

### मुंह फुलाये भाजपाई 'अजय' के मंच से बना रहे दूरी

अमृत विचार। कांग्रेस के बड़े चेहरे, पूर्व विधायक व बिहार कांग्रेस के सह प्रभारी अजय कपूर को भाजपा में शामिल कराकर भले ही पार्टी नेतृत्व खुद को और मजबूत समझ रहा हो, पर शहर में अजय को भाजपा के कुछ जनप्रतिनिधि व संगठन पदाधिकारी पचा नहीं पा रहे हैं। यही वजह है कि वह अजय के मंच से दूरियां बनाने लगे हैं। उत्तर भाजपा कार्यालय में अजय कपूर के स्वागत समारोह में एक भी जनप्रतिनिधि (सांसद-विधायक) शामिल नहीं हुआ और तो और उत्तर संगठन से जुड़े अधिकतर पदाधिकारी भी नदारद रहे। इसको लेकर पार्टी कार्यालय में चर्चा रही। भाजपा के उत्तर संगठन ने नवीन मार्केट कार्यालय में अजय कपूर के स्वागत के लिये कार्यक्रम रखा गया। अजय कपूर अपने समर्थकों के साथ पहुंचे, पर यहां एक भी जनप्रतिनिधि नहीं पहुंचा। हालत यह रही कि पार्टी कार्यालय की ओर से सूचना जारी होने के बाद भी उत्तर जिले के पूरे मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री और उपाध्यक्ष नहीं पहुंचे।

# प्रत्याशी घोषित करने में भाजपा आगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए केवल एक महीने का ही समय बचा है। चुनाव की तारीखों की घोषणा होते ही समाजवादी पार्टी ने उप्र. में अपने छह नये उम्मीदवारों को लाने के साथ 42 उम्मीदवार मैदान में उतार दिए। कांग्रेस को सपा के साथ साझेदारी में जो 17 सीटें मिलीं हैं उनमें से एक पर भी अभी उम्मीदवार नहीं उतारे। बसपा ने अब तक 13 उम्मीदवारों की घोषणा ही की है। इस मामले में उप्र. से 51 उम्मीदवार घोषित करने के साथ भाजपा गठबंधन रेस में आगे है।

देशभर की बात की जाए तो भाजपा ने सबसे पहले 2 मार्च को 195 सीटों पर अपने उम्मीदवारों को उतारा था। इनमें 34 केंद्रीय मंत्री हैं। पहली सूची में उप्र. में वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम प्रमुख है। उधर, इस कड़ी में कांग्रेस पार्टी ने भी अब तक अपने उम्मीदवारों की दो सूची जारी की है। कांग्रेस ने 8 मार्च को अपनी पहली लिस्ट जारी की थी। कांग्रेस का कई राज्यों में चुनावी गठबंधन है। पहली सूची में पार्टी ने छत्तीसगढ़, केरल, मेघालय, कर्नाटक, सिक्किम, तेलंगाना और त्रिपुरा में लोकसभा उम्मीदवारों का तो ऐलान किया लेकिन उत्तर प्रदेश से अब भी कोई उम्मीदवार सामने नहीं आया है। पहली ही सूची में राहुल गांधी को वायनाड से उम्मीदवार बनाया गया जबकि उप्र. अमेठी, रायबरेली में कांग्रेस के उम्मीदवार पर मुहर नहीं लगी है।

दरअसल, उप्र. में कांग्रेस और सपा मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। 80 सीटों में सपा 62 और कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। सपा ने यहां एक सीट टीएमसी को दी है। सपा अब तक 42 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। ऐसे में केवल राज्य में ही सपा ने करीब 70 फीसदी से ज्यादा उम्मीदवार उतारे हैं। वहीं, बात अगर बसपा नेत्री मायावती की करें तो उन्होंने उप्र. की अब तक पार्टी ने कुल 13 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है।

### इंडिया गठबंधन में उम्मीदवारों पर मंथन जारी

- **सपा ने अब तक 37 सीटों पर ही उतारे उम्मीदवार, कांग्रेस अभी शांत**
- **एक पर टीएमसी, बसपा रुको-देखो की राह पर**



## चुनाव कमाल का...

- चुनाव आयोग में पहले केवल मुख्य चुनाव आयुक्त ही होता था। 16 अक्टूबर 1989 से 1 जनवरी 1990 तक इसमें तीन आयुक्त नियुक्त किए गए।
- 1 अक्टूबर 1993 को पहली बार तीन आयुक्तों की नियुक्ति की व्यवस्था को नियमित कर दिया गया यह व्यवस्था आज भी जारी है। इनमें एक मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्त होते हैं।
- चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति करते हैं। चुनाव आयोग राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, संसद के दोनों सदनों (राज्य सभा और लोकसभा), राज्यों की विधानसभाओं और विधान परिषदों का चुनाव कराता है।

## चुनावी तीर



रक्षा सौदों आदि में भ्रष्टाचार के बाद चर्चित गुप्त चुनावी बॉण्ड से उत्पन्न धनबल द्वारा देश की राजनीति एवं चुनाव को भी जनहित एवं जनमत से दूर करने की प्रक्रिया के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय का ताजा फैसला महत्वपूर्ण है, किन्तु संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए सतत प्रयास जरूरी है। जहां सहारा, वहां इशारा, इससे बचने के लिए बसपा बड़े-बड़े पूंजीपतियों एवं धन्नासेठों के धनबल से दूर है।

**मायावती,** बसपा सुप्रीमो



विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सहयोगियों के बीच बिहार के लिए सीटों का बंटवारा अंतिम चरण में है और अगले कुछ दिनों में इस पर मुहर लग जाएगी। क्या कारण है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही पर्चा लीक जैसी घटनाएं होने लगीं? इसके लिए कौन जिम्मेदार है? ...क्या युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी?


**-तेजस्वी यादव,** राष्ट्रीय जनता दल



मैं सोनिया गांधी से कभी नहीं मिला। यह कहना बेबुनियाद है कि मैंने सोनिया गांधी से मुलाकात की और अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। अगर राहुल मेरे बारे में ऐसा कह रहे हैं तो यह अतार्किक और बेबुनियाद है। मैंने विधायक पद से इस्तीफा दिया और फिर पार्टी से भी इस्तीफा दे दिया।

**- अशोक चव्हाण,** राज्यसभा सदस्य, भाजपा

# अटल की राजनीतिक विरासत संजोये रखने को दमखम भरेंगे राजनाथ



● अजय दयाल, लखनऊ


**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी तो रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ सीट से जीत की हैट्रिक लगाने के लिए चुनावी मैदान में अपना दमखम दिखाने को तैयार हैं। राजधानी लखनऊ को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की न केवल कर्मभूमि कहा जाता है, बल्कि भाजपा इस संसदीय सीट पर 1991 से काबिज रही है।

अटल बिहारी वाजपेयी इस सीट से लगातार पांच बार सांसद रहे हैं। अटल की इसी राजनीतिक विरासत को संभालते हुए साल 2014 के चुनाव में राजनाथ सिंह ने इस सीट को रिकार्ड मतों से जीता था। भाजपा इस बार फिर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विश्वास जताते हुए उन्हें जीत की हैट्रिक लगाने और अटल की ही तर्ज पर जीत के अंतर का रिकॉर्ड बनाने को चुनावी मैदान में उतारा है। दरअसल, अटल की तैयार जमीन से आज भी भाजपा यहां राजनीतिक फसल काट रही है। अटल यहां से पांच बार सांसद चुने गए और उनसे से पहले लखनऊ में कभी भाजपा चुनाव नहीं जीती थी। पहले इसे कांग्रेस के गढ़ के रूप में जाना जाता था। हालांकि 1989 के चुनाव में जनता दल के मान्धाता सिंह ने दाऊ जी को हराकर जीत दर्ज की थी। उससे पहले 1984 व 1980 के चुनावों में कांग्रेस की शीला कौल यहां से सांसद रही हैं। उस समय इसे कांग्रेस का गढ़ माना जाता था।

### तोड़ते रहे अपने ही बनाए रिकार्ड

सच्चाई तो यह है कि खुद अटल बिहारी बाजपेयी अपने ही बनाए रिकार्ड को तोड़ते रहे। साल 1991 में जहां उन्होंने एक लाख 17 हजार 303 वोटों से जीत दर्ज की वहीं 1996 के चुनाव में अपने इस रिकार्ड को तोड़ दिया। इस चुनाव में उन्होंने राज बब्बर को एक लाख 18 हजार 671 वोटों से पराजित किया। 1998 के चुनाव में भी उन्होंने सपा के मुजफ्फर अली को दो लाख 16 हजार से ज्यादा वोटों से हराकर सीट को और मजबूत किया। हालांकि 1999 के चुनाव में कांग्रेस के डॉ. कर्णसिंह ने उन्हें मजबूत चुनौती दी थी फिर वह जीत न सके। वह चुनाव अटल ने एक लाख 23 हजार से ज्यादा वोटों से जीता। 2004 के लोक सभा चुनाव में अटल बिहारी बाजपेयी ने फिर अपने ही पिछले रिकार्ड तोड़ दिए। इस चुनाव में उन्होंने सपा की मधु गुप्ता को दो लाख 18 हजार से ज्यादा वोटों से परास्त कर दिया।

- **राजधानी से जीत की हैट्रिक लगाने को उतरे रक्षामंत्री का इंडिया गठबंधन उम्मीदवार से मुकाबला**
- **पांच बार सांसद रहे हैं अटल ने अपनी ही जीत के तोड़े थे रिकॉर्ड, इस बार राजनाथ के पास मौका**



### राजनाथ से पहले लालजी टंडन ने संभाली अटल की राजनीतिक विरासत

अटल के बाद और राजनाथ सिंह से पहले उनकी राजनीतिक विरासत के उत्तराधिकारी लालजी टण्डन बने। बाद में लखनऊ सीट से चुनाव लड़ते हुए राजनाथ सिंह ने 2014 में मोदी लहर में 5 लाख 61 हजार से ज्यादा वोट प्राप्त किए थे। उनके खिलाफ कांग्रेस के टिकट पर लड़ी रीता बहुगुणा जोशी को सिर्फ 2 लाख 88 हजार हजात वोट ही मिले थे। यानि राजनाथ ने लखनऊ से अपने पहले चुनाव में 2 लाख 77 हजार से ज्यादा वोट के अंतर से चुनाव जीता था। ऐसे ही 2019 के लोस. चुनाव में भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह को 6 लाख 33 हजार से ज्यादा वोट मिले थे जबकि सपा उम्मीदवार पूनम सिन्हा केवल दो लाख 85 हजार से अधिक वोट मिले थे। इस चुनाव में राजनाथ सिंह 3 लाख 47 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से चुनाव जीता था। इस बार पार्टी को राजनाथ सिंह से अपना ही पिछला जीत के अंतर का रिकॉर्ड तोड़ने की उम्मीद है। राजनाथ के सामने मुख्य मुकाबले में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा हैं।

### पांच विधानसभाएं हैं शामिल

लखनऊ लोकसभा सीट में पांच विधानसभा सीट आती है। जिसमें जिनमें लखनऊ पश्चिम, लखनऊ उत्तरी, लखनऊ पूर्वी, लखनऊ मध्य और लखनऊ कैंट विधानसभा सीट शामिल है। इसमें से तीन सीट पर भाजपा ने 2022 चुनाव में जीत दर्ज की थी।

# नैनीताल सीट से भाजपा हैट्रिक की तैयारी में

● अरविंद मलिक, हल्द्वानी

● **कांग्रेस अभी प्रत्याशी तक तय नहीं कर पाई, बसपा का भी खिसक रहा जनाधार**

**तीन चुनावों के आंकड़े (प्रतिशत में)**

| वर्ष | कांग्रेस | भाजपा | बसपा |
|---|---|---|---|
| 2009 | 42.63 | 30.90 | 19.03 |
| 2014 | 31.96 | 57.81 | 5.38 |
| 2019 | 34.41 | 61.35 | 2.36 |

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी नैनीताल सीट पर हैट्रिक लगाने को पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतर गई है। रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट दोबारा से चुनाव में ताल ठोक रहे हैं। लगातार दो बार हार का स्वाद चख रही कांग्रेस अभी तक प्रत्याशी तक तय नहीं कर पाई है। प्रत्याशी चयन में भाजपा ने कांग्रेस को पछाड़ दिया है। अब देखना है कि कांग्रेस किस प्रत्याशी के दम पर सांगठनिक रूप से सशक्त भाजपा से कैसे निपटेगी।




लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है। भाजपा इस सीट से जीत की हैट्रिक लगाने को पूरी दमखम से जुट गई है। रक्षा राज्य मंत्री एवं वर्तमान सांसद अजय भट्ट पर भाजपा ने दोबारा दांव लगाया है। भाजपा के सभी आनुषांगिक संगठन चुनावी तैयारी में लग गए हैं। बैठकों का दौर शुरू हो गया है। नैनीताल और ऊधमसिंह नगर दोनों जिलों में चुनावी कार्यालय खुल गए हैं। लोकसभा क्षेत्र प्रभारी चुनावी तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। हर वोटर के पास पहुंचने को शक्ति केद्र स्तर पर बूथ कमेटियों की बैठकें चल रही हैं। हर उस वोटर से जो भाजपा से जुड़ा नहीं है, उससे संपर्क साधा जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस सांसद उम्मीदवार के लिए चेहरा तक नहीं तलाश सकी है। लगातार विधायकों, विधानसभा चुनाव लड़ चुके उम्मीदवारों, जनप्रतिनिधियों के जाने से लग रहे झटकों से ही कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व नहीं उबर पा रहा है। वहीं स्थानीय नेतृत्व में भी व्यक्तिगत स्तर तक ही सिमटता दिख रहा है। भाजपा की तुलना में कांग्रेस का संगठन काफी कमजोर माना जा रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस की सक्रियता कहीं नहीं दिखाई दे रही है।

भले ही कांग्रेस प्रत्याशी अभी घोषित नहीं हुआ हो पर यह तय है कि मुकाबला इस बार भी कांग्रेस व भाजपा के बीच ही होना है। कारण स्पष्ट है कि उत्तराखंड में कांग्रेस व भाजपा ही प्रमुख दल माने जाते हैं जबकि उक्रांद, उपपा, बसपा, सपा सिर्फ वोट कटाने तक ही सीमित रहती हैं। पिछले एक दशक में भाजपा का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है तो कांग्रेस के सामने अपना वजूद बचाए रखने की चुनौती है। आंकड़ों पर गौर करें तो बसपा का जनाधार तो लगातार खिसक रहा है। लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 14 विधानसभा सीटें हैं। इसमें नैनीताल जिले में कांग्रेस का एक और ऊधमसिंह नगर जिले में पांच विधायक हैं। 2004 और 2009 में कांग्रेस के केसी सिंह बाबा ने जीत हासिल की थी। लेकिन, 2014 में भाजपा के दिग्गज व पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने बाबा को हराकर जीत की हैट्रिक पर विराम लगा दिया। 2019 में भाजपा के अजय भट्ट ने कांग्रेस के दिग्गज नेता हरीश रावत को करारी शिकस्त दी।

# सियासी नारों की बिसात पर बदल गई चुनावी तस्वीर

● अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचारः** चुनावी उद्घोषणा हो गई है। सियासी हलचल भी तेज हो गई है। देवीपाटन मंडल में अभी सभी प्रत्याशियों की तश्वीर साफ नहीं हो पाई है, लेकिन जीत की दहलीज तक पहुंचने के लिए हर बार की तरह एक बार फिर नारे गढ़े जाने लगे हैं। 1951 से लेकर चुनाव की प्रक्रिया बदल गई। प्रचार प्रसार के माध्यम बदल गए। बैलेट पेपर की जगह ईवीएम लग गई। लेकिन अगर कुछ नहीं बदला है तो वह आरोप प्रत्यारोप और चुनावी नारे। राजनीतिक दलों की तरफ से गढ़े नारों का असर भी खूब होता रहा और सियासी तस्वीर भी बदलती रही। कभी-कभी इसका उलटा असर भी हुआ लेकिन चुनावी नारे लोगों के जेहन में बैठने वाले भी थे जिनसे वोटर हमेशा प्रभावित होते रहे।

चुनाव में विकसित भारत की बात हो रही है। आम लोगों को न्याय दिलाने की बात हो रही है। लोकतंत्र बचाने की बात हो रही है। तो भारत को और समृद्धशाली बनाने के नाम पर वोट मांगे जा रहे हैं। ये कितने कारगर होंगे और इसका असर चुनावों में गढ़े गए नारों से समझते हैं। 1990 से राजनीति में बड़ा बदलाव आया। राजनीति के जानकार और कई बार के प्रधान रहे जसवंत लाल मिश्र कहते हैं कि 1990 के पहले गांव, गरीब, किसान, खेती, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य मुद्दे होते थे। लेकिन अब ये बदल गए हैं। राजनीतिक दलों के साथ आम नागरिकों की मानसिकता बदल गई है।

1991 की राजनीति में राम मंदिर आंदोलन ने तश्वीर बदल दिया। 1971 में इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ का नारा दिया। उधर विपक्ष ने इंदिरा हटाओ का नारा दिया। इस चुनाव में इंदिरा गांधी सत्ता पाने में कामयाब रहीं लेकिन 1977 में वह सत्ता से बाहर हो गईं और इंदिरा हटाओ का नारा कामयाब हो गया। गोंडा से कांग्रेस के सांसद रहे कुंवर आनंद सिंह चुनाव हार गए और बीएलडी से सत्यदेव सिंह चुनाव जीत गए। बलरामपुर सीट से नाना जी देशमुख ने कांग्रेस के उम्मीदवार को हराकर जनसंघ को जिता दिया था। इसी तरह बहराइच से जनता पार्टी के ओम प्रकाश त्यागी और कैसरगंज से जनता पार्टी से रुद्रसेन चौधरी जीत गए। नारे ने सियासत की पूरी तश्वीर ही बदल दी।


1989 में अलग हुई समाजवादी पार्टी भले ही क्षेत्रीय दल था लेकिन सपा ने भी रोटी कपड़ा और मकान, मांग रहा है हिंदुस्तान का नारा दिया। 1991 में भाजपा ने नारा दिया कि सौगंध राम की खाते हैं मंदिर वहीं बनाएंगे, इसका फायदा भाजपा को मिला। बसपा ने भी दलित कार्ड खेला और नारा दिया- तिलक तराजू और तलवार, इनको मारो जूते चार। ठाकुर, बाभन, बनिया चोर, बाकी सब डीएस फोर। इसका फायदा बीएसपी को मिला लेकिन ठाकुर, बनिया व ब्राह्मण के सहयोग से ही सरकार बनी। भाजपा को हराने के लिए सपा और बसपा ने गठबंधन किया तब नारा गढ़ा गया-मिले मुलायम कांशी राम, हवा हो गए जय श्रीराम। लेकिन 2024 में राम आ गए और अब राम राज्य को लाने की बात हो रही है। 2014 में मोदी के नेतृत्व में चुनाव हुआ। 2019 में सरकार अपनी सफलता पर इतरा रही थी। इसलिए एक बार फिर मोदी सरकार का नारा दिया गया। इसमें भाजपा कामयाब रही। 2024 में भाजपा ने एक बार फिर मोदी सरकार, विकसित भारत का नारा दिया है। वहीं कांग्रेस ने मोदी को हटाएंगे सबको न्याय दिलाएंगे का नारा गढ़ा है।

### स्थानीय नारे भी सियासत की बदलते हैं करवट

वर्ष 1998 की बात है। बृजभूषण शरण सिंह भाजपा से तो सपा से कीर्तिर्धन सिंह आमने सामने चुनाव मैदान में थे। गांधी पार्क में चुनावी रैली में अपनी जीत के प्रति बृजभूषण सिंह इतने उत्साहित थे कि उन्होंने नारा दिया कि तुही जितैहिऔ और हमही जीतब, हमही जीतब। उनका उद्देश्य दूसरा था लेकिन मतदाताओं पर इसका असर उलटा हुआ और इसमें बृजभूषण सिंह को जीत से दूर कर दिया। 2009 में कांग्रेस से बेनी प्रसाद वर्मा चुनाव में खड़े थे। दूसरी तरफ भाजपा से राम प्रताप सिंह, सपा से विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह तथा बसपा से कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव लड़ रहे थे। स्थानीय स्तर पर नारा उछला एक दबाओ तीन गिराओ। इसका असर यह हुआ कि गोंडा के तीनों क्षत्रप चुनाव हार गए और बेनी बाबू चुनाव जीत गए।

# दक्षिण के भरोसे भाजपा देख रही 400 पार का सपना

● ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली



● **2019 के चुनाव में दक्षिण के तीन राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश व केरल में खाता तक नहीं खुल पाई थी भाजपा**

**भाजपा का रिपोर्ट कार्ड**

| 129 कुल सीटें दक्षिण के राज्यों में | 0 केरल |
|---|---|

| कर्नाटक | तेलंगाना | तमिलनाडु | आंध्र प्रदेश |
|---|---|---|---|
| 25 | 4 | 0 | 0 |

भारतीय जनता पार्टी ने 400 पार का लक्ष्य पूरा करने के लिए दक्षिण भारत के पांच राज्यों (कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल व आंध्र प्रदेश) में विशेष प्रचार अभियान का कार्यक्रम तैयार किया है। जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री ने कर भी दी है। पिछले 77 दिनों में उन्होंने 23 दिन सिर्फ दक्षिण के राज्यों में व्यतीत किए हैं।

2019 के चुनाव में दक्षिण के तीन राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश व केरल में बीजेपी का खाता तक नहीं खुला था जबकि कर्नाटक में 25 और तेलंगाना में चार सीटें ही मिली थीं। विपक्षी दलों को 100 सीटें मिली थीं। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इस बार पुनः केरल की वायनाड सीट से उम्मीदवार है। इसकी वजह से पांचो राज्यों में कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों को फायदा होने का अनुमान है। कांग्रेस का मानना है कि उसे 2019 के मुकाबले 2024 में कर्नाटक में ज्यादा सीटें मिलेंगी और बीजेपी को नुकसान होगा। इस बार कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। दक्षिण भारत के राज्यों में सर्वाधिक 29 सीटें तमिलनाडु, 28 सीटें कर्नाटक, 25 सीटें आंध्र प्रदेश, 20 सीटें केरल एवं 17 सीटें तेलंगाना में है। प्रथम चरण के चुनाव अभियान के पहले चरण में प्रधानमंत्री 5 दिन में सभी 129 सीटों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर इतिहास रचने जा रहे हैं। दूसरे चरण में उनकी कैबिनेट के वरिष्ठ मंत्रियों ने इन सभी 129 सीटों में रोड शो, कार्यकर्ताओं से सीधा संपर्क व चुनावी रैलियां आदि कार्यक्रम तय हैं।



# बिहार में भाजपा 17 जदयू 16, लोजपा 5 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों के लिए बिहार में 40 सीटों के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सदस्य दलों में सीटों का बंटवारा हो गया है जिसके अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 17, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) 16, लोक जनशक्ति पार्टी -रामविलास (लोजपा) 05, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा (रालोमो) एक -एक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।


भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में पार्टी में बिहार के प्रभारी विनोद तावड़े, जदयू के राष्ट्रीय महामंत्री संजय कुमार झा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी और हम के प्रदेश अध्यक्ष रजनीश कुमार ने एक साथ ऐलान किया और प्रधानमंत्री के राजग को 400 पार पहुंचाने के संकल्प को पूरा करने के लिए बिहार की सभी 40 सीटें जीत कर देने का इरादा व्यक्त किया। तावड़े ने कहा कि बिहार में राजग के पांच सदस्य दल- भाजपा, जदयू, लोजपा, हम एवं रालोमो के चुनाव चिह्नों पर राजग के रूप में एक साथ चुनाव लड़ेंगे। भाजपा 17 सीटों पर, जदयू 16 सीटों पर, लोजपा पांच सीटों पर तथा हम एवं रालोमो एक एक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

# चुनाव परिणामों से चौंकाती भी रहती है अयोध्या

● इंदुभूषण पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** वर्ष 1986 में राम जन्मभूमि का ताला खुलने से लेकर अभी कुछ दिन पूर्व हुई रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बीच चार दशक की अवधि में अयोध्या व उत्तर प्रदेश ही नहीं देश की राजनीति ने यहीं से सियासी करवटें व अंगड़ाइयां ली हैं। एक तरह से राम मंदिर आंदोलन की ही पृष्ठभूमि में विश्व हिंदू परिषद, भाजपा व आरएसएस ने इसे अपना गढ़ बना लिया, लेकिन इसे अयोध्या की खूबी कहें या कुछ और। इस अवधि में चुनाव चाहे लोकसभा के हुए हो, विधानसभा या निकायों के। अयोध्या ने बीच-बीच में चौंकाने वाले भी परिणाम दिए हैं।

अयोध्या (फैजाबाद) लोकसभा सीट पर इसी अवधि में सर्वाधिक बार भाजपा भले ही जीती है लेकिन 1989 से लेकर अब तक क्रमशः तीन बार इस लोकसभा सीट से 1989 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, 1998 में समाजवादी पार्टी और 2004 में बसपा ने भी अपना परचम लहराया है। बीते विधानसभा के चुनाव और अयोध्या नगर निगम के चुनाव में भी चुनाव परिणामों से भाजपा भौचक रह गई थी।



**40** से उत्तर प्रदेश ही नहीं देश की राजनीति भी अयोध्या में लेती आई है सियासी अंगड़ाई

**1957** से 1984 तक फैजाबाद में जीतते चले आए कांग्रेस के प्रत्याशी, 1977 का चुनाव रहा अपवाद

फैजाबाद जिला व फैजाबाद लोकसभा सीट आजादी के बाद से मूलतः कांग्रेस का गढ़ रही। सन् 1957 से लेकर 1984 तक यहां से कांग्रेस सांसद ही जीतते रहे। बीच में केवल 1977 का चुनाव अपवाद रहा जब यहां जनता पार्टी से अनंतराम जायसवाल ने कांग्रेस का तिलिस्म तोड़ा। अयोध्या का राम मंदिर आंदोलन एक तरह से वर्ष 1985 में परवान चढ़ना शुरू हुआ, जब जेल जैसे लोहे के सींकचों में ताले में कैद रामलला की मुक्ति का विश्व हिंदू परिषद ने आंदोलन शुरू किया। एक फरवरी 1986 को अदालत के आदेश से रामजन्मभूमि का ताला खुला तो पूरे जिले में दिवाली मनाई गई। यहीं से भाजपा ने इसे अपनी सियासत का ऊर्जा केंद्र एक तरह से अयोध्या को बना लिया। राम मंदिर आंदोलन शुरू होने से कांग्रेस की जड़ एक तरह से उखड़ गई।

वर्ष 1989 के चुनाव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मित्रसेन यादव ने कांग्रेस के निर्मल खत्री को पराजित कर इस सीट पर कब्जा कर लिया। अगले ही चुनाव 1991 में भाजपा के विनय कटियार जीते और लगातार दो बार यहां से सांसद रहे।

चौंकाने वाला परिणाम फिर 1998 के लोकसभा चुनाव में आया। जब सपा के टिकट से मित्रसेन यादव ने भाजपा को मात दे दी। 1999 में विनय कटियार फिर सांसद चुन लिए गए, लेकिन मित्रसेन यादव ने 2004 के लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के टिकट से लड़कर इस सीट पर कब्जा कर लिया। योगी आदित्यनाथ की पहली सरकार में फैजाबाद का नाम बदलकर अयोध्या कर दिया गया। वहीं फैजाबाद व अयोध्या नगर पालिका को मिलाकर अयोध्या नगर निगम बना दिया गया। उस समय अयोध्या जिले की सभी पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा था।

चौंकाने वाले परिणामों की दृष्टि से देखें तो इतना सबकुछ करने के बाद 2022 में विधानसभा के चुनाव हुए तो अयोध्या जिले की पांच में से दो विधानसभा सीटें क्रमशः गोसाईगंज और मिल्कीपुर समाजवादी पार्टी ने भाजपा से छीन ली। यह तब हुआ जबकि अगस्त 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर की आधार शिला रखी थी। उम्मीद थी कि इसका असर विधानसभा चुनाव में दिखेगा और भाजपा को लाभ होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद मई 2023 में हुए नगर निकाय के चुनाव में भाजपा अपने इतने पार्षद भी नहीं जिता पाई कि बोर्ड में उसका बहुमत हो पाए।

नगर निगम के चुने गए नए मेयर के वार्ड में भी भाजपा को हराकर निर्दल पार्षद जीत गया। वहीं राम मंदिर जिस वार्ड में है, उस वार्ड में भी भाजपा को मुंह की खानी पड़ी और वहां से जमीन कारोबारी एक मुसलमान निर्दल पार्षद बन गया। इसी तरह अयोध्या में आरएसएस के बने नए मुख्यालय साकेतपुरी वार्ड में भी भाजपा को मुंह की खानी पड़ी और यहां भी एक मुस्लिम महिला निर्दल पार्षद चुन ली गई। यह अलग बात है कि अब कई निर्दल पार्षदों को दल में शामिल कराकर भाजपा का नगर निगम बोर्ड में बहुमत हो गया।

# धर्म दर्शन



# अंतर्जगत को रंगों से रंगने का पर्व है रंगभरी एकादशी

रंगों का क्या पूछना? तरह-तरह के रंगों की अलग-अलग ही नवाबियत और ख़ासियत है। सादे या ब्लैक एंड ह्वाइट चित्र हों या चलचित्र, इनमें रंग भर क्या दिया कि ये आंखों को ही नहीं दिल तक को छूने लगते हैं। रंगों का यह दमखम हरेक को लुभाता है। रंगों से रिश्ता सिर्फ इंसानों का ही नहीं प्रकृति का भी गहरा नाता है।

प्रकृति के सर्वाधिक प्रतापी अतिथि सूर्य को देखा जाए तो सूर्य के उदित होते आकाश चित्रकारी से भर जाता है। इतना ही नहीं जाते-जाते सूर्यास्त के समय भी आकाश का रंग-ढंग लुभाता ही नहीं बल्कि कला-प्रेमियों को लूट लेता है। प्रथम दृष्टया तो सूर्य में सात रंग होते हैं जिसमें लाल, नारंगी, पीला, हरा, बैंगनी, नीला और आसमानी रंग शामिल है लेकिन इन्हीं सप्तरंगों से अनगिनत रंग बनते हैं। आसमान से नीचे उतर कर किसी वन-उपवन को निहारा जाए तो पेड़ों से लेकर फूलों के रंग बिन बोल खींच लेते हैं संवेदनशील लोगों को। पूरी प्रकृति रंग-विरंग का महाग्रंथ सा है। हर अध्याय और हर पृष्ठ में ये रंग, रंग जमाते दिखाई पड़ते हैं।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

प्रकृति के साथ रंगों का ताल्लुक़ात देखने पर वसंत का महीना तो चार चांद लगाता है। इसी वसंत ऋतु को आगाज देने आता है होली का त्योहार। चैत्र-वैशाख का महीना वसंत का होता है। होली के पांच दिन पहले रंगभरी एकादशी स्कूल के घण्टे से कम कहां है? घण्टा बजते बच्चे प्रार्थना के लिए मैदान में आ जाते हैं। ऐसा ही कुछ रंगभरी एकादशी के दिन से होली के उल्लास का होता है। इस दिन से 'बुरा न मानो होली है' की गूंज शुरू हो जाती है।

रंगभरी एकादशी सिर्फ वाह्य जगत के लिए ही नहीं बल्कि अंतर्जगत में विराजते मन के उल्लास लिए भी संदेश लेकर आती है। दस इंद्रियों से संचालित जीवन में जब सिर्फ वाह्य जगत पर ही दृष्टि है तो यह दसों दिशाओं की यात्रा है और जब वाह्य से अंतर्जगत की ओर यात्रा करनी होती है तो वह अंतर्जगत में स्थित एकादश शक्ति की ओर उन्मुख होने की यात्रा है। मन का रंग, वाह्य रंगों से जरा हट कर होता है। मन जब लाल रंग से अठखेलियां करता है तब उसमें स्नेह, प्रेम, शौर्य का भाव भर जाता है। इसी तरह हरा रंग खुशहाली और समृद्धि एवं नीला रंग निश्चिन्तता तथा सकारात्मकता का रंग भरता है। नारंगी ऊर्जा और उत्साह, पीला बौद्धिक ज्ञान की वृद्धि का रंग प्रदान करता है और बैंगनी राजसी भाव का प्रतिनिधि रंग है।


मन जब इन विविध रंगों के प्रभाव में डूबता है तब व्यक्तित्व में पूर्णता आती है। रंगभरी एकादशी को कैलाश पर्वत पर समाधि के देवता महादेव भी पार्वती के संग रंग खेलते है। महादेव के रंग खेलने के प्रतीकों पर गहराई से चिंतन मनन किया जाए तो कुंडलिनी शक्ति जागरण के लिए वे सप्तचक्रों में रंग भरते हैं। योग-विज्ञान में मूलाधार चक्र से सहस्रार चक्र के अलग अलग रंग निर्धारित हैं। अलग-अलग चक्र के जागृत होते अलग-अलग तरह के रंगों का प्रभाव पड़ता है।

इस दृष्टि से होलिका दहन के पांच दिन पहले आने वाली रंगभरी एकादशी पांच ज्ञानेन्द्रियों, पांच कर्मेन्द्रियों एवं एकादश अतीन्द्रिय चेतना को ऊर्जान्वित करने की तिथि है। इसके बाद तो वाह्य जगत से पड़ने वाले कुप्रभावों को दहन करने की शक्ति खुद ही मिल जाती है। रंगभरी एकादशी का दूसरा नाम आमलकी एकादशी है। आमलकी धात्री-फल को कहते है। धात्री का अर्थ 'मां' कहा गया है। सनातन संस्कृति में तो मां का दर्जा भगवान से भी ऊपर रखा गया है। 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' श्लोक में जन्म देने वाली मां तथा जन्मभूमि को स्वर्ग से भी श्रेष्ठ कहा गया है। जन्मभूमि को अन्तः करण भी मानना चाहिए क्योंकि जीवन में जो भी मनुष्य कार्य करता है, उसका प्रथम भाव मन में ही जन्म लेता है। आमलकी फल में आंवला, श्रीफल तथा अन्य लाभप्रद फलों को शामिल किया गया है। फल प्राप्ति के पहले वृक्ष का रोपण और सिंचन किया जाता है। इसलिए आमलकी एकादशी का आशय यह भी है कि यदि जीवन को स्नेह-प्रेम आदि के अनुकूल रंगों से भरना है तो उसके लिए सदाचार तथा सत्कार्यों का अनुकूल रंग-गुलाल, अबीर का प्रयोग करना चाहिए। साथ ही सत्कर्म को जीवन पिचकारी बनाना चाहिए। फिर तो नकारात्मकता की होलिका जल जाएगी तथा खुशियों का प्रह्लाद जीवन भर ही नहीं पीढ़ी-दर-पीढ़ी आह्लाद प्रदान करता रहेगा।

# सत्य के प्रेरक सवितादेव



हे तेजस्वी सवितादेव! इस यज्ञ को उत्तम विधि से पूर्ण करें। यजमान को धन-धान्य के लाभ के लिए प्रेरित करें। वाचस्पति देव हमारी अन्नरूप आहुति को ग्रहण करें। जल के अंतः स्थल में अमृत तथा पुष्टिकारक औषधियां हैं। हे जलसमूह! आपकी ऊंची तथा वेगवान् तरंगे हमारे लिए अन्न प्रदायक बनें। वायु, मन, गंधर्व, पृथ्वी को धारण करने वाले सत्ताइस नक्षत्र आदि पहले से ही अपने साथ अश्व अर्थात् तीव्र गति को जोड़े हुए हैं। वे इस यज्ञ को गतिशील बनाएं। सत्य मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाले सविता देव के अनुशासन में रहकर हम याजकगण बृहस्पति देव के श्रेष्ठ तथा इंद्रदेव के उत्कृष्ट स्वर्ग में आरोहण करें। सबको प्रेरणा देने वाले, सबको प्रकाशित करने वाले, सत्य के प्रेरक सवितादेव तथा बृहस्पति देव के अनुशासन में रहकर हम युद्ध मे विजयी हों।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

माता-पिता के रूप में विश्वरूप द्यावापृथिवी हमारी रक्षा के लिए आएं। हमें अन्न उत्पादन का ज्ञान मिले, अमृतभाव के साथ सोम की प्राप्ति हो। देवत्व की प्राप्ति के लिए, सुखों की उत्तम प्राप्ति के लिए, यज्ञ रूप परमात्मा के लिए, प्रजापति के लिए, अविनाशी सुंदर दिन के लिए, भुवन की सीमा व भुवनपति के लिए ये आहुतियां समर्पित की जा रही हैं। सभी देवशक्तियां उन्हें स्वीकारें। यज्ञ से हम दीर्घायु हों, हमारे प्राण की वृद्धि हो, नेत्रों की ज्योति बढ़े, श्रवण इंद्रियां समर्थ हों, हमारी पीठ का बल बढ़े, हमारे यज्ञ का विस्तार हो। हम सभी ईश्वर की संतान बन कर रहें। हम सभी मेधावी बनकर दिव्य सुख को प्राप्त करें और अमृतत्व को प्राप्त करने में समर्थ हों। हे दिशाओं! तुम्हारा संपूर्ण ऐश्वर्य, धन, कार्य करने की सामर्थ्य तथा तेज हमें प्राप्त हो। माता पृथ्वी के लिए आदर सहित हमारा नमस्कार है। हे मातृभूमे! आप संचालन करने वाली हैं तथा आपकी ही शासन शक्ति है। आपको कृषि कार्य के लिए, जगत के कल्याण के लिए, देश में ऐश्वर्य वृद्धि के लिए, प्रजापालन तथा अपने योगक्षेम के लिए हम स्वीकारते हैं। सोम नामक दीप्तिमान पदार्थ को अन्न उत्पादनकर्ता प्रजापति ने सबसे पहले औषधि और जल के मध्य उत्पन्न किया। हमारे लिए यह सोम मधुर रस से युक्त हो। हम पुरोहितगण अपने राष्ट्र में जाग्रत एवं जीवन्त रहें, ताकि हम अपने राष्ट्र को भी प्रगतिशील और जीवन्त रख सकें। इसके लिए यह आहुति समर्पित है।।

वयं राष्ट्रे जागृयाम पुरोहिताः स्वाहा।। 9/23 अन्न के उत्पादक प्रजापति ने सब ओर से संपूर्ण भुवनों को उत्पन्न किया और वे सनातन, सर्वज्ञाता प्रजापति हमारे लिए प्रजा, पशुधन तथा समस्त ऐश्वर्य की वृद्धि करते हुए, सबसे ऊपर के स्थान में निवास करते हैं- यह आहुति उन प्रजापति के लिए समर्पित है। हमारे पालन के लिए जिस प्रजापति ने राजा, सोम, अग्नि, बारह आदित्य, विष्णु, सूर्य, ब्रह्मा और बृहस्पति देव को उत्पन्न किया है, उस प्रजापति का हम स्तवन करते हैं। यह आहुति उन प्रजापति के लिए समर्पित है।

अर्यमा, पूषादेवता तथा वाणी की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती हमारे लिए अभीष्ट दान प्रदान करें। हमारी यह आहुति आपके लिए समर्पित है। हे पृथिवि! यह भाग आपका है, इसे स्नेहपूर्वक स्वीकार करें। पूर्व दिशा में विराजमान अग्निदेवता के निमित्त, दक्षिण दिशा में विराजमान यम देवता के निमित्त, पश्चिम दिशा में विराजमान विश्वेदेव के निमित्त, उत्तर दिशा में विराजमान मित्रावरुण व मरुत् देवता के निमित्त तथा ऊपरी भाग अंतरिक्ष और द्युलोक मे विराजमान हवि भोजी सोम के निमित्त सभी देवताओं की प्रसन्नता के लिए, ये आहुतियां समर्पित हैं। सभी देव शक्तियां स्नेहपूर्वक इन आहुतियों को स्वीकारें। हे याजक! सवितादेव यज्ञकार्य के लिए तुम्हें प्रेरित करें। अग्निदेव गृहपतियों को प्रेरित करें। सोमदेव तुम्हारे लिए वनस्पति रूपी औषधियां प्रदान करें। मेधा प्राप्ति के लिए बृहस्पतिदेव, बड़प्पन के लिए इंद्रदेव, पशुधन के लिए रुद्रदेव, सत्य व्यवहार के लिए मित्रदेव तथा धर्म मार्ग में चलने के लिए वरुणदेव प्रेरित करें।

# दिव्यशक्ति संपन्न और ऊर्जावान असुर

त्रेता युग में एक से बढ़कर एक असुर हुए। वाल्मीकि रामायण में असुर के लिए सर्वाधिक प्रयुक्त संबोधन "राक्षस" था। इनमें भी सर्वाधिक सशक्त लंकापति रावण और उसके पूर्वज एवं वंशज थे। इनमें रावणानुज विभीषण को छोड़कर अधिकांश भगवान शिव के भक्त थे। जैसा कि स्पष्ट किया जा चुका हैं कि प्रारंभ में देव, दानव, दैत्य, नाग, गंधर्व, यातुधान आदि एक ही पिता कश्यप प्रजापति की दक्ष प्रजापति की की तेरह पुत्रियों से उत्पन्न संतानें थीं। अर्थात सभी संतानें परस्पर "मां सी" (मां के समान "मौसी") सौतेले भाई थीं।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

जब तक उनमें परस्पर स्नेह और सौहार्द रहा, सभी दिव्यशक्ति संपन्न और ऊर्जावान "असुर" विशेषण धारी बनी रहीं। बाद में जब माताओं में सौतियाडाह और सौतेले भाईयों में प्रभुत्त्व जनित स्वार्थ, ईर्ष्या, द्वेष एवं जीवन शैली को लेकर उत्पन्नद्वन्द्व भयंकर दीर्घकालिक सशस्त्र संघर्ष में बदल गया। सुरा (वारूणी, सोमरस) और सुन्दरी के प्रति मोह ने देवों को आरामतलब और सुविधा भोगी बना दिया। अप्रसन्न दितिपुत्र दैत्य, दनुपुत्रदानव एवं देवविरोधी तत्व परस्पर एक हो गए। महर्षि भृगु के नीति निपुण, महान शिवभक्त आचार्य शुक्र उशनस या शुक्राचार्य का मार्ग दर्शन पाते हो मानो देवों से अलग हुए समूह के भाग्य में मानो चार चांद लगा दिया। भगवान भोलेनाथ शिव और माता पार्वती के संरक्षण इन तथाकथित नव असुरों को अजेय बना दिया। सुविधा भोगी, सुरा सुन्दरी प्रेमी देवेन्द्र मानो असहाय सा हो गए। इसस्थिति ने लंकापति रावण को त्रैलोक्य विजय को प्रेरित किया। दीन, दलित, निराश्रित के रक्षक के रूप में सुख्यात् रावण आत्मनियंत्रण नहीं रखपाया और शीघ्र ही उसकी कुख्याति तीनो लोकों को रूलाने वाले के रूप में विश्व में हो गई। देवशिल्पी विश्वकर्मा के समान ही श्रेष्ठ वास्तुकार, दानवराज 'मय' की परम सुंदरी पुत्री पतिव्रता मंदोदरी के होते हुए भी ऋषि पुलस्त्य जैसे श्रेष्ठ ब्राह्मण कुलोत्पन्न महापण्डित, महातप स्वी, सुन्दर और सुपुष्ट शरीर धारी, रावण की छवि अंततः एक विकृत, विकराल, दस शिरोंवाले विकराल आकृति आततायी, अपहर्ता, लोकउत्पी डक, कामुक साम्राज्यवादी के रूप में स्थापित हो गई।

# जरासंध का आक्रमण और रणछोड़

कंस की मृत्यु के बाद उसकी दोनों रानियां अस्ति और प्राप्ति अपने पिता मगधराज जरासंध के पास पहुंच कर रोने लगीं। जरासंध श्रीकृष्ण की बढ़ती हुई शक्ति से पहले से ही चिन्तित था। उसने मथुरा की ओर कूच कर दिया। वह स्वयं को परम शक्तिशाली समझता था, साम्राज्यलिप्सा थी। इसलिए मार्ग में जो भी राज्य आए (दक्षिणकाशी, दक्षिणकौशल, दक्षिणपंचाल, दशार्ण, वत्स, मत्स्य-राज्य) सभी को जरासंध ने चुनौती दी, परास्त किया और उनकी सेनाओं को अपने साथ मिला कर मथुरा जा पहुंचा।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

चेदिराज शिशुपाल, बंगराज चित्रसेन तो पहले से ही उसके साथ थे। कुरुराज्य के वृद्धपितामह भीष्म इस समय सजग थे लेकिन कुणिक और शकुनि की वजह से हस्तिनापुर (धृतराष्ट्र) ने यादव गणराज्य की कोई सहायता नहीं की। सुधर्मा सभा में उद्धव ने श्रीकृष्ण बलराम को अतिरथी घोषित करने और निरंकुश राज्यों को समाप्त करने का सुझाव दिया। तदनुसार श्रीकृष्ण बलराम के नेतृत्व में यादव-सेना उस विशाल सेना पर झपट पड़ी, जिसके सैनिक या तो भाड़े के थे या अनमने थे। शाम होते होते जरासंध बंदी बना लिया गया था किन्तु कृष्ण की दूरदर्शी नीति के कारण उसे अपमानित करके छोड़ दिया। वह सत्रह बार आया और हर बार हारा। कुरु और पांचाल में भी एकतंत्र शासन था, किन्तु उन्होंने यादव गणराज्य और जरासंध के युद्धों को दूर से ही देखा। यादव गणराज्य का प्रभाव शूरसेन जनपद से शूर्पारक (समुद्र) पर्यन्त फैल चुका था। जब कृष्ण को गुप्तचर से संदेश मिला कि काल यवन उत्तर-पश्चिम से मथुरा पर आक्रमण करने चल दिया है। तब उन्होंने बलराम से मंत्रणा की कि इस समय यादवप्रजा को कटवाना वीरता नहीं होगी। यादवप्रजा की रक्षा के लिए हमें मथुरा छोड़ देनी चाहिए। वे रणछोड़ कहलाए।

## प्रदेश

# हाई कोर्ट ने खारिज की जौहर विश्वविद्यालय की याचिका

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने रामपुर जिले में मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय की भूमि के पट्टे को रद करने के उत्तर प्रदेश सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने 18 दिसंबर 2023 को जौहर विश्वविद्यालय ट्रस्ट की याचिका सूचीबद्ध करने के कुछ दिनों बाद दोनों पक्षों को सुनने के बाद मामले को सुरक्षित कर लिया था।



**सुनवाई**

▸▸ **विश्वविद्यालय की भूमि के पट्टे को रद करने के सरकार के फैसले को दी थी चुनौती**

फैसले को सुरक्षित रखते हुए पीठ ने राज्य सरकार को शैक्षणिक सत्र 2023-24 के अंत तक रामपुर पब्लिक स्कूल के बच्चों के लिए हेल्पलाइन खुला रखने का निर्देश दिया था। राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री आजम खान के नेतृत्व वाले मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट को पट्टे की शर्तों के उल्लंघन का हवाला देते हुए 3.24 एकड़ भूमि का पत्ता रद कर दिया। सरकार की ओर से आरोप लगाया गया था कि मूल रूप से एक शोध संस्थान के लिए आवंटित भूमि पर एक स्कूल चलाया जा रहा है।

सुनवाई के दौरान बिना कारण बताओं नोटिस के पट्टा रद करने के फैसले का बचाव करते हुए महाधिवक्ता ने विशेष जांच दल (एसआईटी) की उस रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें कहा गया कि लीज रद करने से पूर्व याची ट्रस्ट को अपना पक्ष रखने के लिए पर्याप्त अवसर दिया गया। इसके अलावा उच्च शिक्षा के उद्देश्य से अधिग्रहित की गई भूमि का उपयोग रामपुर पब्लिक स्कूल चलाने के लिए किया जा रहा था। तत्कालीन कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान द्वारा सरकारी जमीन के खुले आम दुरुपयोग के आधार पर पट्टा रद करने का फैसला लिया गया।

हालांकि ट्रस्ट की ओर से अधिवक्ता ने तर्क दिया कि यूपी सरकार द्वारा लीज डीड को रद्द करने और संपत्ति को सील करने में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन किया गया है। अनुसंधान संस्थान के खिलाफ कार्यवाही करने से पहले समिति के किसी भी सदस्य ट्रस्ट को कोई भी नोटिस नहीं दिया गया। इसके साथ ही पट्टा रद करने और परिसर को सील करने का कारण स्पष्ट नहीं किया गया, जिसकी वजह से याची राज्य को जवाब दाखिल नहीं कर सका।

# मस्जिद में संदिग्ध युवक के पास मिले 12 सिम कार्ड

सहारनपुर, एजेंसी

▸▸ **युवक को हिरासत में लेकर छानबीन में जुटी पुलिस**

जिले के सरसावा में एक मस्जिद में लोगों ने एक संदिग्ध युवक को पकड़ा, जिसके पास से 12 सिम कार्ड बरामद हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच की। जांच में सामने आया कि वह बोल नहीं पता है। उसने सिर्फ कागज पर लिखकर बताया कि वह हरियाणा के जनपद अंबाला का रहने वाला है।

सोमवार दोपहर मोहल्ला मिर्धान स्थित मरकज वाली मस्जिद में इबादत कर रहे कारी नईम, अब्दुल अहाद, शमशेर को मस्जिद में एक संदिग्ध युवक को दिखाई दिया। उसकी हरकत देखकर इन लोगों को शक हुआ और युवक को पकड़ लिया। इसके बाद मौके पर सभासद अय्यूब अंसारी भी पहुंच गए। कारी नईम और अब्दुल अहाद ने बताया कि युवक देखने में मुस्लिम समाज से लग रहा है, लेकिन उसकी हरकतें संदिग्ध थीं। युवक ने मस्जिद में चंदा भी मांगा। उन्होंने पहचान के लिए युवक से आधार कार्ड मांगा तो वो कुछ नहीं दिखा पाया। शक होने पर उसके बैग की तलाशी ली, जिसमें से 12 सिम और एक कॉपी के पन्ने पर कुछ शहरों के नाम लिखे हुए मिले। इसके अलावा सब्जी काटने के दो चाकू, टॉर्च, कुछ रुपये और कपड़े भी मिले। आरोपी के पास से बरेली निवासी एक बच्चे का आधार कार्ड भी मिला। वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि आरोपी शुरुआत में बोल रहा था, लेकिन भीड़ एकत्र होने पर गूंगा होने का नाटक करने लगा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस थाने ले आई, जिससे पुलिस ने पूछताछ की तो उसने एक कागज लिखकर सिर्फ इतना बताया कि वह अंबाला का रहने वाला है, लेकिन अपना नाम और पता नहीं बताया।एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि जांच में सामने आया है कि युवक बोल नहीं पाता है। उसकी दिमागी हालत भी ठीक नहीं लग रही है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

## वर्ग पहेली-14

**बाएं से दाएं**

1. रोएंदार, त्वचा पर बालोंवाला।
6. धीरे से खिसक जाना, रफूचक्कर होना, चल देना, चंपत होना।
7. लायक, पात्र, योग्य।
10. नरम होने की अवस्था या भाव, नरमी।
11. 1. अर्चित, जिसकी पूजा की गई हो 2. जिसका सम्मान किया गया हो।
12. 1. समान, तुल्य, सदृश 2. गुण

**ऊपर से नीचे**

2. 1. अविवाहित युवती या महिला के नाम से पहले प्रयोग किया जाने वाला शब्द, सुश्री 2. कुमारी, युवती, कन्या 3. चूक, गलती, भूल 4. किसी व्यक्ति या वस्तु को देखने
3. लटके दिखाने वाला, नख़रेवाला, जिसकी अदाएं शोख़ हों।
4. 1. रचना करना 2. निर्माण या तैयार करना 3. ठीक दशा या रूप देना 4. सुसज्जित करना, सजाना 5. सुधारना, मरम्मत करना 6. आपस में अच्छा संबंध या मेल-जोल बनाए रखना 7. पैदा करना या कमाना 8. अच्छी या उन्नत दशा में पहुंचाना 9. एक रूप से दूसरे रूप में लाना 10. उपहास करना 11. किसी कार्य को संपन्न करना 12. झूठी बातें कहना 13. स्वीकार करना, मानना 14. लाभ उठाना।
5. 1. आत्मा, जीवात्मा 2. इत्र 3. सत्त, सार।
8. 1. शृंगार, सजावट 2. शोभा।
9. 1. मल्लाह, केवट 2. घाट का कर लेने वाला।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | ■ |
| 5 | ■ | 6 | | | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | | ■ |
| ■ | 7 | 8 | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | ■ | 10 | | | | |
| 11 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | ■ | 12 | | | |

## वर्ग पहेली -13 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 हा | ■ | 2 गुं | ■ |
| ■ | 3 मु | बा | र | क | बा | दी |
| ■ | है | ■ | मो | ■ | ■ | ■ |
| 4 जा | या | ■ | 5 नि | 6 ह | त | ■ |
| ने | ■ | 7 जि | य | रा | ■ | 8 छि |
| जाँ | ■ | ■ | 9 म | र | जि | या |
| ■ | 10 है | ट | ■ | त | ■ | सी |

## सुडोकू-93

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 9 | | | | 8 |
| | 7 | | | | 1 | 5 | | 2 |
| 8 | | | 7 | | | | 3 | |
| 3 | | 9 | | 6 | | | | 4 |
| | | | 2 | | | 7 | 9 | |
| 2 | | 7 | | 5 | | | | |
| 7 | | | | 3 | | 2 | | |
| | 2 | | 1 | | 9 | | 5 | 6 |
| | | 6 | | | | 3 | | |

## सुडोकू -92 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 5 | 2 | 7 | 9 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 |
| 5 | 1 | 4 | 3 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 1 | 7 | 5 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 3 | 5 | 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 3 | 1 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 मार्च, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 20 मार्च 00.21 तक तत्पश्चात एकादशी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 20.10 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** — आज अनैतिक कार्यों में लिप्त होने से बचें। दोपहर के बाद आपको स्वास्थ्य को लेकर कुछ सावधान रहना चाहिए। जो लोग आपके निर्णयों का विरोध कर रहे थे, वही आज आपका समर्थन करेंगे। पुलिस और प्रशासन से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**वृष** — आज दाम्पत्य जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। पारिवारिक जिम्मेदारियों का अच्छी तरह निर्वहन करेंगे। विद्यार्थी अध्ययन में काफी रुचि लेंगे। नई व्यापारिक योजना पर काम कर सकते हैं। घरेलू कार्यों में कुछ विलम्ब हो सकता है।

**मिथुन** — आज मेहनत से पीछे न हटें। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। महत्वपूर्ण कार्यों को शाम से पहले पूरा करना हितकर होगा। अति आत्मविश्वास आपको अच्छे लाभ से वञ्चित कर सकता है।

**कर्क** — आज सार्वजनिक क्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा। कारोबार में परिस्थितियां आपके प्रतिकूल हो सकती हैं। भागदौड़ ज्यादा करनी पड़ेगी किन्तु विशेष परिणाम नहीं मिलेंगे। शाम को घर के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श करेंगे। रोगियों की सेहत में सुधार होगा।

**सिंह** — आज यदि विदेश जाना चाहते हैं तो कुछ समय अभी रुकना बेहतर होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। अति शीघ्रता में लिए गए निर्णय परेशानी बढ़ाने वाले सिद्ध होंगे। माता-पिता की आज्ञा का पालन करें। शरीर में शक्ति और तेज में कमी की अनुभूति होगी।

**कन्या** — आज समाज में आपका मान-सम्मान पहले की तुलना में बढ़ने वाला है। सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। सुख-सुविधा पर धन खर्च होगा। सहकर्मियों के व्यवहार से आह्लादित रहेंगे। बच्चों के व्यवहार में नजर बनाये रखें। अपने घर की मरम्मत या नवीनीकरण कर सकते हैं।

**तुला** — आज अपना काम पूरी निष्ठा से करेंगे। धार्मिक कार्यों में आपको मन लगाना चाहिए। ऑफिस में पेन्डिंग कार्य आज पूरे करने की कोशिश करेंगे। परिजनों की बात बुरी लग सकती है। पुरानी गलतियों को दोहराने से बचें।

**वृश्चिक** — आज दिन की शुरुआत कुछ खराब रहेगी। निर्णय लेने में असहज महसूस करेंगे। कल्पना लोक से बाहर आकर वास्तविकता को समझने का प्रयास करें। शाम को किसी मित्र के साथ घूमने जा सकते हैं। अनचाही यात्रा करनी पड़ेगी।

**धनु** — आज नशे की आदत से आपको बचना चाहिए। मन में सन्तोष व्याप्त रहेगा। गृहस्थ जीवन शान्तिपूर्ण ही रहेगा। किन्तु शाम को किसी वजह से कलह हो सकती है। विद्यार्थी अपने लक्ष्य से दिग्भ्रमित हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों और कला में मन लगेगा।

**मकर** — आज प्रेमी युगल जोड़े समय का अच्छा उपयोग करेंगे। साझेदारी से जुड़े हुए कार्य लाभप्रद सिद्ध होंगे। गृहस्थ जीवन का पर्याप्त आनन्द उठायेंगे। अच्छे अवसरों का लाभ उठा पायेंगे। आपको दूसरों से सलाह लेनी है, लेकिन स्वयं के विचारों के आधार पर निर्णय लेना उचित होगा।

**कुंभ** — आज पुरानी गलतियों से सीखने का प्रयास करें। सरकारी नौकरी कर रहे जातकों को कुछ परेशानी झेलनी पड़ेगी। मित्रों के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। पित्त विकार के कारण मुख में कड़वापन महसूस हो सकता है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में कम लगेगा।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र में सफलता के कारण आत्मविश्वास बढ़ेगा। किसी के बहकावे में आकर काम न करें। दोपहर के बाद आपको किसी समस्या से मुक्ति मिलेगी। दाम्पत्य संबंधों में तालमेल की कमी रहेगी। मन में कुछ उथल-पुथल सी हो सकती है।

## आज की फिल्में

B4U Movies:
- लोहा — सुबह : 07.49
- मजाल — रात : 07.00

Sony Pix:
- बुलेट ट्रेन — सुबह : 11.11
- द मास्क — रात : 09.00

Sony Max:
- सोनू के टीटू की स्वीटी — सुबह : 10.39
- चेहरे — शाम : 06.59

Zee Cinema:
- ट्रैफिक सिग्नल — सुबह : 10.30
- रॉक ऑन टू — रात : 07.30

Colors Cineplex:
- आ देखें जरा — सुबह : 08.49
- कुंवारा — रात : 06.59

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर सुबह : 10.39 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गोलू (एक पड़ोसी से)- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- 20 हजार रुपये प्रति माह
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं
गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं...

डॉक्टर - कहिए कैसे आना हुआ...
राजू- डॉक्टर साहब लिवर में बहुत दर्द हो रहा है।
डॉक्टर- शराब पीते हो?
राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना।

| बाजार | संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,748.42 | 22,055.70 |
| बढ़त | 104.99 | 32.35 |
| प्रतिशत में | 0.14 | 0.15 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1125 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11500-12500 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# तत्काल सहायता में क्षतिपूर्ति का फार्मूला फेल

## 2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों का कंपनियां नहीं कर पाईं आकलन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में 2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से नुकसान बीमित रबी की फसलों का क्लेम तो दूर कंपनियां तय समय पर आकलन नहीं कर पाईं हैं। जबकि किसानों ने टोलफ्री नंबर पर 72 घंटे के अंदर कॉल कर आठ हजार से अधिक व्यक्तिगत दावे किए थे, जो ''प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना'' की गाइडलाइन के अनुसार 15 दिन के अंदर सर्वे कर क्लेम तय करना है। लेकिन, इससे अधिक समय बीतने पर भी कंपनियों ने कृषि विभाग को किसी तरह की रिपोर्ट नहीं दी है।

गौरतलब है कि कंपनी ने कितने दावे आए और कितने निरस्त हुए

- निर्धारित समय बीता, क्लेम बचाने के गुणा-भाग में उलझे



यह भी नहीं बताया है। नियम में यह है कि आपदा की स्थिति में नुकसान पर 25 फीसद क्षतिपूर्ति राशि फार्मूला लगाकर तत्काल सहायता के रूप में 30 दिन में जाती है और शेष राशि फसल कटाई के दौरान।

**तो समय से कॉल करने पर देरी क्यों:** एक सीजन की फसल का बीमा कराने पर आपदा के समय व्यक्तिगत दावा और न होने पर अंत में क्रॉप कटिंग यानी कटाई पर क्लेम मिलता है। आपदा की स्थिति में जितना नुकसान उतने किसानों को उतनी क्षतिपूर्ति मिलती है। इसमें कंपनियों को नुकसान होता है। जबकि क्रॉप कटिंग में खेत चिह्नित कर कटाई में निकली उपज की तौल के आधार क्लेम तय होता है। इसी आधार पर आसपास के बीमित किसानों को भुगतान किया जाता है। जबकि इसमें किसानों को घाटा होता है।

### राजस्व की रिपोर्ट का करते रहे इंतजार

आपदा के समय राजस्व विभाग आर्थिक सहायता के लिए पूरे गांव का सर्वे करता है। जबकि बीमा कंपनी सिर्फ बीमित किसानों का। कहा जाता है कि एक-दूसरे में अंतर न आए इसलिए कंपनी राजस्व की रिपोर्ट का इंतजार करतीं हैं और क्लेम बचाती है। इधर, व्यक्तिगत दावों का निस्तारण नहीं हो पाया है और बुंदेलखंड व अन्य क्षेत्र में क्रॉप कटिंग होने लगी है। जहां, लेखपाल अधिक क्लेम के लिए ज्यादा नुकसान दर्शा रहे हैं। इसका मतलब यह है कि इस मामले में झोल ही झोल है।

कंपनियों ने सर्वे कर लिया है। लेकिन, रिपोर्ट नहीं दी है। इसके लिए 10 दिन का समय मांगा है। रिपोर्ट का परीक्षण भी करेंगे। यदि नुकसान हुआ है तो किसानों को पारदर्शिता से क्लेम मिलेगा।

**-उमा शंकर सिंह,** उपनिदेशक, फसल बीमा एवं सांख्यिकी, कृषि निदेशालय।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,000-50,250 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,750 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,600 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 65,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,500 |
| चांदी पक्की | 738 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 65,800 |
| चांदी आभूषण | 75,000। |

# चीनी का उत्पादन मामूली गिरावट के साथ 280.79 लाख टन रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का शुद्ध चीनी उत्पादन अक्टूबर, 2023 में शुरू हुए चालू विपणन वर्ष में 15 मार्च तक मामूली गिरावट के साथ 280.79 लाख टन रह गया है। सोमवार को जारी व्यापार आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है।

भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने बयान में कहा-मौजूदा 2023-24 सत्र में 15 मार्च, 2024 तक चीनी का उत्पादन 280.79 लाख टन पर पहुंच गया। पिछले साल इसी तारीख में यह आंकड़ा 282.60 लाख टन रहा था। इस साल 15 मार्च को चालू कारखानों की संख्या 371 थी, जबकि पिछले साल इसी दिन 325 मिलें परिचालन में थीं। उत्तर प्रदेश में समीक्षाधीन अवधि में चीनी का उत्पादन पूर्व के 79.63 लाख टन के मुकाबले 88.40 लाख टन हुआ। महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन 101.92 लाख टन से मामूली गिरावट के साथ 100.50 लाख टन रह गया, जबकि कर्नाटक में यह 53.50 लाख टन से घटकर 47.55 लाख टन रह गया है।

# सीतारमण ने साझेदारी पर एडीबी उपाध्यक्ष से की चर्चा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के उपाध्यक्ष (बाजार समाधान) भार्गव दासगुप्ता के साथ मुलाकात में विकास एजेंडा को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर इस मुलाकात की जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि दोनों ने विकास के एजेंडा को आगे बढ़ाने में भारत के साथ एडीबी की साझेदारी के तरीकों पर चर्चा की। कहा-भारत की वृद्धि में भाग लेने के लिए अन्य सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के संस्थानों को जोड़ने को लेकर चर्चा हुई।

# आईटी क्षेत्र में अगले वित्त वर्ष में 3 से 5% वृद्धि का अनुमान

**मुंबई।** भारत के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र के राजस्व में अगले वित्त वर्ष (2024-25) में तीन से पांच प्रतिशत तक वृद्धि होने की संभावना है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को यह अनुमान जताया। इसके साथ ही इक्रा रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि आईटी क्षेत्र में वृद्धि दर की रफ्तार बढ़ने तक भर्तियां निकट अवधि में 'सुस्त' बनी रहेंगी। हालांकि राजस्व वृद्धि पर चिंताओं के बीच कंपनियों की लाभप्रदता मजबूत रहने की उम्मीद जताई गई है। इसके मुताबिक, 250 अरब डॉलर के भारतीय आईटी क्षेत्र के लिए परिचालन लाभ मार्जिन वित्त वर्ष 2024-25 में 21-22 प्रतिशत के स्वस्थ स्तर पर आ जाएगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष (2023-24) के पहले नौ महीनों में उद्योग की राजस्व वृद्धि सिर्फ दो प्रतिशत रही है।

# बीमा क्षेत्र में आया 54,000 करोड़ रुपये का विदेशी निवेश : जोशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्तीय सेवा सचिव विवेक ने 9 साल के बारे में दी जानकारी



वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने कहा है कि विदेशी पूंजी के प्रवाह संबंधी मानदंडों को अधिक उदार बनाने से बीमा क्षेत्र में पिछले नौ साल में करीब 54,000 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है।

जोशी ने बातचीत में कहा कि सरकार ने बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा को 26 प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष 2015 में 49 प्रतिशत और फिर 2021 में संशोधित कर 74 प्रतिशत कर दिया था। उन्होंने कहा कि सरकार ने बीमा मध्यस्थ कंपनियों के लिए स्वीकृत एफडीआई सीमा को वर्ष 2019 में बढ़ाकर 100 प्रतिशत कर दिया था। उन्होंने कहा कि सरकार के इन कदमों से दिसंबर, 2014 से जनवरी, 2024 के बीच बीमा कंपनियों में कुल 53,900 करोड़ रुपये का एफडीआई प्राप्त हुआ। जोशी ने कहा कि इस अवधि में जनवरी, 2024 तक बीमा क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों की संख्या 53 से बढ़कर 70 हो गई। उन्होंने कहा कि बीमा उत्पादों की पहुंच वित्त वर्ष 2013-14 में 3.9 प्रतिशत थी, जो बढ़कर वित्त वर्ष 2022-23 में चार प्रतिशत हो गई। वहीं बीमा घनत्व 2013-14 के 52 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2022-23 में 92 डॉलर हो गया।

# स्टार्टअप नीति अंतर-मंत्रालयी चर्चा के अंतिम चरण में

नई दिल्ली, एजेंसी

- डीपीआईआईटी सचिव राजेश बोले-इसे जल्द लागू किया जाएगा



सघन प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के लिए नीति अंतर-मंत्रालयी चर्चा के अंतिम चरण में है और इसे जल्द ही लागू किया जाएगा। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने यहां स्टार्टअप महाकुंभ में कहा कि स्टार्टअप इकाइयों को देश और स्वयं के लाभ के लिए अपने नवोन्मेषण को बौद्धिक संपदा अधिकारों में बदलना चाहिए। व्यापक अनुसंधान एवं विकास के जरिए ऐसा किया जा सकता है।

सिंह ने कहा-भारत सरकार एक अलग सघन प्रौद्योगिकी स्टार्टअप नीति बना रही है। नीति का मसौदा अब अंतर-मंत्रालयी चर्चा के अंतिम चरण में है। हमें उम्मीद है कि इसे जल्द लाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हम एक बड़ा कोष बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उम्मीद है कि आप सघन प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के लिए अलग व्यवस्था देखेंगे। प्रधानमंत्री की विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद (पीएम-एसटीआईएसी) ने सात जुलाई, 2022 को अपनी 21वीं बैठक में इस संबंध में एक व्यापक नीतिगत ढांचे का प्रस्ताव दिया था और एक कार्यसमूह के गठन की सिफारिश की थी। राजेश सिंह ने कहा कि अंतरिम बजट में अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) के लिए एक लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा-हमें उम्मीद है कि डीपीआईआईटी कारोबार क्षेत्र और स्टार्टअप समुदाय के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभा सकता है।

## राष्ट्रीय

# शक्ति का हर उपासक देगा विपक्ष को जवाब: मोदी

## तेलंगाना की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर किया वार

शिवमोगा (तेलंगाना), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) पर हिंदू धर्म में समाहित 'शक्ति' के विनाश का ऐलान करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में नारी और शक्ति का हर उपासक उसे (विपक्ष को) इसका जवाब देगा। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ''कल मुंबई में इंडी गठबंधन की तरफ से एक खुला ऐलान किया गया है। वे लोग हिंदू धर्म में समाहित शक्ति को समाप्त करना चाहते हैं। हिंदू समाज जिन्हें शक्ति मानता है, उस शक्ति के विनाश का उन्होंने ऐलान कर दिया है। अगर शक्ति विनाश का उनका ऐलान है तो शक्ति उपासना का मेरा भी ऐलान है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के समापन के अवसर पर मुंबई के शिवाजी पार्क में आयोजित एक रैली में कहा था, ''हिंदू धर्म में शक्ति शब्द होता है। हम शक्ति से लड़ रहे हैं... एक शक्ति से लड़ रहे हैं। अब सवाल उठता है कि वह शक्ति क्या है?

शिवमोगा की रैली में मोदी ने कहा-मैं जब सार्वजनिक जीवन में आया... जब मैंने अपने समय का पल-पल और शरीर का कण-कण लोगों की सेवा के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया तो मुझे इसी शक्ति ने ऊर्जा दी। आज भी मैं शक्ति की उपासना करता हूं, देश के कोटि-कोटि लोग हिंदू धर्म की इस शक्ति के उपासक हैं। मेरे लिए देश की नारी शक्ति, इसी शक्ति का प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आरोप लगाया कि 'इंडी अलायंस' के लोग इस 'शक्ति' को 'कुचलना और तबाह' करना चाहते हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने कोयंबटूर में रोड शो किया



**कोयंबटूर।** प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को यहां रोड शो किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगातार 'मोदी, मोदी' के नारे लगाए और पारंपरिक संगीत की धुन बजाकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। जैसे ही मोदी ने एक खुले वाहन में अपना रोड शो शुरू किया, सड़क के दोनों ओर जमा हुए लोगों ने उन पर फूल बरसाए और उनके समर्थन में नारे लगाए। रोड शो के दौरान कुछ लोग उत्साहपूर्वक झूमते नजर आए। यह पहली बार है, जब प्रधानमंत्री ने कोयंबटूर में रोड शो किया है।

# मेडिकल की छात्रा ने प्रोफेसर पर यौन उत्पीड़न का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** मेडिकल की एक 22 वर्षीय छात्रा ने आरोप लगाया है कि मौखिक परीक्षा के दौरान उसके प्रोफेसर ने उसका यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। शिकायतकर्ता के मुताबिक वह एक सरकारी अस्पताल में 2021 बैच की एमबीबीएस छात्रा है। प्राथमिकी में कहा गया, औषधि शास्त्र विभाग में 31 जनवरी को हमारी मौखिक परीक्षा आयोजित की गई थी। दोपहर मुझे मौखिक परीक्षा के लिए औषधिशास्त्र के एक सहायक प्रोफेसर के सामने उपस्थित होना था। प्रोफेसर ने कुर्सी अपने नजदीक रखी हुई थी, जबकि विधार्थी शिक्षक के सामने वाली कुर्सी पर बैठते हैं। कहा कि प्रोफेसर ने उन्हें कुछ कागज दिए और वह अनुचित तथा अप्रासंगिक सवाल पूछे थे।

# बढ़ेंगी सरकारी विज्ञापनों की दरें

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- सूचना सचिव संतोष जाजू का अखबार मालिकों को आश्वासन
- रेट स्ट्रक्चर समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी

**अमृत विचार:** प्रिंट मीडिया के सरकारी विज्ञापनों की दरों में वृद्धि के संकेत मिले हैं। सोमवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संतोष जाजू एवं इंडियन न्यूजपेपर सोसायटी के अध्यक्ष राकेश शर्मा के बीच हुई वार्ता के बाद समाचार पत्र एवं मैगजीन जगत में उक्त आशय की उम्मीद जगी है।

प्रिंट मीडिया की विज्ञापन दरों में वृद्धि करने के लिए केंद्र सरकार ने अतिरिक्त सचिव जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में रेट स्ट्रक्चर समिति का गठन किया था। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। समिति ने प्रिंट मीडिया के छोटे-बड़े सभी घरानों के नुमाइंदों से अलग-अलग बात की थी, जिसमें ज्यादातर प्रकाशन समूहों ने आर्थिक तंगी का हवाला दिया था। जिसमें न्यूज़ प्रिंट के दामों में वृद्धि, बिजली की दरों में हो रही वृद्धि एवं वेतन व परिवहन में आने वाले अतिरिक्त आर्थिक बोझ की जानकारी दी गई थी।

अखबार एवं मैगजीन के ज्यादातर मालिक आईएनएस के मध्यम से विज्ञापन की वर्तमान दरों में कम से कम 25 प्रतिशत की वृद्धि किए जाने की मांग कर रहे हैं। उनका तर्क है कि 5 वर्ष में मुद्रण की लागत कई गुना बढ़ गई है। वेतन में भी वृद्धि हुई है और अखबारों के मूल्य में कोई वृद्धि नहीं की गई है और न ही विज्ञापन दरों में सरकार ने कोई वृद्धि की है। कोरोना के समय में प्रिंट मीडिया को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। जिसकी वजह से प्रिंट मीडिया के समक्ष कई तरह के आर्थिक संकट पैदा हो गए हैं। सरकार ने उक्त मांगों पर अध्ययन करने के लिए जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। जिसकी रिपोर्ट कई माह पूर्व सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को सौंप दी गई थी।

सूत्रों के मुताबिक उक्त रिपोर्ट में सरकारी विज्ञापन की दरें बढ़ाने की सिफारिश की गई है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई तो आईएनएस के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर से सिन्हा समिति की रिपोर्ट को लागू करने की मांग की थी। मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक सोमवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में सचिव संतोष जाजू एवं आईएनएस अध्यक्ष राकेश शर्मा के बीच एक बैठक हुई। इस वार्ता के दौरान शर्मा ने पांच पेज का एक मांग पत्र भी संतोष जाजू को दिया है।

## एक नजर

### राजस्थान के सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**जयपुर।** दिल्ली-अजमेर राजमार्ग पर सोमवार को सुबह एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार, यह हादसा सोमवार को सुबह चंदवाजी इलाके में हुआ जब एक कार राजमार्ग पर खड़े ट्रक से जा टकराई। कार में सवार लोग नागौर जिले से शाहपुरा जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि इस घटना में पवन कुमार, संजना देवी, कपूरी देवी और मोनिका की मौत हो गई।

### इनामी नक्सली दंपति ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में इनामी नक्सली दंपति ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सुकमा जिले के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों की किस्टाराम एरिया कमेटी की कृषि शाखा के अध्यक्ष सोड़ी सुक्का उर्फ सोड़ी कोसा (45) और उसकी पत्नी सोड़ी सुक्की (37) ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि नक्सली कोसा के सर पर पांच लाख रुपए और सुक्की के सिर पर दो लाख रुपए का इनाम घोषित है।

# हेलीकॉप्टर घोटाला मामले में बिचौलिए मिशेल जेम्स की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला मामले में एक कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की नई जमानत याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

सीबीआई और ईडी द्वारा 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टरों की खरीद से संबंधित 3,600 करोड़ रुपये के इस कथित घोटाले के मामलों में जांच की जा रही है। यह तर्क दिया गया कि जेम्स पर प्रत्यर्पण आदेश में उल्लिखित अपराधों के अलावा किसी अन्य अपराध के तहत आरोप नहीं लगाया जा सकता है और उसे विशेषज्ञता के सिद्धांत का लाभ दिया जाना चाहिए। आरोपी को दुबई से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद उसे दिसंबर 2018 में गिरफ्तार किया गया था।

# राजस्थान में साबरमती-आगरा कैंट एक्सप्रेस पटरी से उतरी

अजमेर, एजेंसी

- ट्रैक बाधित होने से कई ट्रेनें रद और कई का मार्ग बदला

राजस्थान में अजमेर रेल मण्डल में अजमेर एवं मदार रेलवे स्टेशनों के मध्य मदार होम सिगनल के पास साबरमती-आगरा कैंट सवारी रेलगाड़ी रविवार देर रात पटरी से उतर गई।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 12548, साबरमती-आगरा कैंट देर रात 01.04 बजे मदार में पटरी से उतर गई जिसमें उसका इंजन और चार जनरल कोच पटरी से उतर गए। हादसे में सभी यात्री सुरक्षित बच गए, किसी के हताहत एवं घायल होने की सूचना नहीं हैं। इससे इस मार्ग पर रेल यातायात प्रभावित होने से कई ट्रेनें रद करनी पड़ीं और कई का मार्ग परिवर्तित करना पड़ा। वहीं त्वरित कार्रवाई करते हुए रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारियों ने ट्रैक पर यातायात बहाल करने के लिए कार्य प्रारंभ किया और बाद में इस मार्ग पर रेल संचालन प्रारंभ कर दिया गया और गाड़ी संख्या 12548 को रवाना किया गया।अजमेर-मदार के मध्य ट्रैक बाधित होने के कारण रेल सेवाएं प्रभावित हुईं। कुछ गाड़ियों को रद कर दिया गया, जबकि कुछ का मार्ग परिवर्तित किया गया।

# विदेशी छात्रों पर हमले से संबंधित मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

अहमदाबाद, एजेंसी

- गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास में हुई थी घटना




गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास में नमाज पढ़ने को लेकर विदेशी छात्रों पर हुए हमले के सिलसिले में पुलिस ने कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि विश्वविद्यालय ने विदेशी छात्रों को दूसरी जगह स्थानांतरित करने और सुरक्षा के लिए पूर्व सैन्यकर्मियों की सेवाएं ली हैं। जांच और सभी हमलावरों की पहचान करने के लिए नौ टीम गठित करने वाली पुलिस ने हितेश मेवाड़ा और भरत पटेल की शुरुआती गिरफ्तारियों के बाद सोमवार को तीन और लोगों क्षितिज पांडे, जितेंद्र पटेल और साहिल दुधातिया को गिरफ्तार किया।


पुलिस ने कहा कि इसके साथ ही गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या पांच हो गई है, शेष आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। शनिवार को हुई इस घटना के बाद विश्वविद्यालय ने विदेशी छात्रों को एक नए विंग में स्थानांतरित कर दिया है और सुरक्षा के लिए पूर्व सैनिकों की सेवाएं ली हैं। इसके अलावा एक विदेशी छात्र सलाहकार समिति की स्थापना की गई है। गुजरात विश्वविद्यालय की कुलपति नीरजा गुप्ता ने विदेश अध्ययन कार्यक्रम के समन्वयक और एनआरआई छात्रावास वार्डन को तत्काल हटाने की घोषणा की। पुलिस उपायुक्त तरुण दुग्गल ने कहा कि हमले में शामिल शेष संदिग्धों की पहचान करने के लिए तकनीकी निगरानी और अन्य तरीकों का इस्तेमाल करते हुए गहन जांच की जा रही है। पुलिस ने दंगा, स्वेच्छा से नुकसान पहुंचाने और आपराधिक कृत्य समेत विभिन्न आरोपों में 20-25 अज्ञात हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार ए-ब्लॉक छात्रावास में विदेशी छात्रों के साथ हुई मारपीट की घटना के बाद श्रीलंका और ताजिकिस्तान के दो छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इन घटनाक्रमों के बीच गुजरात उच्च न्यायालय ने मामले में जांच एजेंसी के तौर पर हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए कहा कि हर मामला ऐसा नहीं होता कि उसमें जनहित याचिका दायर कर दी जाए।

# भाजपा कोर कमेटी में कानपुर से गैर ब्राह्मण उम्मीदवार पर चर्चा

नई दिल्ली, ब्यूरो



सतीश महाना।



अजय कपूर।

- उप्र विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना भी मांग रहे टिकट
- विधायक रहे अजय कपूर के नाम का भी हुआ है जिक्र

**अमृत विचार:** कानपुर संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार तय करने के लिए भाजपा कोर कमेटी में किसी गैर ब्राह्मण उम्मीदवार पर भी चर्चा की गई है। जिसमें हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए तीन बार के विधायक रहे अजय कपूर के नाम का जिक्र भी हुआ है। कांग्रेस ने यहां से आलोक मिश्रा एवं बसपा ने किसी क्षत्रिय उम्मीदवार को मैदान में उतारा है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना भी कानपुर से टिकट मांग रहे हैं। वह आठ बार से विधानसभा का चुनाव जीत रहे हैं। महाना को भाजपा ने 2009 में लोकसभा का टिकट दिया था लेकिन वे 17 हजार मतों से हार गए थे। उन्होंने कोर कमेटी के सदस्यों के पास 2009 में प्राप्त मतों का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया है। जिसके तहत उन्हें 1,96,000 से ज्यादा मत मिले थे और कांग्रेस के श्रीप्रकाश जायसवाल को करीब 2,14, 000 मत मिले थे। जबकि बहुजन समाज पार्टी से सुखदा मिश्रा को करीब 48000 मत मिले थे।

सूत्रों के मुताबिक महाना ने यह लेखा-जोखा इसलिए प्रस्तुत किया है क्योंकि 2009 के मुकाबले 2024 में भाजपा की स्थिति बहुत ज्यादा मजबूत हुई है। ब्राह्मण बाहुल्य कानपुर सीट से कांग्रेस ने आलोक मिश्रा का नाम लगभग तय कर दिया है। उसके बाद से ही महाना ने अपना दावा मजबूती से पेश किया है। कोर कमेटी को यह भी बताया गया है कि यदि महाना के स्थान पर कांग्रेस से आए अजय कपूर को टिकट मिलता है तो वह भी अच्छा चुनाव लड़ेंगे, क्योंकि कानपुर में पंजाबियों का ठीक-ठाक वोट बैंक है। वह किदवई नगर जैसे ब्राह्मण बाहुल्य विधानसभा क्षेत्र से विधायक भी चुने जा चुके हैं। महाना और अजय कपूर आपस में रिश्तेदार भी हैं। सूत्रों के मुताबिक कोर कमेटी के समक्ष कानपुर के सांसद सत्यदेव पचौरी ने अपनी बेटी एवं बैरिस्टर नरेंद्रजीत सिंह के परिवार की बहू नीतू सिंह को टिकट दिए जाने का दावा पेश किया है।

### भाजपा की तीसरी सूची आज जारी होने की संभावना

उत्तर प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र के उम्मीदवारों का नाम तय करने के लिए भाजपा कोर कमेटी की बैठक देर रात तक जारी रही। इस कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर मंगलवार को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी और उसी दिन शाम तक उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी होने की संभावना है। कोर कमेटी ने उत्तर प्रदेश के गैर विवादित संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवारों के नाम लगभग तय कर दिए हैं। लेकिन केंद्रीय चुनाव समिति ही इन नाम पर अंतिम फैसला लेगी। कोर कमेटी से प्राप्त नामों को अंतिम रूप देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संगठन महासचिव बीएल संतोष, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कर्नाटक के पूर्व मुख्य मंत्री बीएस येदुरप्पा, ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के लक्ष्मण, संसदीय बोर्ड के सदस्य डॉ. इकबाल सिंह लालपुरा व डॉ. सत्यनारायण जटिया, महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस एवं महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनाथी श्रीनिवासन सहित अन्य सदस्य मंगलवार को विचार-विमर्श करेंगे।

# इस सत्र में मैंने खुद पर विश्वास करना सीखा : मंधाना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

स्मृति मंधाना का आत्मविश्वास पिछले साल दबाव की स्थिति में डगमगा गया था, लेकिन इस सत्र में वह मानसिकता को मजबूत करने में सफल रही, जिससे वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को पहला खिताब जीतने में सफल रहीं। आरसीबी ने कम स्कोर वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) फाइनल में दिल्ली को तीन गेंद रहते 8 विकेट से हराकर दूसरे सत्र का खिताब जीता।

मंधाना ने कहा कि वह पिछले सत्र से अब तक कप्तान और खिलाड़ी के रूप में परिपक्व हुई हैं। इस सत्र में मैंने खुद पर विश्वास करना सीखा। पिछले साल मैं पिछड़ रही थी, जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा था। मुझे खुद पर कुछ चीजों को लेकर संदेह था, लेकिन वह मेरे दिमाग की वास्तविक बातचीत थी,



मुझे खुद पर भरोसा रखने की जरूरत है और मुझे लगता है कि यह मेरे लिए सबसे बड़ी सीख थी। दिल्ली ने शेफाली वर्मा (44) और कप्तान मेग लैनिंग (23) की मदद से 43 गेंद में बिना विकेट गंवाए 64 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की, लेकिन इसके बाद टीम ने महज 49 रन में सभी विकेट गंवा दिए। आसीबी ने तीन गेंद शेष रहते 8 विकेट से मैच को अपने नाम किया। मंधाना ने इस दौरान युवा स्पिनर श्रेयंका पाटिल की तारीफ की जिन्होंने फाइनल में 4 विकेट चटकाए। इस कप्तान ने कहा कि श्रेयंका बहुत शानदार रही हैं। पहले तीन चार मैच उनके अनुकूल नहीं रहे। वह क्षेत्रीय टूर्नामेंट खेल कर आई थी, जिसमें उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं था। मुझे उससे बातचीत याद है जब मैंने कहा था कि चिंता मत करो 17 मार्च को तुम खास करने जा रही हो, मुझे क्या पता था कि ऐसा होगा और उसे पर्पल कैप मिलेगी।

### दूसरे सत्र को जीतने वाली मैं दूसरी भारतीय कप्तान हूं

दूसरे सत्र में मंधाना ने ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि हरमनप्रीत कौर ने लीग के पहले सत्र में मुंबई को खिताब दिलाया था। मंधाना ने कहा कि पिछले साल जब मुंबई और दिल्ली फाइनल में खेल रहे थे, तो कहीं न कहीं मुझे उम्मीद थी कि हरमन इसे जीत लेगी। मैं खुद चाहती थी कि पहला सत्र कोई भारतीय कप्तान जीते। अगर मैं नहीं तो यह हरमनप्रीत को जीतना चाहिए। मैं हरमन और मुंबई की टीम के लिए वास्तव में खुश थी। मंधाना ने कहा कि टूर्नामेंट के दूसरे सत्र को जीतने वाली मैं दूसरी भारतीय कप्तान हूं। यह वास्तव में दिखाता है कि भारतीय क्रिकेट में कितनी प्रतिभा है और यह तो बस शुरुआत है, हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है। आरसीबी पुरुष टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने भी इस जीत के बाद वीडियो कॉल कर मंधाना और पूरी टीम को बधाई दी। मंधाना ने कहा कि कोहली क्या कह रहे थे, मुझे कुछ सुनाई नहीं दिया क्योंकि वहां बहुत ज्यादा शोर था। उन्होंने 'थम्स अप' किया और मैंने भी 'थम्स अप' के साथ जवाब दिया। वह वास्तव में बहुत खुश लग रहे थे और उनके चेहरे पर बड़ी मुस्कान थी। मंधाना ने कहा कि मुझे याद है कि वह पिछले साल आए थे और उन्होंने हमारी टीम के साथ बातचीत की थी।

# कुश्ती की तदर्थ समिति को आईओए ने किया भंग, डब्ल्यूएफआई ने लिया जिम्मा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निलंबन हटाने और उसे पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण मिलने के बाद कुश्ती की तदर्थ समिति को भंग कर दिया। आईओए ने कहा कि राष्ट्रीय महासंघ के निलंबन रद होने के बाद खेल के संचालन के लिए तदर्थ समिति की 'कोई जरूरत नहीं' है।

आईओए ने कहा कि तदर्थ समिति ने डब्ल्यूएफआई के सहयोग से अगले महीने के ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए चयन ट्रायल का सफल आयोजन किया है। खेल मंत्रालय ने दिसंबर में डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर तदर्थ समिति का गठन किया था। उनका यह दाव हालांकि उस समय उलटा पड़ गया जब इस खेल की वैश्विक संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू (यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग) ने फरवरी में डब्ल्यूएफआई से निलंबन हटा दिया। आईओए ने 10 मार्च को जारी आदेश में कहा था कि माननीय दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देश पर तदर्थ समिति को भंग करने का निर्णय डब्ल्यूडब्ल्यू द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगे प्रतिबंध को हटाने और आईओए द्वारा नियुक्त समिति द्वारा चयन ट्रायल के सफल समापन को देखते हुए लिया गया है।

डब्ल्यूएफआई प्रमुख संजय सिंह ने चुनाव में जीत दर्ज करने वाली समिति को राष्ट्रीय महासंघ के संचालन का जिम्मा देने के लिए आईओए का शुक्रिया किया। उन्होंने कहा कि हम डब्ल्यूएफआई का पूर्ण नियंत्रण देने के लिए आईओए को धन्यवाद देते हैं। हम पहलवानों को सुविधाएं देंगे। हम जल्द ही राष्ट्रीय शिविर आयोजित करेंगे और अगर पहलवान विदेश में अभ्यास करना चाहते हैं तो हम यह सुविधा देंगे। पूरा ध्यान ओलंपिक पर है। उम्मीद कर रहे हैं कि हमारे पांच-छह पहलवान क्वालिफाई करेंगे।

## खेल डायरी

### अल्कराज ने मेदवेदेव को हराकर खिताब का किया बचाव



**इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया), एजेंसी।** गत चैंपियन कार्लोस अल्कराज ने बीएनपी परिबास ओपन टेनिस के पुरुष एकल फाइनल में डेनियल मेदवेदेव को 7-6, 6-1 से हराकर पिछले साल विंबलडन चैंपियन बनने के बाद पहला खिताब जीता। अल्कराज यहां दाहिने टखने में चोट के साथ पहुंचे थे। उनके पूरे टूर्नामेंट में खेलने को लेकर संदेह था, लेकिन वह लगातार दूसरे साल चैंपियन बनने में सफल रहे। इगा स्वियातेक ने महिलाओं के फाइनल में मारिया सककारी को 6-4, 6-0 से शिकस्त दी। स्वियातेक ने इस 12 दिवसीय टूर्नामेंट के दौरान छह मैचों में केवल 21 गेम गंवाए। अल्काराज को फरवरी में रियो ओपन के दौरान चोट लगी थी। उन्होंने कहा कि मैं हर मैच के बाद बेहतर महसूस कर रहा था। मेरा आत्मविश्वास बढ़ता जा रहा था।

### एमबापे की हैट्रिक, पीएसजी ने मोंटपेलियर को रौंदा

**पेरिस, एजेंसी।** किलियन एमबापे की हैट्रिक की मदद से पेरिस सेंट-जर्मन (पीएसजी) ने लीग वन फुटबॉल में मोंटपेलियर को 6-2 से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही पीएसजी ने फ्रांस की शीर्ष लीग की तालिका में पहले स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत करते हुए ब्रेस्ट पर 12 अंक की बढ़त बना ली। एमबापे ने मैच के 22वें मिनट में अपना पहला गोल दागा। उन्होंने दूसरे हाफ में दो गोल किये जिससे पीएसजी के लिए उनके गोल की संख्या 250 हो गई। वह 24 गोल के साथ सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी है। वितिन्हा ने मैच में पीएसजी का खाता खोला जबकि ली कांग-इन और नूनो मेंडेस ने भी गोल किए।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय पुरुष टीम घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को छह अप्रैल से ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में शुरु होने वाले पांच मैचों के टूर्नामेंट के लिए 27 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा की। शीर्ष ड्रैगफ्लिकर और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। टीम की उप कप्तानी मिडफील्डर हार्दिक सिंह करेंगे। ओलंपिक के लिए टीम का एक लिटमस टेस्ट होगा। पीआर श्रीजेश, कृष्ण बी पाठक, सूरज करकेरा, हरमनप्रीत सिंह, अरजीत सिंह हुंदल, मनदीप सिंह, दिलप्रीत सिंह, गुरजंत सिंह, हार्दिक सिंह, आकाशदीप सिंह, जुगराज सिंह, विष्णुकांत सिंह, राज कुमार पाल, ललित कुमार उपाध्याय, विवेक सागर प्रसाद, बॉबी सिंह धामी, नीलकंठ शर्मा आदि टीम में हैं।

# रोहित मेरा मार्गदर्शन करना जारी रखेंगे: पंड्या

## मुंबई को पांच खिताब दिलाने वाले रोहित की जगह पंड्या को बनाया गया है कप्तान

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने कहा कि उनके पूर्ववर्ती रोहित शर्मा आईपीएल के इस सत्र में उनके मार्गदर्शक बने रहेंगे। दो सत्र में गुजरात टाइटन्स का नेतृत्व करने वाले पंड्या 2024 सत्र में मुंबई इंडियंस की अगुवाई करेंगे।

मुंबई इंडियंस ने पांच खिताब दिलाने रोहित को आश्चर्यजनक रूप से कप्तान पद से हटा कर पंड्या को यह जिम्मेदारी सौंपी है। पंड्या ने कहा कि इसमें पहले के मुकाबले कुछ अलग नहीं होगा। वह मेरी मदद के लिए मौजूद रहेंगे। वह भारतीय टीम के कप्तान है, यह मेरे लिए मददगार होगा क्योंकि इस टीम ने जो भी हासिल किया है वह उनकी कप्तानी में मिला है और मुझे बस इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह मेरे लिए अलग तरह की स्थिति होगी। यह अच्छा अहसास होगा क्योंकि हम 10 साल से एक साथ खेल रहे हैं। मैंने अपना पूरा करियर उनके नेतृत्व में खेला है। मुझे उम्मीद है कि वह मेरा समर्थन और मार्गदर्शन करना जारी रखेंगे। पंड्या ने इस बात को स्वीकार किया कि गुजरात टाइटन्स का साथ छोड़ने और मुंबई इंडियंस में रोहित की जगह कप्तान बनने पर प्रशंसकों के एक वर्ग ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा कि प्रशंसकों का वह विद्रोह..... हम प्रशंसकों का सम्मान करते हैं। इसके साथ ही हम खेल पर ध्यान केंद्रित करते हैं और जो आवश्यक है उस पर ध्यान देते हैं। मैं उन चीजों पर ध्यान देने की कोशिश करता हूं जो मेरे हाथ में है। प्रशंसकों के पास हर अधिकार है और मैं उनकी राय का सम्मान करता हूं। पंड्या ने कहा कि टीम का कप्तान नियुक्त होने के बाद वह रोहित से पिछले दो महीने से नहीं मिले है। वह सोमवार से शुरू होने वाले टीम के अभ्यास सत्र में पहली बार रोहित से मिलेंगे। उन्होंने रोहित से मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर कहा कि हां और ना। वह यात्रा कर रहे हैं और राष्ट्रीय टीम के लिए खेल रहे हैं। हम पेशेवर हैं। अभी दो महीने ही हुए हैं। आज हम अभ्यास मैच खेलेंगे, जब वह यहां आएंगे तो निश्चित तौर पर उनसे बातचीत होगी। यह अनुभवी हरफनमौला खिलाड़ी आईपीएल के साथ शीर्ष स्तर की क्रिकेट में वापसी करेगा। वह अक्टूबर में वनडे विश्व कप के दौरान टखने की चोट के कारण लगभग तीन महीने तक खेल से दूर रहे। उन्होंने कहा कि मेरे शरीर को लेकर कोई समस्या नहीं है, मैं सभी मैचों को खेलने की योजना बना रहा हूं। आईपीएल में मैंने वैसे भी ज्यादा मैच नहीं गंवाए हैं। मैं तकनीकी रूप से तीन महीने के लिए बाहर था।



### मुंबई की टीम में चोटिल बेहरेनडोर्फ की जगह वुड शामिल

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस ने ऑस्ट्रेलिया के चोटिल तेज गेंदबाज जेसन बेहरेनडोर्फ की जगह पर इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ल्यूक वुड को टीम में शामिल किया है। वुड 50 लाख रुपए पर मुंबई इंडियंस की टीम से जुड़ेंगे। वुड ने इंग्लैंड की तरफ से पांच टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच और दो वनडे खेले हैं। उनके नाम पर टी-20 में आठ विकेट दर्ज हैं।

### मुंबई को सूर्या की फिटनेस को लेकर बीसीसीआई से 'अपडेट' का इंतजार



**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने कहा कि उन्हें टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की फिटनेस को लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से 'अपडेट' का इंतजार है। सूर्यकुमार अभी हर्निया के ऑपरेशन से उबर रहे हैं तथा वह आईपीएल के शुरुआती मैचों से बाहर रह सकते हैं। हमें सूर्यकुमार की फिटनेस को लेकर बीसीसीआई से अपडेट का इंतजार है। हम हमेशा फिटनेस संबंधी समस्याओं से जूझते रहे हैं, लेकिन हमारे पास विश्वस्तरीय चिकित्सा दल है।



# विराट के साथ बल्लेबाजी करना अविश्वसनीय : फाफ डुप्लेसी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी का कहना है कि विराट कोहली टीम के प्रत्येक सदस्य को स्फूर्ति से भर देते हैं जो मैदान पर उनके प्रदर्शन का राज है। डुप्लेसी इस सुपरस्टार से काफी प्रभावित हैं क्योंकि दोनों की पसंद मिलती जुलती है। कोहली ने 2021 सत्र के अंत में कप्तानी से हटने का फैसला किया था जिसके बाद डुप्लेसी को टीम की जिम्मेदारी सौंपी गई।

उन्होंने कहा कि कोहली के साथ बल्लेबाजी का अनुभव अविश्वसनीय होता है। मैं जिनके साथ बल्लेबाजी करना पसंद करता हूं, वह उनमें शामिल है। वह क्रीज पर मुझे काफी ऊर्जा से भर देते हैं। पता नहीं मैदान पर कैच लपकते हुए वह इतनी ऊर्जा कैसे बरकरार रह पाता है। हम दोनों बहुत प्रतिस्पर्धी हैं और सुनिश्चित करते हैं कि हम टीम के लिए अच्छे कैच लपकें।



कोहली भले ही अब कप्तान नहीं हों, लेकिन उनकी सुझाव और क्षेत्ररक्षण की इकाई की ऊर्जा को बढ़ाने में उनकी भूमिका के डुप्लेसी मुरीद हैं। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने कहा कि मुझे लगता है कि वह क्षेत्ररक्षकों का सजाने में मेरे लिए महत्वपूर्ण रहता है।

### आरसीबी के अभ्यास शिविर से जुड़े विराट कोहली

विराट कोहली ने आईपीएल से पहले आरसीबी के अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। कोहली अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण देश से बाहर थे। वह रविवार को भारत पहुंचे थे। कोहली को चिन्नास्वामी स्टेडियम का चक्कर लगाते देखा गया। आरसीबी का पहला मैच शुक्रवार को चेन्नई में मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स से होगा।

# सरफराज, जुरेल को मिले केंद्रीय अनुबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के नए बल्लेबाजी सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के केंद्रीय अनुबंध के ग्रुप सी में 1 करोड़ रुपये की सालाना रिटेनरशिप फीस में शामिल किया गया। इन दोनों ने मौजूदा सत्र में तीन टेस्ट खेलने के मानदंड को पूरा किया है।

बीसीसीआई की हुई शीर्ष परिषद की बैठक में इन दोनों के नाम को मंजूरी दी गई। वहीं बीसीसीआई के अगले सत्र के लिए रणजी ट्राफी के कैलेंडर में बदलाव करने की संभावना है।



- **बीसीसीआई के अगले रणजी ट्राफी के कैलेंडर में बदलाव की संभावना**
- **दिसंबर-जनवरी में भारत के उत्तरी हिस्से में बोर्ड नहीं कराएगा मैच**

बीसीसीआई दिसंबर और जनवरी के महीने के दौरान भारत के उत्तरी हिस्से में किसी भी मैच का आयोजन नहीं करेगा क्योंकि धुंध और खराब रोशनी से मुकाबलों में काफी बाधा उत्पन्न होती है। पूरे घरेलू कैलेंडर की घोषणा बाद में की जाएगी, लेकिन बीसीसीआई शीर्ष परिषद ने 2024-25 के अस्थायी कार्यक्रम पर चर्चा की जो दिन की बैठक के आठ सूत्री एजेंडे में अहम हिस्सा था। बीसीसीआई के वरिष्ठ सूत्र ने बताया कि अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया, लेकिन रणजी ट्राफी पहले के वर्षों की तरह सैयद मुश्ताक अली ट्राफी के बाद अक्टूबर के मध्य या अंत से शुरू हो सकती है। कुछ राज्य खराब मौसम के कारण करो या मरो मैच में अहम अंक गंवा देते हैं।

# लक्ष्य सेन, सिंधू भारतीय चुनौतियों की करेंगे अगुवाई

**बासेल (स्विट्जरलैंड), एजेंसी**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू होने वाले स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में शानदार लय जारी रखना चाहेंगे तो वहीं पीवी सिंधू की कोशिश एक बार फिर से शिखर पर पहुंचने की होगी।

लक्ष्य ने साल के शुरुआत में मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया ओपन 750 में पहले दौर में हार के बाद शानदार वापसी की है। इस खिलाड़ी ने फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी 210,000 डॉलर (1.74 करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत मलेशियाई लियोंग जून हाओ के खिलाफ करेंगे। वह शुरुआती दौर की बाधा पार करने पर 2021 विश्व चैंपियन ली जी जिया से भिड़ सकते हैं। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत पहले दौर में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपे के वांग त्जु-वेई का मुकाबला करेंगे, जबकि युवा प्रियांशु राजावत हांगकांग के चौथी वरीयता प्राप्त ली चेउक यियू की चुनौती से निपटेंगे। सिंधू ने बाएं घुटने की चोट से उबरकर इस महीने की शुरुआत में फ्रेंच ओपन से वापसी की थी, जहां उनका सफर क्वार्टर तक चला था। वह हालांकि इसके बाद ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दूसरे दौर से बाहर हो गई थीं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का सामना ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप की तरह यहां भी पहले दौर में जर्मनी की वोन्ने लि से होगा। पिछले सप्ताह जर्मनी की इस खिलाड़ी ने चोट लगने से मैच को बीच में छोड़ दिया था। महिला एकल में आकर्षी कश्यप शुरुआत कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ करेंगी। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी मेइलिसा ट्रायस पुस्पिटासारी और राचेल एलेस्या रोज की जोड़ी के खिलाफ अभियान शुरू करेंगी। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का सामना अमेरिका की एनी जू और केरी जू से होगा।

### स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट




- **लक्ष्य ने मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया ओपन 750 में पहले दौर में हार के बाद की है शानदार वापसी**



# बॉलीवुड हलचल

## वरुण धवन ने फिर शुरू की 'बेबी जॉन' की शूटिंग



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने फिर से अपनी आने वाली फिल्म 'बेबी जॉन' की शूटिंग को शुरू कर दी है। वरुण धवन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर काफी चर्चा में बने हुए हैं। वरुण धवन ने कुछ दिनों पहले फिल्म की शूटिंग से किसी कारण से ब्रेक ले लिया था। अब उन्होंने फिर से 'बेबी जॉन' की शूटिंग को शुरू कर दी है। वरुण धवन ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'बेबी जॉन' के सेट से अपनी मस्कुलर बॉडी को फ्लॉन्ट करते हुए अपने चाहने वालों के लिए एक तस्वीर साझा की। तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने लिखा, काम पर वापसी, बेबी जॉन। 'बेबी जॉन' का निर्देशन ए कालीस्वरन कर रहे हैं। एटली इस फिल्म को जियो स्टूडियोज और सिने1 स्टूडियोज के साथ मिलकर प्रस्तुत कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण मुराद खेतानी, प्रिया एटली और ज्योति देशपांडे ने किया है। इस फिल्म में वरुण धवन के अलावा कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 31 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## नौ महीने के लीप के साथ काव्या का नया रूप



**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'काव्या – एक जज्बा एक जुनून' में नौ महीने के लीप के साथ दर्शकों को काव्या का नया रूप देखने को मिलेगा। शो में काव्या के बहनोई, ओमी की मौत के साथ शो में एक हाई पॉइंट देखा गया है। गिरिराज की सौतेली मां बड़ी अम्मा द्वारा संचालित एक साजिश में, एक दुर्घटना में ओमी की मौत हो जाती है जबकि काव्या कोमा में है, लेकिन प्रधान परिवार को लगता है कि काव्या ने अपनी बहन नव्या की मौत का बदला लेने के लिए ओमी को मार डाला। जब काव्या कोमा से बाहर आती है, तो उसे पता चलता है कि ओमी की मौत के लिए उस पर लगे हत्या के आरोप से उसे आईएएस के पद से निलंबित कर दिया गया है और उसका प्रिय आदि अब उससे नफरत करता है क्योंकि उसका मानना है कि उसने ओमी को मार डाला है। काव्या बनी सुम्बुल तौकीर खान ने कहा, अब तक, दर्शकों ने काव्या के जीवन के हर चरण के सफर को देखा है और वो कैसे सूझबूझ से हर स्थिति से निपटती है। 9 महीने के लीप के साथ, दर्शक काव्या का नया रूप देखेंगे जो पहले से ज्यादा बेबाक और ज्यादा साहसी है। जो कुछ भी उसका है उसे वापस पाने का उसका दृढ़ संकल्प उसे अजेय बना देगा! हर स्थिति आपको कुछ न कुछ सिखाती है, काव्या ने यह सब सहा है लेकिन उसने हमेशा सही काम किया है। आगामी एपिसोड में, दर्शक काव्या का सफर देखेंगे जहां वो आईएएस अधिकारी के रूप में बहाल होने के साथ-साथ आदि का प्यार और विश्वास हासिल करने का इरादा रखती है। शो हर सोमवार से शुक्रवार शाम 7:30 बजे प्रसारित होता है।

### सुपरस्टार सिंगर 3 को मिले टॉप 15 प्रतियोगी

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का बच्चों का देसी सिंगिंग रियलिटी शो, सुपरस्टार सिंगर 3 को टॉप 15 प्रतियोगी मिल गए हैं। सुपर जज, नेहा कक्कड़ और कप्तान – पवनदीप राजन, अरुणिता कांजीलाल, सायली कांबले, मोहम्मद दानिश और सलमान अली ने 15 बेमिसाल आवाज़ों को चुना है। इस वीकेंड ग्रैंड प्रीमियर में 'टॉप 15' का खुलासा होगा, जिन्हें हर कैप्टन की टीम में 3 प्रतियोगियों के साथ 5 टीमों में बांटा जाएगा। चंडीगढ़ की लाइसेल राय, नई दिल्ली की पीहू शर्मा, बेंगलुरु की देवानासरिया कूमुल्लिल, महाराष्ट्र के अथर्व बख्शी, पंजाब के आर्यन, प. बंगाल के शुभोदीप सूत्रधार, गुरुग्राम के निशांत गुप्ता, यूपी के क्षितिज सक्सेना और खुशी नागर, कोच्चि की वैष्णवी पणिक्कर, कोलकाता के राजदीप घोष, बेंगलुरु के अनिर्भव और दीया हेगड़े, कोच्चि की मिया महक और भुवनेश्वर के शांतनु मोहंती टॉप 15 में हैं। इस वीकेंड, सुपरस्टार सिंगर 3 के ग्रैंड प्रीमियर रात 8 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

## निरहुआ और आम्रपाली दुबे की फिल्म फसल 25 को होगी रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दुबे की फिल्म फसल 25 मार्च को रिलीज होगी। श्रेयस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी फसल के निर्माता प्रेम राय हैं और निर्देशक पराग पाटिल हैं। फिल्म के निर्माता प्रेम राय ने कहा कि यह फिल्म भोजपुरी के दर्शकों को होली का उपहार होगी। उन्होंने कहा, फिल्म फसल सिनेमा के साथ-साथ किसानों का प्रतिनिधित्व करती है। इसलिए भारतीय किसानों को समझने के लिए यह फिल्म जरूर देखें। क्योंकि यह हमारे अन्नदाता का सम्मान होगा। निरहुआ ने कहा कि फसल एक ऐसी फिल्म है जिसकी परिकल्पना कभी भोजपुरी में नहीं की गई है। इस फिल्म के किरदार को जीना मेरे बेहतरीन लम्हों में से एक है इसलिए मैं भोजपुरी के दर्शकों से आग्रह करुंगा कि वह जरूर इस फिल्म के देखें और अपना खूब सारा प्यार और आशीर्वाद दें। आम्रपाली दुबे ने कहा कि यह फिल्म न सिर्फ देश के किसानों के बीच जागरूकता लाएगी, बल्कि सरकारी तंत्र की आखें खोलेगी। वहीं देश की महिलाओं के लिए भी बहुत ही खूबसूरत संदेश देने की कोशिश की गई है कि एक पति के सुख-दुख की सहभागी होने के नाते पत्नी का क्या-क्या कर्त्तव्य हो सकता है। कहानी पराग पाटिल ने लिखी है, जबकि संवाद राकेश त्रिपाठी ने लिखा है। गीत अरविंद तिवारी, प्यारेलाल यादव, विमल बावरा एवं विजय चौहान हैं और संगीतकार ओम झा एवं आर्या शर्मा हैं। गायक आलोक कुमार, कल्पना पटवारी, नीलकमल सिंह, प्रिया सिंह राजपूत, ममता राउत एवं शिल्पी राज है। सह निर्माता सतीश आशवानी हैं। सिनेमेटोग्राफी साहिल जे अंसारी ने की है। एक्शन हीरा यादव का है। कोरियोग्राफर संजय कोर्बे एवं कानू मुखर्जी हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# अवैध निर्माणाधीन इमारत ढही, 9 की मौत

- कोलकाता में हुआ हादसा, 17 जख्मी, 18 घंटे बाद भी कई लोगों के फंसे होने की आशंका

कोलकाता, एजेंसी


हादसे के बाद मौके पर राहत के लिए जुटा बचाव दल।

कोलकाता के गार्डनरीच, मेटियाब्रुज इलाके में रविवार आधी रात को बड़ा हादसा हो गया, एक अवैध पांच मंजिला निर्माणाधीन इमारत ढह गई। मलबे में दबने से नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के 18 घंटे बाद भी कई लोगों के मलबे में फंसे हैं, बचाव कर्मियों ने मरने वालों की संख्या में वृद्धि की आशंका जताई है।


पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घटनास्थल का दौरा किया और लोगों को अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिया। वहीं भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने बताया कि मृतकों में शमा बेगम (44), हसीना खातून (55), मोहम्मद वसीक (19), रिजवान आलम (22), मोहम्मद इमरान (27) और अकबर अली (34) के तौर पर शिनाख्त हुई है। उन्हों ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि गार्डन रीच के घनी आबादी वाले अजहर मुल्ला लेन क्षेत्र में कम से कम 800 ऐसी अनधिकृत इमारतें हैं।

बता दें, घटना कोलकाता नगर निगम के वार्ड नंबर 134 में रात करीब 12 बजे घटी। राहत व बचाव कार्य में राष्ट्रीय आपदा मोचन बाल (एनडीआरएफ) को भी बुलाया गया है। दमकल कर्मियों, पुलिस व राज्य के आपदा प्रबंधन दल से लेकर एनडीआरएफ के कर्मी मलबा हटाने के कार्य में जुटे हैं, ताकि अंदर कोई फंसा न रहे। ममता ने पीड़ितों को आर्थिक एवं चिकित्सा सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने कहा- इमारत अवैध निर्माणाधीन थी। स्थानीय लोगों ने आरोप है कि ढही हुई इमारत भी अवैध रूप से बनाई जा रही थी।

# भारत में दो साल में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में निवेश घटा

**2021** में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में करीब 4,146 करोड़ रुपये का निवेश हुआ।

*देश में ऑनलाइन गेम्स का बाजार कोरोना महामारी के दौरान तेजी से बढ़ा। साल 2021 में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में करीब 4,146 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, लेकिन दो ही साल में इसमें 77 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई। पिछले साल 2023 में गेमिंग सेक्टर में सिर्फ 506 करोड़ रुपये का ही निवेश हुआ है। साफ है कि ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में कोरोना महामारी के दौरान आया उछाल लंबे समय नहीं टिक सका। 2021 के बाद अगले ही साल 2022 में इसमें 52.03 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। 2024 में इंडस्ट्री में करीब 1988 करोड़ रुपये का ही निवेश हुआ। (मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन की रिपोर्ट)*



### उपभोक्ताओं का खर्च भी घट रहा

गेमिंग इंडस्ट्री का ऐड पर ही नहीं, पिछले 5-6 तिमाही से उपभोक्ताओं का ऑनलाइन गेम्स पर खर्च भी लगातार कम हो रहा है। ऐसा नहीं है कि भारत में ऑनलाइन गेम्स के उपभोक्ता कम हो रहे हैं, लेकिन उनका खर्च कम हो रहा है। ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में लागों की पसंद बदली जा रही है।

### गेमिंग इंडस्ट्री का एड पर खर्च घटकर आधा



ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में निवेश घटने से ऐड बजट भी कम हुआ है। नतीजा प्रचार पर खर्च आधा रह गया है। जहां 2022 में गेमिंग इंडस्ट्री ने ऐड पर 12 फीसदी खर्च किया था, इस साल यह खर्च सिर्फ 6 फीसदी किया गया। रेडशीर की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री पर लगे 28 फीसदी जीएसटी की वजह से सेक्टर में निवेश और ऐड पर खर्च में कमी हुई है। बता दें ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में ग्रोथ की जबरदस्त संभावनाएं है। यह बढ़ती अर्थव्यवस्था में योगदान दे रही है, साथ डिजिटल एडॉप्शन के लिए भी लोगों प्रोत्साहित कर रही है।

### दुनिया में भी घटा निवेश

मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन की रिपोर्ट के मुताबिक, निवेशकों का क्रेज ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में नहीं दिख रहा है। 2023 में निवेशकों ने कोई उत्साह नहीं दिखाया और यह हाल सिर्फ भारत में ही नहीं था, बल्कि दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर में निवेश 2 साल पहले के मुकाबले घटा है। जबकि भारत में ऑनलाइन गेम्स बहुत ज्यादा लोकप्रिय हैं। बता दें, जीएसटी के रीविजन में यह स्पष्ट नहीं है कि ऑनलाइन गेमिंग कितना और कैसे जीएसटी लगेगा। इस वजह से अंतर्राष्ट्रीय निवेशक गेमिंग सेक्टर में वेट एंड वॉच की रणनीति अपना रहे हैं। इसी वजह से सेक्टर में अभी निवेश करने से बच रहे हैं।

## एक नजर

### शपथ दिलाने से इनकार पर सुप्रीम कोर्ट पहुंची तमिलनाडु सरकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) विधायक के. पोनमुडी को राज्य मंत्रिमंडल में शामिल करने के लिए राज्यपाल आरएन. रवि को निर्देश देने की मांग वाली तमिलनाडु सरकार की याचिका पर शीघ्र सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले को सूचीबद्ध करने की गुहार स्वीकार की। पोनमुडी आय से अधिक संपत्ति के एक मुकदमे में आरोपी हैं और सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को उनकी सजा पर रोक लगा दी थी। इस आदेश के बाद मुख्यमंत्री स्टालिन ने उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल करने की सिफारिश की, लेकिन राज्यपाल ने शपथ दिलाने से इनकार कर दिया था।

### भारत-अमेरिका की सेनाओं के बीच युद्धाभ्यास 'टाइगर ट्रायम्फ' शुरू

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका की सेनाओं के बीच पूर्वी समुद्र तट पर सोमवार से संयुक्त युद्धाभ्यास 'टाइगर ट्रायम्फ-2024' शुरू हो गया। 31 मार्च तक आयोजित होने वाले युद्धाभ्यास का उद्देश्य मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) अभियानों के लिए दोनों देशों की सेनाओं के बीच आपसी समझ बढ़ाना और त्वरित व सुचारू समन्वय के लिए जारी दिशा-निर्देशों को सही करना है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि टाइगर ट्रायम्फ-24 का हार्बर चरण पूरा होने पर जहाज सैनिकों के साथ समुद्री चरण के लिए रवाना होंगे। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि हेलीकॉप्टर और लैंडिंग क्राफ्ट के साथ भारतीय नौसेना के जहाज, नौसेना के विमान, भारतीय सेना के जवान व मेडिकल टीम और हेलीकाप्टर अभ्यास में भाग लेंगे।

### अंतरराज्यीय एटीएम डकैत मुस्ताक गिरफ्तार

**अलवर।** राजस्थान सहित अनेक राज्यों में एटीएम लूट और डकैती आदि के करीब आधा दर्जन से अधिक मामलों में आरोपी मुस्ताक उर्फ कन्नड़ मेव को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा द्वारा चलाए जा रहे वांछित आरोपियों की धर पकड़ अभियान के अंतर्गत मुस्ताक उर्फ कन्नड़ (26) को उसके गांव करोली जागीर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी थाना चंदवाजी जिला जयपुर ग्रामीण के 21 लाख रुपये कि एटीएम डकैती के प्रकरण में वांछित है।

### सख्ती देख तस्कर ने विमान में ही छोड़ा 2 किलो सोना, जांच जारी

**अमृतसर।** अमृतसर कस्टम (प्रिवेंटिव) टीम ने यात्री विमान में लावारिस दो किलो सोना जब्त किया है। श्री गुरु रामदास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मामला उस वक्त सामने आया जब दुबई से आई फ्लाइट में दो किलो सोने की खेप लावारिस हालत में मिली। फिलहाल अमृतसर कस्टम (प्रिवेंटिव) की टीम ने उसे जब्त करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस महीने में एयरपोर्ट और आईसीपी अटारी से सोने की बरामदगी की यह छठी घटना है। कस्टम प्रवक्ता के मुताबिक रविवार को दुबई से आई फ्लाइट एयर इंडिया एक्सप्रेस आईएक्स-198 आई। उन्होंने कहा-मामले की टीम जांच करेगी और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तीसरे विश्व युद्ध से एक कदम दूर रिकॉर्ड जीत के बाद पुतिन की चेतावनी

## पुतिन के 5वें कार्यकाल से चिंतित यूक्रेन, पश्चिमी देशों ने चुनाव की आलोचना की

मॉस्को, एजेंसी

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को पश्चिमी शक्तियों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि रूस-नाटो संघर्ष तीसरे विश्व युद्ध से महज 'एक कदम दूर' है। 1962 के क्यूबा मिसाइल संकट के बाद से रूस-यूक्रेन युद्ध ने पश्चिम के साथ मॉस्को के संबंधों में सबसे गंभीर तनाव पैदा कर दिया है।



मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पुतिन ने अक्सर परमाणु युद्ध के खतरों के संकेत दिए है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया है कि उन्होंने कभी भी यूक्रेन में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करना जरूरी नहीं समझा है। राष्ट्रपति चुनाव की जीत के बाद पुतिन ने पहले संबोधन में कहा कि भविष्य में रूस और नाटो के बीच सीधे टकराव से इनकार नहीं किया जा सकता, हालांकि, इसमें किसी की दिलचस्पी नहीं है। पुतिन ने कहा 'मुझे लगता है कि आधुनिक दुनिया में सब कुछ संभव है। लेकिन, यह पूर्ण पैमाने पर तीसरे विश्व युद्ध से एक कदम दूर होगा। मुझे लगता है कि इसकी संभावना नहीं है। 15-17 मार्च को होने वाले चुनाव से पहले यूक्रेन ने रूस के खिलाफ अपने हमले तेज कर दिए थे। कीव द्वारा सीमा क्षेत्र पर बड़ी संख्या में सैनिक भेजने पर पुतिन ने कहा कि यहां 'कहीं-कहीं 5 हजार तक लोग' मौजूद हैं।

### मिलकर काम करने के लिए तत्पर भारत-रूस

#### पीएम मोदी ने जीत पर दी बधाई



व्लादिमीर पुतिन के पांचवीं बार राष्ट्रपति चुने जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उन्हें बधाई दी है। पीएम मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए लिखा है व्लादिमीर पुतिन को रूसी संघ के राष्ट्रपति के रूप में एक बार फिर निर्वाचित होने के लिए हार्दिक बधाई। आने वाले वर्षों में भारत और रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।

**चुनाव वोटिंग**

| | |
|---|---|
| 1991 | 74.6% |
| 1996 | 69% |
| 2000 | 68.6% |
| 2004 | 64.3% |
| 2008 | 69.7% |
| 2012 | 65.2% |
| 2018 | 67.5% |
| 2024 | 73% |

### दुनिया के देशों ने पुतिन की जीत पर क्या कहा

रूस में संपन्न हुए चुनाव पर दुनियाभर की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। पश्चिमी देशों ने चुनावों की आलोचना की है। रूस के साथ युद्ध लड़ रहे यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि पुतिन हमेशा के लिए शासन करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'चुनाव की कोई वैधता नहीं है और न ही हो सकती है। अमेरिका ने चुनाव को लेकर कहा कि ये स्पष्ट रूप से न तो स्वतंत्र और न ही निष्पक्ष थे। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा, 'चुनाव स्पष्ट रूप से स्वतंत्र या निष्पक्ष नहीं हैं क्यों पुतिन ने राजनीतिक विरोधियों को कैसे कैद किया और दूसरों को उनके खिलाफ लड़ने से रोका।

## अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत इस वर्ष 6 ने दम तोड़ा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के बोस्टन में एक और भारतीय छात्र की मौत हो गई। हालांकि, शुरुआती जांच में साजिश से इनकार किया गया है। इस वर्ष अब तक अमेरिका में कम से कम छह भारतीय छात्रों की मौत हो चुकी है। अमेरिका में हमलों की संख्या में बढ़ोतरी से वहां पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों के माता-पिता चिंतित हैं।

न्यूयार्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पोस्ट में कहा कि बोस्टन में भारतीय छात्र अभिजीत पारूचुरू के निधन के खबर जानकर गहरा दुख हुआ। दूतावास ने बताया कि पारूचुरू के परिजन अमेरिका के कनेक्टिकट प्रांत में रहते हैं और जांच अधिकारियों से सीधे संपर्क में हैं। शुरुआती जांच में साजिश से इनकार किया गया है। उसने पार्थिव शरीर के दस्तावेजीकरण और भारत ले जाने में सहायता प्रदान की। इसके साथ ही वह मामले में स्थानीय अधिकारियों के साथ संपर्क में है। 20 वर्षीय पारूचुरू का अंतिम संस्कार उनके गृहनगर आंध्र प्रदेश के तेनाली में किया जा चुका है। अमेरिका की गैर लाभकारी संगठन 'टीम एड' ने छात्र के पार्थिव शरीर को भारत ले जाने में मदद की थी।

# पाकिस्तान की अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक, 8 लोगों की मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी



पाकिस्तान की एक सैन्य चौकी में दो दिन पहले हुए बम विस्फोट मामले में अब पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को जवाब दिया है। पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान में आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ठिकानों को निशाना बनाया है।

पाकिस्तान के दो सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को अफगानिस्तान में स्थित पाकिस्तान तालिबान संगठन के कई ठिकानों पर हवाई हमले किए गए हैं। हालांकि, पाकिस्तानी सेना की ओर से इस मामले में कोई बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन तालिबान सरकार ने अफगानिस्तान में किए गए हवाई हमलों की निंदा की है। वहीं, पाकिस्तानी तालिबान संगठन ने एक बयान जारी कर हवाई हमले की पुष्टि की है।

प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने एक बयान में कहा कि पक्तिका के बरमल जिले में पाकिस्तान के हवाई हमले में तीन महिलाएं और तीन बच्चे मारे गए, जबकि खोस्त प्रांत में हुए हमले में दो अन्य महिलाएं मारी गई हैं। बता दें कि दो दिन पहले उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में स्थित एक सैन्य चौकी आतंकी संगठन द्वारा निशाना बनाया गया था। एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरे ट्रक को उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में एक सैन्य चौकी में घुसा दिया था। इस हमले में सात सैनिकों की मौत हो गई थी।

### तालिबान की चेतावनी गंभीर परिणाम होंगे

अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज तालिबान के प्रवक्ता ने कहा, हमले में महिलाओं और बच्चों की जान गई है। चेतावनी दी कि ऐसे कृत्य के गंभीर परिणाम होंगे, जो पाकिस्तान के नियंत्रण में नहीं होंगे। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके सुरक्षा बलों ने भी पाकिस्तानी सैनिकों पर ताबड़तोड़ फायरगिं कर जवाब दिया है। पाकिस्तान के अफगान सीमा में घुसकर कार्रवाई करने से दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव बढ़ सकता है।

## नेपाली संसद के पूर्व अध्यक्ष सोना तस्करी में गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल की संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के पूर्व अध्यक्ष और सत्ताधारी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य कृष्ण बहादुर महरा को सोना तस्करी के मामले में सोमवार को गिरफ्तार किया गया। उन्हें काठमांडू लाया गया है।

पीएम पुष्प कमल दहल प्रचंड की अगुआई वाली नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी-सेंटर) के उपाध्यक्ष 65 वर्षीय महरा को कपिलवस्तु जिले के पकड़ी से गिरफ्तार किया गया। नेपाल पुलिस ने इसी मामले में पूर्व उपराष्ट्रपति नंद बहादुर पुन के बेटे दिपेश पुन को 15 मार्च को गिरफ्तार किया। दिपेश भी सत्ताधारी सीपीएन (माओवादी सेंटर) के छात्र संगठन का महासचिव है। गृह मंत्री ने को जांच रिपोर्ट लागू के लिए आदेश दिया था।

### भूमि के नीचे लैब...



**बीजिंग :** चीन गुआंग्डोंग प्रांत के काईपिंग शहर में जियांगमैन अंडरग्राउंड न्यूट्रिनो लैब (जूनो) बना रहा है। यह न्यूट्रिनो यानी एटम (परमाणु) के आकार से भी छोटे कणों का निरीक्षण करेगी। लैब जमीन से 700 मीटर नीचे 35 मीटर व्यास के गोल आकार वाले डिटेक्टर के रूप में बनाई जा रही है। यह इस साल के अंत तक बना जाएगी। यह दुनिया की पहली न्यूट्रिनो डेटा जुटाने वाली लैब भी होगी। वहीं जापान 2027 और अमेरिका की लैब 2031 में डेटा जुटाना शुरू करेगी।

## भारत की रसमलाई दुनियाभर में दूसरा सबसे स्वादिष्ट चीज डेजर्ट

**जागरेब।** दुनिया के सबसे स्वादिष्ट चीज डेजर्ट में भारत की रसमलाई ने अपनी जगह बनाई है। फूड एंड ट्रैवल गाइड प्लेटफॉर्म टेस्ट एटलस ने दुनिया के टॉप 10 चीज डेजर्ट की लिस्ट जारी की है। रसमलाई ने दूसरा स्थान हासिल किया।



वहीं इसमें सबसे ऊपर पोलैंड की सेर्निक मिठाई है, जो खास तरह के पनीर, अंडे और चीनी से बनती है। इसके अलावा तीसरे स्थान पर ग्रीस की सफाकियानोपिटा है, जो मलाईदार स्थानीय पनीर से भरी एक पाई डिश है। सेर्निक, पोलैंड, रस मलाई, भारत, सफाकियानोपिटा, ग्रीस, न्यूयॉर्क स्टाइल चीजकेक, यूएसए, जापानी चीजकेक, जापान आदि दस शामिल हैं।

# विधायकों को अयोग्य ठहराने के फैसले पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी



- हिमाचल प्रदेश विस के अध्यक्ष ने छह विधायकों को किया था अयोग्य घोषित

हिमाचल प्रदेश के बागी विधायकों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष के उस फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष ने बागी विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने बागी विधायकों को वोट देने और विधानसभा की कार्यवाही में शामिल होने की इजाजत भी नहीं दी है।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने दल-बदल विरोधी कानून के तहत कांग्रेस के छह विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। अयोग्य घोषित किए गए विधायकों ने पार्टी व्हिप के खिलाफ जाकर 27 फरवरी को हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान किया। जिन विधायकों को अयोग्य घोषित किया गया, उनमें सुधीर शर्मा, राजेंद्र राणा, देवेंद्र भुट्टो, रवि ठाकुर, इंद्रदत्त लखनपाल, चैतन्य शर्मा का नाम शामिल है। बागी विधायकों की क्रॉस वोटिंग के चलते 40 विधायकों वाली कांग्रेस को 25 सीटों वाली भाजपा के सामने राज्यसभा सीट गंवानी पड़ी थी। बागी विधायकों के खिलाफ विधायी मामलों के मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बागी विधायकों के खिलाफ याचिका दायर कर उन्हें अयोग्य घोषित करने की मांग की थी क्योंकि उन्होंने पार्टी के व्हिप का उल्लंघन किया। फैसले के के खिलाफ विधायक सुप्रीम कोर्ट पहुंचे, जहां से भी उन्हें निराशा हाथ लगी है।

# लद्दाख में तेजी पकड़ रहा विकास समीक्षा करने पहुंचे सेना के कमांडर




जम्मू,एजेंसी

सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एम.वी. सुचिंद्र कुमार ने सोमवार को लद्दाख के ऊंचाई वाले हिस्सों का दौरा किया, और विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। इन परियोजनाओं से लद्दाख में बलों की परिचालन क्षमताओं में वृद्धि होगी।

उत्तरी कमान ने कहा कि कमांडर ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अभियानगत प्रभावशीलता के मानकों को बनाए रखने में भारतीय सेना और आईटीबीपी के प्रयासों की सराहना की। उत्तरी कमान ने एक्स पर कहा, उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एम.वी. सुचिन्द्र कुमार ने परिचालन तैयारियों और सीमा के बुनियादी ढांचे के विकास की समीक्षा करने के लिए लद्दाख के अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। कुमार ने फरवरी में उत्तरी कमान के रूप में कार्यभार संभाला था।


विज्ञान — कल से होगा वसंत विषुव का आगाज, पृथ्वी का धुरी पर झुकाव वर्ष के समय में अंतर लाता है

# उत्तरी गोलार्ध में अब लंबे होने शुरू होंगे दिन

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** कंही दिन बड़े तो कंही की रातें। बुधवार से उत्तरी गोलार्ध में दिन लंबे होने जा रहे हैं और दक्षिणी गोलार्ध मे रातें । उत्तरी गोलार्ध में वसंत विषुव का आगाज 20 मार्च को होगा यानी दिन व रात की अवधि लगभग बराबर हो जाएगी।

पृथ्वी का अपनी धुरी पर झुकाव वर्ष के समय में अंतर लाता है। अब सूर्य उत्तरी गोलार्ध में आसमान के ऊपर से अपना सफर तय करेगा। इस वजह से उत्तरी गोलार्ध में वसंत के साथ गर्मी की शुरुआत होने जा रही है। वही दक्षिणी गोलार्ध में पतझड़ के साथ शरद ऋतु की शुरुआत होने जा रही है। भारतीय समय के अनुसार वसंत विषुव 20 मार्च को 8.36 बजे होगा



दिन - रात समय चक्र का चित्र।

यानी इस समय से सूर्य की किरणें उत्तरी गोलार्ध में अधिक पड़ने लगेंगी। इसका अर्थ उत्तरी गोलार्ध में दिन लंबे होने लगेंगे। इसके विपरित दक्षिणी गोलार्ध में राते लंबी होनी शुरू हो जाएंगी। यह दिन भले ही दक्षिण के लिए शरद व उत्तरी गोलार्ध में वसंत विषुव कहलाता हो, लेकिन वास्तव में यह मार्च विषुव है। यह एक ऐसा समय है, जब पृथ्वी के दोनो गोलार्द्धों में रात व दिन का समय लगभग बराबर हो जाता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम पृथ्वी पर कहां हैं, विषुव हमारे लिए मौसमी प्रभाव लाता है, जो दुनिया भर के प्रकृति प्रेमियों पर विशेष प्रभाव डालता है। अक्सर कहा जाता है कि आज वसंत विषुव को दिन और रात की लंबाई बराबर होती है। दरअसल इक्विनॉक्स शब्द लैटिन के एक्वस (बराबर) और नॉक्स (रात) से आया है। प्राचीनकाल में टाइम कीपिंग आज की तुलना में अधिक सटीक नही थी। जिस कारण कहा जाता था कि वसंत विषुव पर दिन और रात बराबर होते हैं। मगर वास्तविकता यह है कि ऐसा नहीं है, बल्कि दिन व रात की अवधि में क्षणिक मात्र का अंतर होता है।

### दक्षिणी गोलार्ध पर सीधी तो कभी तिरछी पड़ती है सूर्य की रोशनी

पृथ्वी सीधी परिक्रमा नहीं करती है और यह अपनी धुरी (अक्ष) पर 23.5 डिग्री झुकी हुई है। इसलिए पृथ्वी के उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध मे सूर्य की रोशनी कभी सीधी तो कभी तिरछी पड़ती है। जिस क्षेत्र में सीधी किरणे पड़ेंगी , वहां गर्मी होगी और इसके विपरीत दिशा में ठंड का मौसम होगा। वर्ष में दो बार विषुव होता है, जो मार्च व सितंबर में होता है।

# असम में तीन से पांच लाख लोग सीएए के तहत करेंगे आवेदन

गुवाहाटी, एजेंसी



- मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा- राज्य में बड़े पैमाने पर आवेदन होने की उम्मीद

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में करीब तीन-पांच लाख लोग सीएए के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करेंगे।

सीएम सरमा ने कहा कि राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के तहत 7 लाख मुसलमानों और 5 लाख हिंदू-बंगालियों को बाहर रखा गया है, जो सीएए के तहत देश में नागरिकता के लिए आवेदन करेंगे। सीएम ने कहा कि कई हिंदू-बंगाली अलग-अलग समय पर भारत आए थे और शरणार्थी शिविरों में रुके थे। उन्होंने कहा कि एनआरसी सूची को जब तैयार किया गया था तो 'प्रतीक हजेला' नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स के असम राज्य समन्वयक ने उनके शिविरों में रहने के प्रमाण के रूप में एक स्टाम्प पेपर को स्वीकार नहीं किया था, जिसके कारण कई हिंदू-बंगालियों के नाम एनआरसी में शामिल नहीं किए गए। सीएम सरमा ने दावा किया कि सीएए के तहत राज्य में आवेदन तीन से पांच लाख होंगे, जिसमें 10 प्रतिशत त्रुटि की संभावना होगी। उन्होंने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर आवेदन होने की उम्मीद नहीं है। सीएम ने कहा कि इतने लंबे समय तक राजनीति में रहने के बाद राज्य पर मेरी पकड़ काफी मजबूत हो गई है।